


दैनिक खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान

# अर्थ प्रकाश

पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित

सुबह वाणी



किसी का सुधार उपहास से नहीं, उसे नए सिरे से सोचने और बदलने का अवसर देने से ही होता है।

वर्ष 40 | चंडीगढ़, वीरवार, 15 मई, 2025 | ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष: तृतीया विक्रमी संवत-2082 | www.arthparkash.com | YouTube/Arth Parkash TV | अंक: 133 | मूल्य 2.00 रुपये | पृष्ठ: 12







पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड 12वीं का परिणाम

# बेटियों ने लहराया परचम, बरनाला की हरसीरत कौर टॉपर

अर्थ प्रकाश/ जिनेंद्र जैन

**मोहाली।** पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) ने 12वीं कक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इस बार भी बेटियों का ही परचम लहराया है। 12वीं में तीनों टॉपर लड़कियां रही। बरनाला की हरसीरत कौर ने 500 में से 500 नंबर लेकर टॉप किया है। हरसीरत बरनाला के सर्वहितकारी सीनियर सेकेंडरी विद्या मंदिर की छात्रा हैं। उनके पिता बरनाला में ही सरकारी स्कूल में टीचर हैं। फिरोजपुर के कस्सोआना की मनवीर कौर ने 500 में से 498 अंक (99.6 फीसदी) हासिल कर राज्य में दूसरा स्थान पाया है। वह एसएस मेमोरियल सीनियर पब्लिक स्कूल कस्सोआणा की छात्रा हैं। वहीं, मानसा के श्री तारा चंद विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल तीखी की छात्रा अर्श ने 500 में 498 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान पाया है। इस साल कुल 2,65,388 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी।



हरसीरत कौर 500/500 | मनवीर कौर 500/498 | अर्श 500/498

### 91 फीसदी स्टूडेंट्स पास

पंजाब में इस साल कुल 2,65,388 स्टूडेंट्स ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 2,41,506 पास हुए हैं। पास प्रतिशत 91.00 प्रतिशत रहा। लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया है। कुल 1,24,229 लड़कियों में से 1,17,175 ने परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं 1,41,156 लड़कों में से 1,24,328 लड़के पास हुए हैं। ट्रांसजेंडर श्रेणी में भी तीन में से तीन स्टूडेंट्स पास हुए हैं।

### डॉक्टर बनना चाहती हैं हरसीरत

हरसीरत ने कहा कि वह गायनी डॉक्टर बनना चाहती हैं। उन्होंने नीट की परीक्षा भी दे रखी है। उनके पिता का नाम सिमरदीप सिंह है, जो बरनाला में सरकारी स्कूल में टीचर हैं। वे वॉलीवॉल कोच हैं। जबकि उनकी मां अमनप्रीत कौर भी दानगढ़ सरकारी स्कूल में टीचर हैं। हरसीरत ने बताया कि दसवीं में उन्होंने 94 फीसदी अंक प्राप्त किए। इसके बाद उन्होंने चंडीगढ़ में भी कोचिंग ली। दिन में 12-12 घंटे पढ़ने के बाद आज वे 100 फीसदी अंक प्राप्त कर पाई हैं। इसके लिए उन्होंने बहुत मेहनत की है।

### प्राइवेट स्कूलों का पास प्रतिशत 92.47 फीसदी

स्कूलों की श्रेणी के अनुसार परिणाम में प्राइवेट स्कूलों ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। प्राइवेट स्कूलों का पास प्रतिशत 92.47 प्रतिशत रहा। सरकारी स्कूलों का पास प्रतिशत 91.01 प्रतिशत रहा, जबकि एडेड स्कूलों में यह केवल 86.86 प्रतिशत था, जो तीनों श्रेणियों में सबसे कम है।

### इस बार शिक्षा विभाग ने की थी सख्ती: बोर्ड चेयरमैन



बोर्ड के चेयरमैन ने कहा कि इस बार पिछले साल से दो प्रतिशत रिजल्ट कम है। क्योंकि इस बार शिक्षा विभाग द्वारा थोड़ी सख्ती बढ़ाई गई थी। आगे भी ऐसे की सख्ती जारी रहेगी, जिससे क्वालिटी ऑफ एजुकेशन अच्छी हो। इससे बच्चों को फायदा मिलेगा। मेरिट में कुल 26 बच्चे हैं, जिनके साथ उनके मार्क्स के मार्कस भी एड किए गए हैं।

न्यूज़ ब्रीफ

### न्यायमूर्ति गवई बने उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश

**नई दिल्ली (अप्रस)।** न्यायमूर्ति बी आर गवई ने बुधवार को यहां उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। वह इस वर्ष 23 नवंबर तक इस पद पर रहेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में उन्हें पद की शपथ दिलायी। उन्होंने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है जो कल मुख्य न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हो गये। शपथ ग्रहण समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे पी नड्डा, अर्जुन राम मेघवाल, निवर्तमान मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, शीर्ष अदालत के अन्य न्यायाधीश और कुछ पूर्व न्यायाधीश समेत कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति गवई की पत्नी, मां तथा परिवार के अन्य सदस्य मौजूद थे। शपथ ग्रहण करने के बाद सबसे पहले उन्होंने अपनी मां के पैर छुए। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति खन्ना ने अपने उत्तराधिकारी के तौर पर न्यायमूर्ति गवई को मुख्य न्यायाधीश बनाने की सरकार से सिफारिश की थी। न्यायमूर्ति गवई को 24 मई, 2019 को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया था। उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की सेवानिवृत्ति की आयु 65 साल है। न्यायमूर्ति गवई का मुख्य न्यायाधीश बनना शीर्ष अदालत के इतिहास में मील का पत्थर माना जा रहा है, क्योंकि वह पूर्व मुख्य न्यायाधीश के जी बालकृष्णन के बाद इस पद पर पहुंचने वाले अनुसूचित जाति समुदाय से दूसरे व्यक्ति हैं। न्यायमूर्ति गवाई जाने - माने राजनीतिज्ञ, प्रमुख अंबेडकरवादी, पूर्व सांसद एवं कई राज्यों के राज्यपाल रह चुके आर एस गवई के पुत्र हैं। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से बी.ए., एलएलबी करने के बाद 16 मार्च, 1985 से वकालत शुरू की थी।




पंजाब-हरियाणा जल विवाद

# हाईकोर्ट का केंद्र, हरियाणा और बीबीएमबी को नोटिस

20 मई तक मांगा जवाब

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** हरियाणा और पंजाब के बीच चल रहे जल विवाद के बीच पंजाब सरकार की ओर से दायर समीक्षा याचिका पर आज पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान हाईकोर्ट ने केंद्र सरकार, हरियाणा और बीबीएमबी को नोटिस जारी किया है। साथ ही अब इस मामले की अगली सुनवाई 20 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने पूछा कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी क्यों चाहिए, और इसके लिए अब बीबीएमबी और हरियाणा दोनों को स्पष्ट स्पष्टीकरण देना होगा। आम आदमी पार्टी ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि किसी को भी पंजाब का हक छीनने नहीं दिया जाएगा और पानी की लड़ाई हर मंच पर लड़ी जाएगी। पार्टी का कहना है कि हाईकोर्ट का यह फैसला पंजाब के जल अधिकारों के लिए एक निर्णायक मोड़ साबित होगा।

गौरतलब है कि बीबीएमबी द्वारा रातों-रात हरियाणा को पंजाब सरकार की मंजूरी के बिना पानी देने की कोशिश की गई थी। इसके बाद पंजाब सरकार ने इस मुद्दे पर अदालत में पुनर्विचार याचिका दाखिल की थी, जिस पर आज सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से जवाब मांगा है।








## पानी के मुद्दे पर हाईकोर्ट का फैसला राज्य के लिए नैतिक जीत: सीएम भगवंत मान

**लुधियाना, 14 मई (अप्रस)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा पानी जारी करने के चल रहे मामले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का फैसला राज्य के लिए नैतिक जीत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत ने 20 मई को सभी हितधारकों से जवाब मांगा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा वर्ष में हरियाणा अपने हिस्से का पानी पहले ही इस्तेमाल कर चुका है और अब 21 मई से अपने हिस्से का पानी हासिल करने के योग्य होगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अदालती फैसला राज्य के लिए बड़ी जीत है क्योंकि केंद्र और हरियाणा सरकारों तथा बीबीएमबी द्वारा हर हथकंडा अपनाने के बावजूद हम अपने हिस्से के पानी की रक्षा करने में समर्थ हुए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पंजाब के पास किसी अन्य राज्य को देने के लिए एक बूंद भी अतिरिक्त पानी नहीं है और उनकी सरकार ने राज्य के पानी पर डटकर पहरा दिया जबकि हरियाणा हमारा पानी चुराना चाहता था। इस दौरान भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब के पास अतिरिक्त पानी है और किसी अन्य राज्य के साथ एक बूंद भी अतिरिक्त पानी साझा नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के नदी स्रोत पहले ही सूख चुके हैं जिस कारण सिंचाई जरूरतों के लिए राज्य को अतिरिक्त पानी की जरूरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पानी के मुद्दे पर राजनीतिक और कानूनी लड़ाई लड़ी है और आखिरकार सच की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि केंद्र और हरियाणा सरकारों तथा बीबीएमबी यह बात भूल गए कि यदि पंजाब देश की सीमाओं की रक्षा कर सकता है तो अपने पानी की भी रक्षा कर सकता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य अपने हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

सीडीएस समेत तीनों सेना प्रमुखों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

## मुर्मु ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में सेनाओं की वीरता को सराहा



अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सीमापार से संचालित आतंकवाद के खिलाफ चलाये गये 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारतीय सेनाओं की वीरता, समर्पण और सफलता की सराहना की है। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुखों ने बुधवार को यहां एक साथ द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर उन्हें 'ऑपरेशन सिंदूर' के विषय में जानकारी दी। राष्ट्रपति तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर हैं। जनरल चौहान के साथ थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के खिलाफ की गयी कार्रवाई की जानकारी दी।

राष्ट्रपति भवन ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया 'एक्स' पर दी और कहा कि इन शीर्ष सैन्य अधिकारियों ने राष्ट्रपति को ऑपरेशन सिंदूर के बारे में बताया। पोस्ट में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मु ने अपने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की सराहना की, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत के जवाब को शानदार सफलता बना दिया। पहलगाम में पाकिस्तान की शह पर आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की चुन-चुन कर हत्या किए जाने के जवाब में भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ छह-सात मई की दरमियानी रात में कार्रवाई शुरू की थी, जिसमें 100 से अधिक दुर्दांत आतंकवादियों का सफाया कर दिया गया।

## जेएनयू ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी से तोड़ा करार

अर्थ प्रकाश नेटवर्क



**नई दिल्ली।** जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार (एमओ) खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा है कि हम देश के साथ खड़े हैं। इस बीच, भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है। इसमें सेब की बड़ी मात्रा शामिल है। दरअसल, केंद्रीय विश्वविद्यालय ने तुर्किये के एक विश्वविद्यालय के साथ तीन साल की अवधि के लिए किए गए समझौता ज्ञापन को स्थगित कर दिया है।

जेएनयू की ओर से ऐसा करने की पीछे की वजह सुरक्षा कारणों को बताया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी आधिकारिक बयान में लिखा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से जेएनयू और इनोनू विश्वविद्यालय, तुर्किये के बीच समझौता ज्ञापन को अगली सूचना तक निलंबित कर दिया गया है।

## पाकिस्तान ने बीएसएफ जवान को 20 दिन बाद छोड़ा

डीजीएमओ लेवल की बातचीत के बाद रिहाई

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**अमृतसर।** पाकिस्तान ने भारत के बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ को छोड़ दिया है। कॉन्स्टेबल पूर्णम बुधवार सुबह साढ़े 10 बजे अटारी-वाघा बॉर्डर से भारत लौट आए। डीजीएमओ लेवल पर बातचीत के बाद उन्हें 20 दिनों के बाद छोड़ा गया है। उन्हें मेडिकल जांच के लिए ले जाया गया है। पूछताछ के बाद उन्हें घर जाने दिया जाएगा। बीएसएफ ने प्रेस रिलीज के जरिए कॉन्स्टेबल पूर्णम के भारत लौटने की जानकारी दी है। इसमें बताया कि पूर्णम शॉ 23 अप्रैल को फिरोजपुर सेक्टर में ऑपरेशनल ड्यूटी के दौरान गलती से पाकिस्तान चले गए थे। इसके बाद उन्हें पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया था। बता दें कि पहलगाम में 22 अप्रैल को आतंकी हमले के अगले दिन पाकिस्तान रेंजर्स ने बीएसएफ जवान पूर्णम कुमार शॉ की दो फोटो जारी की थीं। पहली फोटो में पूर्णम पेड़ के नीचे खड़े थे। उनकी राइफल, पानी की बोतल, बैग जमीन पर पड़ा था। दूसरी फोटो में जवान की आंखों पर पट्टी बंधी थी।






हौसला अफजाई | आर्ट, कॉमर्स और विज्ञान संकाय के टॉपर को मुख्यमंत्री ने दी बधाई

# सीएम सैनी ने शिक्षा बोर्ड के टॉपर्स से बात कर बढ़ाया हौसला

**कहा- ये होनहार विद्यार्थी पूरे हरियाणा के लिए गौरव का विषय हैं और युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने वाले आदर्श बनकर उभरे हैं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की कक्षा 12वीं की परीक्षा के टॉपर्स से टेलीफोन पर बातचीत कर उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये होनहार विद्यार्थी पूरे हरियाणा के लिए गौरव का विषय हैं और युवा पीढ़ी को प्रेरणा देने वाले आदर्श बनकर उभरे हैं।



मुख्यमंत्री ने कॉमर्स संकाय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कैथल जिले के अर्पण दीप सिंह, आर्ट्स संकाय की टॉपर जींद की सरोज और विज्ञान संकाय के टॉपर भिवानी के नमन से व्यक्तिगत रूप से बात की। उन्होंने तीनों विद्यार्थियों की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि ये सफलता उनके आत्मविश्वास, परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा के विद्यार्थी देशभर में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है। सरकार प्रतिभाशाली छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग दे रही है और आगे भी देती रहेगी। जो विद्यार्थी आज उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, वे कल समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाएँगे।

नायब सिंह सैनी ने विद्यार्थियों के माता-पिता और शिक्षकों को भी बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की इस सफलता में उनका समर्पण और प्रोत्साहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे इसी तरह कड़ी मेहनत जारी रखें और देश के विकास में अपना योगदान दें।

# पानी के मसले पर बीबीएमबी और हरियाणा को हाईकोर्ट के नोटिस का 'आप' मंत्रियों ने किया स्वागत

## आप मंत्रियों ने कहा - पंजाब का पानी और प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के लिए आप सरकार प्रतिबद्ध, राज्य के अधिकारों से कोई समझौता नहीं

भाजपा और बीबीएमबी की दादागिरी अब बंद, मुख्यमंत्री मान के नेतृत्व में पंजाब के हकों पर डाका डालना मुश्किल नहीं नामुमकिन है: अमन अरोड़ा










अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** हरियाणा को अतिरिक्त पानी देने के मसले पर हाईकोर्ट द्वारा पंजाब के पक्ष में टिप्पणी करने का आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं और कैबिनेट मंत्रियों ने तारीफ की और कोर्ट का शुक्रिया अदा किया।

आप नेताओं और मंत्रियों ने अपने ट्विटर (एक्स) अकाउंट पर ''पंजाब दा पानी पंजाब दा हक' हैसटैग के साथ हाईकोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया दी और पंजाब के पानी व प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के प्रति आप सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।

आम आदमी पार्टी पंजाब के प्रधान और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने ट्वीट कर कहा, 'भाजपा और बीबीएमबी की दादागिरी बंद हो गई है। हाईकोर्ट ने बीबीएमबी से स्पष्ट पूछा है कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी की जरूरत क्यों है इसका जवाब दें।

अरोड़ा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब के हकों पर डाका डालना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन है। पंजाब के अधिकारों की रक्षा के लिए हमारे मुख्यमंत्री साहब स्वयं आगे रहते हैं।

**कुलदीप धालीवाल:** 'पंजाब के हक की आवाज हाईकोर्ट ने सुनी और हरियाणा एवं बीबीएमबी पर सवाल उठाए। पंजाब के हकों के लिए मान सरकार की लड़ाई इसी तरह आगे भी जारी रहेगी। हम किसी भी कीमत पर पंजाब का हक नहीं छीनने देंगे।'

**बलजीत कौर:** 'अंततः सत्य की जीत हुई! पंजाब के हकों की अब और लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माननीय उच्च न्यायालय ने पानी पर पंजाब को न्याय दिया है तथा बीबीएमबी से जवाब मांगा है। केंद्र की भाजपा सरकार की धौंस पंजाब में नहीं चलेगी।'

**हरभजन सिंह ईटीओ:** 'माननीय उच्च न्यायालय ने पंजाब के पानी को लेकर हमारे मुख्यमंत्री साहब के दावों को सही ठहराते हुए हरियाणा व बीबीएमबी से जवाब मांगा कि हरियाणा को अतिरिक्त पानी की आवश्यकता क्यों है? यह फैसला पूरी तरह पंजाब के पक्ष में है। पंजाब के अधिकारों के लिए हमारी लड़ाई आगे भी इसी तरह जारी रहेगी!'

**लालजीत भुल्लर:** 'पंजाब के हक की आवाज एक बार फिर बुलंद हुई है! हाईकोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। अब हरियाणा सरकार और बीबीएमबी को जवाब देना होगा कि उन्हें अतिरिक्त पानी की जरूरत क्यों? हम किसी को भी पंजाब के हक का पानी लूटने नहीं देंगे।'

**डॉ. रवजोत:** 'सत्य और ईमानदारी की जीत हुई है! उच्च न्यायालय द्वारा पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा व बीबीएमबी से स्पष्टीकरण मांगने से पंजाब का पक्ष मजबूत हुआ है। यह आम लोगों और उनकी चुनी हुई सरकार की जीत है। आप सरकार पंजाब के पानी की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है!'

**मोहिंदर भगत:** 'यह सत्य और अधिकार की जीत है! माननीय उच्च न्यायालय का धन्यवाद कि उन्होंने पंजाब की आवाज सुनी। पंजाब के अधिकारों पर भाजपा का अत्याचार अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मान सरकार पंजाब के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।'

**वरिंदर गोयल:** 'यह सत्य और ईमानदारी की जीत है! उच्च न्यायालय ने पंजाब सरकार की याचिका पर सुनवाई करते हुए हरियाणा और बीबीएमबी को आईना दिखाया है। यह पंजाब के तीन करोड़ लोगों की जीत है।'

**हरदीप सिंह मुंडियां:** 'हाईकोर्ट की टिप्पणी से यह स्पष्ट हो गया है कि पंजाब का अधिकार अब सुरक्षित हैं। उच्च न्यायालय ने जल मुद्दे पर हमारी अपनी सुनी और बीबीएमबी व हरियाणा से जवाब मांगा। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।'

---

आप सरकार के प्रयासों से लुधियाना में विकास ने पकड़ी रफ्तार, मुख्यमंत्री मान की 13 करोड़ रुपये के बड़े शहरी प्रोजेक्टों की सौगात

# मुख्यमंत्री ने खेल मैदान, आधुनिक सुविधाओं वाले ऑडिटोरियम व पुल का किया उद्घाटन

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन

**लुधियाना, 14 मई।** लुधियाना के सर्वांगीण विकास को बड़ा प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को विभिन्न विकास प्रोजेक्ट लोगों को समर्पित करके लुधियाना वासियों को 13 करोड़ रुपये का तोहफा दिया।

यह प्रोजेक्ट पंजाब की तस्वीर बदलने के लिए राज्य सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और इन विकास कार्यों के लिए फंडों की कोई कमी नहीं है। मुख्यमंत्री द्वारा स्वयं की जा रही निरंतर निगरानी के कारण आम आदमी की सुविधा और शहर में विकास की गति को तेज करने के उद्देश्य से यह प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो गए हैं। इन प्रोजेक्टों को बहुत ही सुचारू ढंग से योजनाबद्ध और निर्विघ्न ढंग से लागू किया गया है क्योंकि शहर वासियों को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करना समय की आवश्यकता थी।

खेलों के बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाकर राज्य में खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्यमंत्री ने सलेम टाबरी इलाके में 5187.50 वर्ग फुट के कुल कवर्ड एरिया वाला



एक अत्याधुनिक खेल मैदान लोगों को समर्पित किया। खेल मैदान को अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे से लैस किया गया है और इसका उपयोग क्रिकेट/बास्केटबॉल/हैंडबॉल/बैडमिंटन जैसे खेल खेलने के लिए किया जा सकता है। यह स्टेडियम कैमरा रिकॉर्डिंग और फ्लड लाइटों की सुविधाओं से लैस है। यह मैदान 26 लाख रुपये की लागत से बनाया गया है जो नौजवानों की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में बदलने में सहायक होगा।

इसी तरह मुख्यमंत्री ने जालंधर बाईपास चौक के पास डॉ. अंबेडकर भवन-कम-प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र में नया बना ऑडिटोरियम भी समर्पित किया। यह अत्याधुनिक ऑडिटोरियम 4.30 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है जो शहर वासियों को अपने कार्यक्रम करवाने के लिए बड़ी सुविधा प्रदान करेगा। ऑडिटोरियम में स्लाइडिंग कुर्सियां, ए.सी., साउंड सिस्टम और साउंड प्रूफिंग, मोटराइज्ड पर्दे, प्रोजेक्टर, स्क्रीन, फॉल्स सीलिंग और अन्य बहुत सारी अत्याधुनिक सुविधाएं हैं।

इस दौरान यात्रियों को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री ने लुधियाना के चांद सिनेमा के पास बुड्ढा नाले पर हाई-लेवल पुल (72.40 मीटर) भी समर्पित किया। इसी तरह 8.16 करोड़ रुपये की लागत से बना यह पुल औद्योगिक शहर में यातायात को सुगम बनाने में मुख्य भूमिका निभाएगा और लोगों को अपेक्षित सहायता प्रदान करेगा। यह पुल जालंधर बाईपास और अन्य हिस्सों से शहर आने वाले निवासियों को पहुंच प्रदान करेगा।

### बिट्टू अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए रोजाना उगलता है मेरे खिलाफ जहर: मान

केंद्रीय राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू की निंदा करते हुए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को कहा कि यह नकार दिया गया नेता अपने राजनीतिक आकाओं को खुश करने के लिए हमारे खिलाफ जहर उगलता है। जन सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने बिट्टू को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भले ही केंद्रीय मंत्री लुधियाना से हैं, लेकिन उन्होंने शहर के विकास के लिए कुछ भी महत्वपूर्ण नहीं किया। उन्होंने कहा कि बिट्टू सुबह उठता है और उसी पल से अपनी पार्टी के नेताओं को खुश करने के लिए उनकी आलोचना शुरू कर देता है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह नकार दिए गए नेता जो बड़े महलों में रह चुके हैं और लोगों की पहुंच से बाहर हैं, जिसके कारण उन्हें जनता ने सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

### हमने आम जनता को परेशानी से बचाने के लिए भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम कसी: मुख्यमंत्री

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम कसकर राज्य सरकार ने आम लोगों को हो रही अनावश्यक परेशानी और असुविधा को रोका है। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने उन राजस्व अधिकारियों पर व्यंग्य कसा, जो सामूहिक छुट्टियों या हड़तालों के बहाने आम आदमी को तंग करते थे। उन्होंने कहा कि अपने पापों के लिए पुलिस कार्रवाई का सामना कर रहे भ्रष्ट अधिकारियों के आगे राज्य सरकार नहीं झुकी। उन्होंने कहा कि 'आप' सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध बिल्कुल भी रियायत न बरतने की नीति रखती है, लेकिन विडंबना यह है कि सामूहिक छुट्टियों पर जाकर ये अधिकारी भ्रष्टाचार का लाइसेंस मांग रहे हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस ब्लैकमेलिंग को बर्दाश्त नहीं किया गया और इन भ्रष्ट और अहंकारी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों के दबाव के हथकंडों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया गया और उनके विरुद्ध मिसाल कायम करने वाली कार्रवाई की गई है। भगवंत सिंह मान ने स्पष्ट रूप से कहा कि ये अधिकारी रोजाना आम आदमी को परेशान करते हैं, लेकिन अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सरकार उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है।

### बुड्ढा नाले को प्रदूषण मुक्त करने की घोषणा

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को कहा कि राज्य सरकार ने पंजाब को तेज आर्थिक विकास के पथ पर लाने के लिए कई जन-समर्थक और विकास-उन्मुख नीतियां शुरू करके इतिहास रचा है। यहां 13 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट लोगों को समर्पित करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि ये प्रोजेक्ट इनके निर्माण में शामिल अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही सुनिश्चित करके शुरू किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ये प्रोजेक्ट एक तरफ बड़े जनहित और दूसरी तरफ राज्य के चल रहे विकास को बढ़ावा देने को ध्यान में रखते हुए बनाए गए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि ऐसे विकास कार्यों के लिए फंडों की कोई कमी नहीं है और आने वाले दिनों में ऐसे और प्रोजेक्ट जनता को समर्पित किए जाएंगे। बुड्ढा नाले को पूरी तरह प्रदूषण मुक्त करने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने इस नेक कार्य के लिए पहले ही काम शुरू कर दिया है। गुरबानी में से 'पवणु गुरु, पाणी पिता, माता धरति महतु' का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि महान गुरुओं ने हवा को गुरु, पानी को पिता और धरती को मां के बराबर रखा है।

---

# शिक्षा मंत्री बैंस ने बारहवीं कक्षा की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन के लिए विद्यार्थियों को दी बधाई

## 91 प्रतिशत विद्यार्थी पास, लड़कियों का प्रदर्शन रहा बेहतरीन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 मई।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स हरजोत सिंह बैंस ने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड (पीएसईबी) द्वारा आज घोषित बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के शानदार नतीजों के लिए विद्यार्थियों को बधाई दी और बेहतरीन शैक्षणिक प्रदर्शन के प्रति विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, लगन और प्रतिबद्धता की सराहना की। शिक्षा मंत्री ने बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाली लड़कियों को बधाई देते हुए बताया कि सर्वहितकारी सीनियर सेकेंडरी विद्या मंदिर, बरनाला की हरसीरत कौर ने 500 में से 500 अंक हासिल करके राज्य में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह एस.एस. मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, कस्सोआणा (फिरोजपुर) की मनवीर कौर ने 500 में से 498 अंक हासिल करके दूसरा स्थान और श्री तारा चंद विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, भीखी (मानसा) की अर्श ने 500 में से 498 अंक हासिल करके तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि इन छात्राओं की शानदार शैक्षणिक प्रदर्शन के प्रति दृढ़ता और प्रतिबद्धता सचमुच रंग लाई है, जो अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत है। गौरतलब है कि 12वीं कक्षा के नतीजों में लड़कियों ने 94.32 प्रतिशत पास दर के साथ बेहतरीन प्रदर्शन करके लड़कों को पीछे छोड़ दिया है। इन नतीजों को प्रशंसनीय बताते हुए शिक्षा मंत्री सरदार हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि कुल 2,65,388 नियमित विद्यार्थी और 12,571 ओपन स्कूल के विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। नतीजों में नियमित और ओपन स्कूल के विद्यार्थियों ने क्रमशः 91 प्रतिशत और 68.24 प्रतिशत दर के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन किया है। यह शानदार उपलब्धि इन नौजवान विद्यार्थियों के समर्पण, अथक मेहनत और जुनून का नतीजा है। शिक्षा मंत्री ने इन विद्यार्थियों के बेहतरीन प्रदर्शन में उनके माता-पिता और अध्यापकों द्वारा दिए गए विशेष योगदान की भी सराहना की।

---

पंजाब ने दिया दूसरी हरित क्रांति को बढ़ावा, 1500 रुपए प्रति एकड़ के वित्तीय प्रोत्साहन के साथ धान की सीधी बुआई के तहत 5 लाख एकड़ लाने का लक्ष्य

# मान सरकार ने 40 करोड़ रुपए आरक्षित किए: खुड्डियां

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि पंजाब सरकार ने टिकाऊ कृषि को प्रोत्साहित करने और भूजल को बचाने के लिए इस खरीफ सीजन के दौरान 5 लाख एकड़ क्षेत्र को धान की सीधी बुआई (डी.एस.आर.) के तहत लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है और धान की सीधी बुआई 15 मई से शुरू होगी।

स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने बताया कि किसान वीरवार (15 मई) से सीधी बुआई तकनीक का उपयोग करके धान की खेती शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार धान की सीधी बुआई तकनीक अपनाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 1500 रुपए की वित्तीय सहायता भी दे रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 40 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है। किसान 10 मई से 30 जून, 2025 तक ऑनलाइन पोर्टल agrimachinerypb.com पर डी.एस.आर. योजना के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। कृषि मंत्री ने बताया कि बासमती उत्पादक भी डी.एस.आर. तकनीक अपनाकर इस सीजन से प्रति एकड़ 1500 रुपए का वित्तीय प्रोत्साहन प्राप्त कर सकते हैं। राज्य सरकार ने खरीफ सीजन वर्ष 2024 के दौरान पानी बचाने वाली डी.एस.आर. तकनीक अपनाने वाले 21,338 किसानों को 29.02 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2024 में 2.53 लाख एकड़ क्षेत्र में धान की सीधी बुआई की गई,



जो कि वर्ष 2023 में 1.72 लाख एकड़ के मुकाबले 47 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है।

उन्होंने बताया कि बासमती सहित धान की सीधी बुआई के तहत खेतों का सत्यापन 1 जुलाई से 15 जुलाई, 2025 तक किया जाएगा।

धान की सीधी बुआई तकनीक के लाभों को उजागर करते हुए स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने इसे पंजाब की कृषि के लिए विशेष उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह विधि पारंपरिक धान की खेती के मुकाबले अधिक लाभकारी है, जिससे 15-20 प्रतिशत पानी की बचत होती है और यह कदम पंजाब के भूजल के गिरते स्तर को रोकने के लिए महत्वपूर्ण है और इसके साथ ही श्रम लागत लगभग 3500 रुपए प्रति एकड़ कम हो जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे इस पर्यावरण-अनुकूल विधि को अपनाएं और इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

---

पंजाब ने नागरिकों के नेतृत्व में विकास को मजबूत करने के लिए 'रंगला पंजाब सोसाइटी' की शुरुआत की

# 'आप' सरकार ने विश्वव्यापी पंजाबी भागीदारी के लिए दरवाजे खोले: चीमा

वित्त मंत्री चीमा ने पूरी पारदर्शिता का किया वादा, कहा कि हर रुपये का उपयोग प्रमाणित लोक कल्याण परियोजनाओं के लिए होगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 'रंगला पंजाब सोसाइटी' की स्थापना की है, जो राज्य के विकास में सार्वजनिक योगदान को दिशा देने के लिए एक अग्रणी मंच के रूप में काम करेगा। आज यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह ऐलान करते हुए वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि 'रंगला पंजाब सोसाइटी' आम आदमी पार्टी (आप) सरकार द्वारा नागरिकों को सशक्त बनाने और एक खुशहाल, पारदर्शी और लोक-केंद्रित पंजाब बनाने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि आप सरकार द्वारा इस पहल के माध्यम से आम लोगों की इच्छाओं को प्राथमिकता दी गई है जबकि पिछली सरकारें सिर्फ़ बातों के बड़े दावे करके खानापूर्ति करती रहीं। उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब सोसाइटी के माध्यम से लोगों की इच्छा को संस्थागत रूप देकर यह सुनिश्चित किया गया है कि उनके द्वारा दिया गया योगदान सीधे तौर पर ठोस प्रगति में परिवर्तित हो।

प्रवासी भारतीयों (एन.आर.आई.), स्थानीय नागरिकों, कॉरपोरेट्स और अन्य अंतर्राष्ट्रीय शुभचिंतकों सहित दुनिया भर के पंजाबियों को राज्य के विकास में हिस्सा लेने के लिए खुला निमंत्रण देते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने कहा कि इस सोसाइटी के माध्यम से 'आप' सरकार प्रवासी पंजाबियों के योगदान को पारदर्शी ढंग से अमल में लाएगी, जबकि, पहले की सरकारों के दौरान प्रवासी भारतीयों द्वारा किए गए प्रयास लाल फीताशाही और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए थे।

उन्होंने कहा कि रंगला पंजाब सोसाइटी में राज्य के विकास के लिए प्राप्त होने वाले एक-एक रुपये के योगदान को प्रमाणित और प्रभावशाली परियोजनाओं में इस्तेमाल किया जाएगा और इसमें न कोई बिचौलिया शामिल होगा और न ही कोई राजनीतिक हस्तक्षेप। उन्होंने कहा कि यह सोसाइटी आम लोगों के साफ़-सुथरे और नागरिक केंद्रित शासन के सपने को साकार करेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि रंगला पंजाब सोसाइटी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, साफ़-सफ़ाई, बिजली, पानी, सड़कें, कृषि और शहरी-ग्रामीण विकास में जन कल्याण सहित मुख्य क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा कि यह सोसाइटी प्राकृतिक आपदाओं, आपात स्थितियों और सीमावर्ती क्षेत्र के विकास के दौरान भी महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करेगी, जिन क्षेत्रों को पिछली सरकारों द्वारा पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया था।

### वित्त मंत्री चीमा ने उठाई हूच त्रासदियों बारे आवाज़, मेथनॉल के दुरुपयोग पर केंद्र को लिखा पत्र

पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को पत्र लिखकर केंद्र सरकार से उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के तहत मिथाइल अल्कोहल (मेथनॉल) के उपयोग को नियमित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। वित्त मंत्री द्वारा यह अनुरोध इस अत्यधिक ज़हरीले औद्योगिक रसायन के अनियमित उपयोग के कारण देश भर में बार-बार हूच त्रासदियों के होने और मासूम जानों के नुकसान के मद्देनजर किया गया है। अपने पत्र में वित्त मंत्री ने मेथनॉल के उपयोग से तैयार नकली शराब के सेवन के कारण होने वाली बड़ी त्रासदियों का ज़िक्र करते हुए, वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने इस संबंध में आवश्यक सख्त कानून की कमी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मेथनॉल की दिखावट, गंध और नशा इथाइल अल्कोहल से मिलते-जुलते होने के कारण इसका नकली शराब बनाने में उपयोग किया जाता है, जिससे यह कई लोगों की मौत का कारण बनती है। वित्त मंत्री ने कहा कि उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 के तहत औद्योगिक अल्कोहल को नियमित करने की केंद्र सरकार की शक्तियों के बावजूद, मिथाइल अल्कोहल (मेथनॉल) एक ऐसे क्षेत्र में आता है जिससे निगरानी और प्रवर्तन में व्यवस्थित विफलताएं पेश आती हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा कानूनी ढांचा इस पदार्थ की आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को पर्याप्त हद तक संबोधित नहीं करता है और न ही यह ट्रैकिंग विधियों, खरीदारों के पंजीकरण, या अंतर-राज्यीय नियमों को अनिवार्य बनाता है। वित्त मंत्री चीमा ने केंद्रीकृत और कानूनी रूप से लागू करने योग्य कार्रवाई की मांग करते हुए केंद्र सरकार से अपील की कि मेथनॉल को नियंत्रित करने के मामले को राष्ट्रीय हित में विचारा जाए। उन्होंने मिथाइल अल्कोहल (मेथनॉल) को स्पष्ट रूप से एक नियंत्रित उद्योग/पदार्थ के रूप में शामिल करने के लिए उद्योग (विकास और विनियमन) अधिनियम, 1951 में तत्काल संशोधन की सिफारिश की।

---

# एक्शन में मान सरकार: मंत्री रवजोत सिंह ने लापरवाही पर नकेल कसी, डेराबस्सी में तेजी से सफाई के दिए आदेश

सफाई में ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी; कचरा हटाने, नालियों की सफाई और बस स्टैंड निर्माण के लिए समयसीमा तय

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** मान सरकार की स्वच्छता में ढिलाई के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति को दोहराते हुए, पंजाब के स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत ने नगर परिषदों और निगमों में रहने वाले निवासियों की बुनियादी चिंताओं के समयबद्ध समाधान के लिए लोक-समर्थक वातावरण प्रदान करने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।



डेराबस्सी शहर के अपने तड़के के दौरे के दौरान, उन्होंने चल रहे प्रोजेक्टों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को नागरिक मुद्दों को हल करने के लिए प्रयास तेज करने के निर्देश दिए।

डॉ. रवजोत ने बरवाला रोड से अपना दौरा शुरू किया, जहां उन्होंने बरसाती पानी की निकासी के प्रोजेक्ट की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मानसून सीजन से पहले इसे पूरा करने के लिए काम तेज करने के निर्देश दिए। इसके अलावा, उन्होंने अगले दो हफ्तों के अंदर विभिन्न सड़कों के किनारे मलबा तुरंत हटाने के आदेश दिए। बस स्टैंड का निरीक्षण करते हुए, उन्होंने नगर परिषद को कहा कि वह तुरंत नए बस स्टैंड के निर्माण शुरू करने का रास्ता साफ करें, जिससे यातायात का प्रवाह सुचारू हो और आसपास की सड़कों पर भीड़ कम हो। मौजूदा बस स्टैंड के पीछे वाली सड़क का निरीक्षण करते हुए, उन्होंने क्षेत्र में कूड़े के ढेर पर असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) के उचित उपयोग पर जोर दिया और अधिकारियों को सफाई बनाए रखने और बदबू को दूर करने के निर्देश दिए।

ईसापुर-बकरपुर रोड (वार्ड 17) पर स्थित पंपिंग स्टेशन पर, डॉ. रवजोत ने जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के अधिकारियों को डेरा जगाधारी क्षेत्र में गंदे पानी के निकासी के मुद्दों को प्रभावी ढंग से हल करने के निर्देश दिए। उन्होंने भविष्य में पैदा होने वाली रुकावटों को दूर करने के लिए जरूरत पड़ने पर पाइपलाइनों को अपग्रेड करने के लिए भी कहा। डॉ. रवजोत ने नगर परिषद और जल आपूर्ति अधिकारियों को सख्त शब्दों में जन शिकायतों को प्रभावी ढंग से हल करने या अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद और जल आपूर्ति एवं सीवरेज बोर्ड के बीच बेहतर तालमेल के महत्व पर जोर दिया ताकि नागरिक सुविधाओं को बढ़ाया जा सके।

---

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 74वें दिन 156 नशा तस्कर गिरफ्तार 1.9 किलो हेरोइन, 58 हजार रुपये की ड्रग मनी बरामद

नशा छुड़ाने संबंधी प्रयासों के हिस्से के रूप में पंजाब पुलिस ने 113 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राजी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** राज्य से नशों के पूर्ण खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर छेड़े गए 'युद्ध नशों विरुद्ध' के 74वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 156 नशा तस्करों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से 1.9 किलो हेरोइन, 1.5 किलो अफीम और 57920 रुपये की ड्रग मनी बरामद की है। इसके साथ सिर्फ 74 दिनों के अंदर गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 11,051 हो गई है।

यह ऑपरेशन डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय पर चलाया गया। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों और एस.एस.पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के आदेश दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है। ऑपरेशन का विवरण देते हुए स्पेशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 87 राजपत्रित अधिकारियों की निगरानी में 1400 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की भागीदारी वाली 200 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 490 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते पूरे राज्य में 125 एफआईआर दर्ज की गईं। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 529 संदिग्ध व्यक्तियों की जांच भी की। स्पेशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य से नशों के खात्मे के लिए तीन-पक्षीय रणनीति - इंफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के रूप में 113 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राजी किया है।

# पानी के रक्षा मोर्चा को पंजाब के हर वर्ग का समर्थन: बैंस

## केंद्र सरकार ने हमेशा पंजाब के अधिकारों पर डाका मारा: लाल चंद कटारूचक

कैबिनेट मंत्री हरजोत सिंह बैंस, लाल चंद कटारूचक, कुलदीप सिंह धालीवाल, बरिंदर कुमार गोयल और हरभजन सिंह ईटीओ और लालजीत सिंह भुल्लर ने नंगल और कीरतपुर साहिब में धरने में हिस्सा लिया








अर्थ प्रकाश संवाददाता

**नंगल, कीरतपुर साहिब/14 मई।** पंजाब के पानी को बचाने के लिए चल रहे मोर्चे को आज कीरतपुर साहिब में उस समय बड़ा प्रोत्साहन मिला जब तकनीकी शिक्षा और औद्योगिक प्रशिक्षण, स्कूल और उच्च शिक्षा, सूचना और लोक संपर्क मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने अपने कैबिनेट साथी लाल चंद कटारूचक के साथ कीरतपुर साहिब के लोहंड खड्ड में लगे धरने में हिस्सा लिया।

इस मौके पर अपने संबोधन में स. हरजोत सिंह बैंस ने कहा कि पंजाब के लोग पंजाब के कीमती जल संसाधनों की रक्षा के लिए कीरतपुर साहिब में 24 घंटे निरंतर नजर रख रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा कि हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति के दौरान पंजाब के जागरूक लोग दिन-रात धरने पर बैठे रहे, जबकि हालात का फायदा उठाते हुए बीबीएमबी के चेयरमैन हमेशा पंजाब के पानी को छीनने के मौके की तलाश में रहे ताकि वे केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार पंजाब का पानी दूसरे राज्यों को दे सकें।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान खुद चार बार नंगल बांध का दौरा कर चुके हैं जो कि इस बात का सबूत है कि राज्य सरकार पंजाब के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार के लोक-पक्षीय स्टैंड को राजनीतिक स्टंट बता रही विरोधी पक्ष को बताना चाहिए कि उन्होंने पंजाब के पानी की रक्षा के लिए क्या किया है।

इस मौके पर श्री लाल चंद कटारूचक ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और अन्य सरकारों ने बीबीएमबी को पंजाब के खिलाफ इस्तेमाल करने के गैर-संवैधानिक तरीके अपना रही हैं।

इस दौरान, एनआरआई मामलों के मंत्री कुलदीप सिंह धालीवाल, जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल, परिवहन और जेल मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर और बिजली और लोक निर्माण मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ ने भी नंगल बांध में धरने में हिस्सा लिया और कहा कि पंजाब ने मानवता के आधार पर हरियाणा को पानी दिया है लेकिन जब अब हमारे पास अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए पानी पूरा नहीं पड़ रहा तो हम दूसरे राज्यों को पानी कैसे दे सकते हैं।

बीबीएमबी पर बरसते हुए पंजाब के मंत्रियों ने कहा कि बीबीएमबी में राज्य का 60 प्रतिशत हिस्सा है जिसके अधिकारी/कर्मचारी पंजाब से तनख्वाहें लेकर पंजाब के खिलाफ ही मनमाने फैसले ले रहे हैं जिससे राज्य के हक छीने जा रहे हैं। मंत्रियों ने यह बिल्कुल स्पष्ट किया कि पानी पंजाब की जीवन रेखा है और राज्य के पास दूसरे राज्यों के लिए एक बूंद भी अतिरिक्त पानी नहीं है।

इस मौके पर मौजूद अन्य लोगों में विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर, विधायक गुरदीप सिंह रंधावा, विधायक बलवीर सिंह पन्नू, जल बोर्ड पंजाब के चेयरमैन रणजीत सिंह चीमा और गुरु रविदास आयुर्वेदिक यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ. संजीव गौतम शामिल थे।

# राजनीतिक या गैर-राजनीतिक, अवैध शराब में शामिल कोई भी बचेगा नहीं: चीमा

'आप सरकार' का सख्त संदेश - गैर-कानूनी तरीके से शराब बेचने वालों को नहीं बख्शा जाएगा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 13 मई।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने मजीठा में जहरीली शराब के कारण जान गंवाने वाले 14 पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। चीमा ने इस घटना को जघन्य कृत्य बताया और आश्वासन दिया कि सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा, चाहे वे कितने भी ऊंचे राजनीतिक या प्रशासनिक पहुंच वाले क्यों न हो।

चीमा ने कहा, 'मैं उन परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोया है। यह एक घृणित अपराध है और सरकार न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। कई अपराधियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है और उनके खिलाफ कानून के कड़े प्रावधानों के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है।' चीमा ने जोर देकर कहा कि राज्य सरकार घटना के जिम्मेदार लोगों को कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि अपराधी, चाहे राजनीतिक रूप से जुड़ा हो, गैर-राजनीतिक हो या सरकारी अधिकारी हो, न्याय के चंगुल से बच नहीं पाएगा। मंत्री ने कहा कि 'इंडस्ट्रियल-ग्रेड मेथनॉल' का दुरुपयोग कर अवैध रूप से नकली शराब बनाने के लिए उपयोग किया गया, जिसके कारण कई लोगों की जान चली गई। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सरकार भविष्य में औद्योगिक स्रोतों के दुरुपयोग को रोकने के लिए सभी आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा, 'यह मानवाधिकारों और सार्वजनिक सुरक्षा का भी गंभीर उल्लंघन है। पंजाब सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि इस अपराध में शामिल हर व्यक्ति को न्याय के कटघरे में लाया जाए।'

# वार्ड नंबर एक में नगर परिषद ने करवाई फॉगिंग

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 मई।** पिछले दिनों हुई बरसात तथा शहर में जगह-जगह पर फैली गंदगी के कारण मच्छरों की समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है जिसके चलते लोगों द्वारा अक्सर शिकायत की जा रही थी कि शहर में नगर परिषद द्वारा फागिंग नहीं करवाई गई। इसके बाद कल बलटाना क्षेत्र में स्थित वार्ड नंबर 1 में फॉगिंग का काम करवाया गया। वार्ड नंबर एक की विभिन्न सोसाइटियों जिनमें राम विहार, रविंद्र एनक्लेव, सैनी विहार, श्याम नगर आदि कॉलोनी में फागिंग करवाई गई। इस संबंधी बात करते हुए नगर परिषद जीरकपुर के सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल ने कहा के यह फॉगिंग का काम अब निरंतर जारी रहेगा ताकि शहर निवासियों को डेंगू तथा मलेरिया जैसी बीमारियों से बचाया जा सके।

# मोहिंदर भगत द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के लिए अधिकारियों को निर्देश

कैबिनेट मंत्री द्वारा रक्षा सेवा कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए तेजी से काम कर रही है। इसी संबंध में रक्षा सेवा कल्याण मंत्री श्री मोहिंदर भगत ने विभाग में चल रहे विभिन्न कार्यों और पूर्व सैनिकों की कल्याण योजनाओं की प्रगति का जायजा लेने के लिए अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक के दौरान मंत्री मोहिंदर भगत ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याण योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। मंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य के पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के सदस्यों के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

मंत्री श्री भगत ने कहा कि सैनिक विश्राम गृहों को और बेहतर बनाने के लिए तुरंत कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि इस काम के लिए फंड की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए पंजाब सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में उन्हें अधिक से अधिक जागरूक कराया जाए ताकि वे इन योजनाओं का पूरा लाभ ले सकें। इस बैठक में निदेशक रक्षा सेवा कल्याण विभाग ब्रिगेडियर भूपिंदर सिंह ढिल्लों (सेवानिवृत्त) और अन्य उच्च अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक रंधावा ने डेराबस्सी के गांवों के विकास के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक के चेक बांटे



**डेराबस्सी, 14 मई (अप्रस-चौहान)।** विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी के गांवों के विकास की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विभिन्न पंचायतों से आग्रह किया है कि वे फंड का इस्तेमाल महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए करें। एक समारोह में विधायक रंधावा ने गांवों में धर्मशाला, मैरिज पैलेस, गलियों, नालियों, पेयजल, सीवरेज निकासी और भूमि के विकास के लिए 1 करोड़ 71 हजार 912 रुपये के चेक बांटे। इन चेकों का वितरण डेराबस्सी के गांवों के विकास में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। विधायक रंधावा ने पंचायतों से फंड का कुशलतापूर्वक उपयोग करने और परियोजनाओं को समय पर पूरा करने की अपील भी की। सभा को संबोधित करते हुए विधायक रंधावा ने कहा, 'ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाएं प्रदान करना और उनका समग्र विकास सुनिश्चित करना हमारी जिम्मेदारी है। ये परियोजनाएं न केवल बुनियादी ढांचे में सुधार करेंगी बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा करेंगी।'

# डेराबस्सी ईओ ड्यूटी में लापरवाही के लिए निलंबित

**चंडीगढ़, 14 मई (अप्रस)।**



ड्यूटी में लापरवाही के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए, स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने आज डेराबस्सी के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) विजय कुमार को अपनी ड्यूटी निभाने में विफल रहने के लिए निलंबित कर दिया। डेराबस्सी में सफाई कार्यों के औचक निरीक्षण के दौरान, स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. रवजोत सिंह ने जमीनी हकीकतों और सफाई पहलों में प्रगति की कमी के प्रति असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने ईओ को अगले नोटिस तक सेक्टर-35-ए चंडीगढ़ में स्थानीय निकाय के मुख्य कार्यालय में रिपोर्ट करने के निर्देश भी दिए। यह निर्णायक कदम जवाबदेही और कुशल सार्वजनिक सेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# समाजसेवी संस्था ने लोगों की सुविधा के लिए विशेष कैंप किया आयोजित

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 मई।** राष्ट्रीय शालीनता दिवस को समर्पित लोकहित सेवा समिति द्वारा समाजसेवी जसपाल सिंह के सहयोग से आर्यन प्रॉपर्टी कंसलटेंट सैनी विहार फेज 3 पीरबाबा रोड बलटाना में आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) कार्ड, ई - श्रम कार्ड तथा वोटर कार्ड बनाने का एक विशेष कैंप आयोजित किया गया। समिति की कोर्डिनेटर राखी चौहान ने बताया है कि कैंप का उद्धघाटन समाजसेवक प्रताप सिंह राणा ने किया, जबकि समाजसेवक जसपाल सिंह एवं समाजसेविका आरती शर्मा विशेष अतिथि रही। कैंप में 79 महिलाओं एवं पुरुषों ने 8 आयुष्मान जन आरोग्य कार्ड, 37 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (आभा) कार्ड, 14 ई - श्रम कार्ड तथा 20 नये वोटर कार्ड बनवाने अथवा पुराने वोटर कार्ड में संशोधन करवाने में सफलता प्राप्त की।

कैंप को कामयाब बनाने में बलवीर राजपूत, जसपाल सिंह, आरती शर्मा, राज आनंद, बी.एस सहोता, जी.एस शर्मा, आर्यन, सतीश भारद्वाज, राखी चौहान, सुमन राणा, सुमन रावत, निधि धीमान, डिंपल रावत, नेहा रावत, शहनाज, हरबन्स कौर, हर्ष नागरा तथा सरदार सुखवीर सिंह का विशेष योगदान रहा।

# पभात में बने अस्पताल में 11 दिन में 74 आवारा कुत्तों की नसबंदी

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर, 14 मई।** शहर में आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण पाने के लिए उनकी नसबंदी का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। पभात क्षेत्र में बनाए गए अस्पताल में यह काम 6 महीने बंद रहने के बाद 3 मई को फिर से शुरू हो गया था। इस संबंधी जानकारी देते हुए नगर परिषद जीरकपुर के सेनेटरी इंस्पेक्टर रामगोपाल ने बताया के 3 मई 2025 से 14 मई 2025 तक विभिन्न क्षेत्रों से कल 84 कुत्तों को पकड़ा गया है जिनमें से 74 कुत्तों की नसबंदी हो चुकी है और बाकी 10 कुत्तों की नसबंदी का काम वीरवार को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11 मई तक पकड़े गए सभी कुत्तों को नसबंदी के बाद उसी जगह पर छोड़ दिया जा चुका है जहां से उन्हें पकड़ा था। उन्होंने बताया कि एक बार में करीब 10 कुत्तों को पकड़ा जाता है और उनका ऑपरेशन करने तथा अन्य देखरेख के लिए अस्पताल में चार दिन का समय लगता है। पकड़े जाने के बाद चार दिन बाद कुत्ते को उसकी पुरानी जगह पर छोड़ दिया जाता है। उन्होंने बताया कि यह काम निरंतर जारी रहेगा जिससे शहर में आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगेगा।

# सरकारी प्राइमरी स्कूल के दफ्तर का ताला तोड़कर सामान चोरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 14 मई।** चोरों ने शहर के वार्ड नंबर 12 में स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल बांड्या बस्सी के कार्यालय का दरवाजा तोड़कर प्रिंटर, एलसीडी, डीवीआर, स्टेशनरी व मिड-डे मील का सामान चोरी कर लिया और मौके से फरार हो गए। स्कूल की प्रिंसिपल कुलविंदर कौर व मैडम रमनदीप कौर ने बताया कि जब वे रोजाना की तरह आज सुबह स्कूल पहुंचीं, तो कार्यालय का दरवाजा खुला था। जब उन्होंने अंदर देखा, तो सामान बिखरा पड़ा था और अलमारियों के दरवाजे खुले थे। इस दौरान कार्यालय में रखा प्रिंटर, एलसीडी, डीवीआर, स्टेशनरी और बच्चों के लिए दोपहर का भोजन तैयार करने के लिए रखा मिड-डे मील का सामान गायब था। शिक्षकों ने बताया कि इस चोरी की घटना से स्कूल को करीब 75 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। चोरी की घटना के बारे में बनूड़ पुलिस स्टेशन और विभाग के उच्च अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सरकारी प्राइमरी स्कूल बांड्या बस्सी घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है, जहां यह घटना घटी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे कैमरों से जांच शुरू कर दी है।

# होली मैरी स्कूल की छात्रा ने 10वीं में 98.4 प्रतिशत अंक लेकर ट्राई-सिटी में स्कूल का नाम रोशन किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता


MISHAL


SAINA SINGH


SHREYA JAIN

**बनूड़, 14 मई।** होली मैरी स्कूल ने सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में ट्राईसिटी में एक बार फिर अपना वर्चस्व कायम रखा है। इस स्कूल की छात्रा श्रेया जैन पुत्री विशाल जैन ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ट्राईसिटी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बातचीत करते हुए श्रेया जैन ने कहा कि आज उनके माता-पिता का पहला सपना पूरा हुआ है, जिससे उन्हें बेहद खुशी है। उन्होंने बिना किसी ट्यूशन के, केवल अपने स्कूल के शिक्षकों की कड़ी मेहनत के कारण यह मुकाम हासिल किया है। सान्या सिंह पुत्री संजीव कुमार ने 98.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया के युग में उन्होंने मोबाइल फोन को ज्यादा प्राथमिकता देने के बजाय अपनी पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित किया। उसने कहा कि वह डॉक्टर बनना चाहती है, जिसके लिए वह मेडिकल में दाखिला लेगी। इसी प्रकार मिशल पुत्री गुरलाल सिंह ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। मिशल ने कहा कि उसका सपना वकील बनने का है, जिसके लिए वह कड़ी मेहनत करेगी और अपने माता-पिता के सपनों को पूरा करेगी। इसके अलावा स्कूल के 13 छात्रों ने 90 प्रतिशत, 43 छात्रों ने 80 प्रतिशत तथा 74 छात्रों ने 70 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्कूल निदेशक सीसी देवासी, प्रिंसिपल शाईनी देवासी और मैडम पलविंदर कौर ने स्कूल का नाम रोशन करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की कड़ी मेहनत के कारण ही छात्रों ने यह मुकाम हासिल किया है।

# परिवहन विभाग की गलत नीतियों के कारण पंजाब के ट्रक ऑपरेटर पड़ोसी राज्यों में पंजीकरण कराने को मजबूर

विभाग की गलत नीतियों के कारण राज्य सरकार को हो रहा करोड़ों रुपए का नुकसान

ट्रांसपोर्टरों से अन्य राज्यों की तरह तीन महीने का टैक्स वसूलने की अपील



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**बनूड़।** पंजाब सरकार के परिवहन विभाग की गलत नीतियों के कारण पंजाब के हजारों ट्रक पड़ोसी राज्यों में पंजीकरण करवाने को मजबूर हो रहे हैं। इससे राज्य सरकार को जीएसटी व अन्य करों के रूप में करोड़ों रुपए का नुकसान हो रहा है।

राज्य के ट्रक ऑपरेटरों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब राज्य परिवहन आयुक्त और अन्य अधिकारियों से मुलाकात की और मांग की कि प्रत्येक जिले में एक मोटर वाहन निरीक्षक तैनात किया जाए, ताकि ट्रकों का पंजीकरण शीघ्र किया जा सके। उन्होंने कहा कि पंजीकरण में कठिनाइयों के कारण हजारों ट्रक पड़ोसी राज्यों में पंजीकरण कराने को मजबूर हैं और पंजीकरण करा रहे हैं। इससे राज्य को करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

उन्होंने कहा कि ट्रक ऑपरेटरों पर भारी कर का बोझ डाल दिया गया है। नए ट्रकों को चार साल का अग्रिम कर और पुराने ट्रकों को एक साल का कर देना पड़ता है, जबकि पड़ोसी राज्य एक और तीन महीने का कर वसूलते हैं। उन्होंने मांग की कि कर पहले की तरह वसूला जाए। उन्होंने मांग की कि ग्रीन टैक्स को समाप्त किया जाए तथा स्क्रैप नीति को लागू न किया जाए। उन्होंने कहा कि परमिट प्राप्त करने की नीति को सरल बनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर ट्रक ऑपरेटरों ने समस्याओं के समाधान के लिए कामरेड प्रेम सिंह घडामा को अपना नेता चुना, जिनके नेतृत्व में आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी किया जाएगा। इसके साथ ही ग्यारह सदस्यीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया गया। अधिकारियों से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में प्रेम सिंह घडामा, जसबीर सिंह, जय प्रकाश, दीदार सिंह, सतनाम सिंह, बलवीर सिंह, रविंदर पाल सिंह, सुखदेव सिंह, सुरजीत सिंह ढेर, गुरजंट सिंह और रणधीर सिंह आदि शामिल थे।

# विधायक माणुके ने विकास कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

## सरकारी अनुदान खर्च करने में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं, 14 मई।** जगराओं विधायक बीबी सर्वजीत कौर माणूके ने जगराओं हलके में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया और अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान एसडीएम जगराओं करणजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर विधायक माणूके ने हलके के कई स्कूलों के मुखियों द्वारा विकास कार्यों के लिए प्राप्त ग्रांटों को खर्च न करने के मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा कि यदि कोई भी सरकारी विभाग लोगों की सुविधा के लिए प्राप्त ग्रांटों को खर्च करने में कोई अनियमितता बरतेगा तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तुरंत एसडीएम जगराओं को जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ नोटिस जारी करने तथा गूगल शीट न भरने वाले स्कूलों के मुखियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर विधायक माणूके ने राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों को जगराओं में पुलों पर लाइटें लगाने तथा राजमार्ग के साथ लगती लिंक सड़कों को निर्देशानुसार 10 मीटर तक चौड़ा करने के लिए कहा। सिविल अस्पताल के सामने मेन चौक पुल को पिल्लरों पर बनाने का प्रस्ताव तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेजा जाए।

विधायक माणूके ने नगर कौंसिल जगराओं के कार्यकारी अधिकारी को निर्देश जारी करते हुए कहा कि शहर में ट्रैफिक समस्या के समाधान के लिए ट्रैफिक लाइटों के काम में तेजी लाई जाए और शहर में पीली पट्टियां लगाने के लिए जल्द से जल्द कार्रवाई की जाए। इसके अलावा शहर के पुलों पर लगी लाइटों की मरम्मत कराई जाए तथा पुल के दोनों तरफ रेलिंग लगाई जाए, ताकि दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों की पानी की टंकियों का तुरंत निरीक्षण करें तथा आवश्यकतानुसार टंकियों की तुरंत मरम्मत करें। उन्होंने नहर विभाग को नहर घर के प्राचीन स्वरूप को बहाल करने तथा इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए।

मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को नगर परिषद से संपर्क कर कोठे-खंजुरां सड़क की मरम्मत करवाने तथा शेष सड़कों की मरम्मत के कार्य में तेजी लाने को कहा गया। एक्सियन इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंजी. गुरप्रीत महिंदर सिंह सिद्धू ने बताया कि गिद्दड़विंडी में बनने वाले नए 66 केवी ग्रिड का काम शुरू हो चुका है और गांव बुजुर्ग में मंजूर किए गए 66 केवी ग्रिड के निर्माण के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और गांव काउंके कलां में 66 केवी ग्रिड के निर्माण के लिए प्रक्रिया चल रही है। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि विधायक माणूके के निर्देशानुसार बस स्टैंड में 44 नई दुकानों के निर्माण के लिए एस्टीमेट तैयार कर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है।

### इस मौके पर ये रहे मौजूद

इस अवसर पर अन्यों के अलावा आम आदमी पार्टी के संयोजक कमलजीत सिंह कमालपुरा, शिक्षा समन्वयक मा. परमिंदर सिंह गिद्दड़विंडी, कोऑर्डिनेटर विक्रमजीत सिंह विक्की थिंद, यूथ प्रधान सतिंदर सिंह गालिब, पूर्व पार्षद कुलविंदर सिंह काला, सोशल मीडिया प्रभारी अमरदीप सिंह टूरे, डॉ. हरजीत सिंह एसएमओ, डॉ. मनदीप कौर सिद्धू एसएमओ, गुरिंदर कुमार, ए.के. चौधरी, इंजी. गुरप्रीत महिंदर सिंह सिद्धू, परमजीत सिंह चीमा, इंजी. अमरिंदर कुमार रूमी, इंजी. राकेश कुमार लक्खा, बेअंत सिंह एएफएसओ, जसपाल सिंह, ईओ सुखदेव सिंह रंधावा, परमिंदर सिंह जेई, जसपाल सिंह, प्रिं. रूपिंदर कौर गिल, इंजी. करमजीत सिंह जेई, इंजी. पुष्पिंदर सिंह, जसप्रीत सिंह, गौरव सोनी, कुलविंदर जोशी, परमजीत कौर, भूपिंदर कौर, बलदेव सिंह बीपीईओ, सुपरिंटेंडेंट बिक्रम कुमार, अमरजीत सिंह, स्टेनन अमनदीप सिंह आदि भी मौजूद थे।

# महिलाओं एवं वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध: स्वास्थ्य मंत्री

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 14 मई।** स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल ने आज यहां महिला विकास निगम की 50वीं और हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विकास निगम की 75वीं निदेशक मण्डल की बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक का आयोजन महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के आर्थिक विकास और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा करने के लिए किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने ऋण प्रक्रियाओं को सरल बनाने, ऋण मंजूरी का समय कम करने और लाभार्थियों के लिए ऋण सुविधा को और अधिक सुलभ बनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने के लिए ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यता है। उन्होंने कहा कि ऋण वितरण प्रक्रिया को त्वरित बनाने के साथ-साथ ऋण वितरण की सीमा को बढ़ाना पर कार्य किया जाना चाहिए चाहिए ताकि महिलाएं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थी विशेषकर ग्रामीण और दुर्गम क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने ऋण वितरण के लिए वार्षिक और अल्पावधि लक्ष्य तय करने और उन्हें हासिल करने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए ताकि इस पहल को प्रभावी ढंग से लागू किया जा सके।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने इन समुदायों को आर्थिक विकास, उद्यमिता और स्वरोजगार को ब?ावा देने के लिए उपदान दरों पर ऋण प्रदान करने और ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने का लक्ष्य रखा है। सरकार महिलाओं, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों को कम ब्याज दर पर ऋण प्रदान कर रही है। उन्होंने आय सृजन की संभावनाओं और खर्च कम करने के विकल्प तलाशने को कहा ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा सके।

बैठक में इस पहल को और सशक्त बनाने से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। मंत्री ने कहा कि इन मंजूरियों का महिलाओं और वंचित समुदायों के सामाजिक और आर्थिक विकास पर सकारात्क प्रभाव पड़ेगा। प्रदेश सरकार की सामाजिक कल्याण और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों का राज्य की प्रगति और विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव होगा। सरकार एक समावेशी व समान समाज की दिशा में कार्य कर रही है, जहां हर व्यक्ति को विकास और प्रगति के समान अवसर प्राप्त होंगे।

इससे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कोली समाज की बैठक को सम्बोधित करते हुए शिमला के रझाणा में कोली समाज के भवन निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सम्बंधित विभागों को निर्माण क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि वन स्वीकृति सहित सभी आवश्यक औपचारिकताएं आगामी सप्ताह में पूरी की जा सकें और निमार्ण कार्य शीघ्र शुरू हो सके।

इस अवसर पर निदेशक मण्डल के सदस्य, कोली समाज के पदाधिकारी और

# दवाइयों की दुकानों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की करें निरन्तर जांच: डीसी

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया

**जींद, 14 मई।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जिला में दवाईयों की दुकानों में लगे हुए सीसीटीवी कैमरों की निरन्तर जांच करें कि वो वर्किंग में है या नहीं। नशे से दूर रहने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में निरंतर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन होता रहे ताकि कोई भी युवा नशे की गिरफ्त में नहीं फंसे। सभी सम्बन्धित अधिकारी नशा मुक्ति केन्द्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करते रहे इतना ही नहीं इन नशा मुक्ति केन्द्रों का ज्वाईट विजिट निरीक्षण भी किया जाएगा।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा लघु सचिवालय के सभागार में बुधवार को नारको-को-ऑर्डिनेशन की बैठक लेकर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश देते हुए कहा कि 'नशा मुक्त हरियाणा' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए समर्पित प्रयास आवश्यक हैं। नशे का कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार नशाखोरी को खत्म करने के लिए गंभीरता से अभियान चला रही है और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रशासन और पुलिस भी मिलकर ठोस कदम उठा रहें है। स्कूलों, कॉलेजों और अन्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला में सभी केमिस्ट शॉप्स पर लाइसेंस चस्पा होने चाहिए। यदि किसी भी स्थान पर कैनाबिस (गांजा) के पौधे दिखाई दें तो उन्हे तुरंत हटाया जाए, ताकि इनके दुरुपयोग को रोका जा सके। जिला शिक्षा अधिकारी सभी स्कूलों के आसपास, सम्बन्धित बीडीपीओ ग्रामीण आंचाल में, स्वास्थ्य विभाग पीएचसी, सीएचसी परिसरों में, सिंचाई विभाग नहरों व ड्रेनों के आसपास कहीं भी कैनाबिस के पौधे लगे है उन्हें हटाना सुनिश्चित करें।

## रेखा गुप्ता ने अधिकारियों के साथ जन शिकायतों पर समीक्षा बैठक की

# भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं: मुख्यमंत्री

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 14 मई।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली सचिवालय में अधिकारियों के साथ जन शिकायतों पर समीक्षा बैठक की। बैठक के बाद सीएम ने कहा कि पिछली सरकार के कार्यकाल में जन शिकायत प्रणाली बहुत असफल रही, लोगों की समस्याएं सरकार के कानों तक नहीं पहुंचती थीं और समाधान भी नहीं होता था।

बैठक के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, ÷दिल्ली देश की राजधानी है और इसकी जन शिकायत प्रणाली बहुत अपडेट होनी चाहिए। एक आम आदमी की शिकायत का समाधान तुरंत होना चाहिए, उसके पास हर वह साधन होना चाहिए जिसके जरिए वह अपनी बात सरकार तक पहुंचा सके। पिछली सरकार के कार्यकाल में जन शिकायत प्रणाली बहुत असफल रही, लोगों की समस्याएं सरकार के कानों तक नहीं पहुंचती थीं और समाधान भी नहीं होता था। लेकिन हमारी सरकार एक अपडेटेड इंटीग्रेटेड शिकायत निवारण प्रणाली बनाने पर काम कर रही है ताकि लोगों की आवाज तुरंत सरकार तक पहुंचे और उसका तुरंत समाधान हो। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति रखती है, किसी भी विभाग में किसी भी तरह का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।÷

# दक्षिण अफ्रीका ने की डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए टीम की घोषणा

अर्थ प्रकाश/साक्षी जैन

CRICKET SOUTH AFRICA

**चंडीगढ़/केपटाउन, 14 मई।** दक्षिण अफ्रीका ने मंगलवार को लॉर्ड्स में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।

दक्षिण अफ्रीकी चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले के लिए टीम की कमान आज टेम्बा बवुमा को सौंपी। दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान के साथ हुई टेस्ट सीरीज वाली टीम में दो बदलाव करते हुए शेष सभी खिलाड़ियों को टीम में जगह दी है, लेकिन क्वेना मफाका और मैथ्यू ब्रीट्जके को टीम से बाहर रखा है। चोट से उबरने के बाद लुंगी एनगिडी की टीम में वापसी से गेंदबाजी की धार और तेज हो जायेगी। टोनी डी जोंजी, रयान रिकेल्टन और एडन मारक्रम शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी विकल्प हैं, जबकि उभरते सितारे ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम और बावुमा मध्य क्रम की कमान संभालेंगे। काइल वेरिन स्टंप के पीछे अपना जौहर बिखेरेंगे।।

वहीं गेंदबाजी की बात की जाये तो मुल्डर और जेनसन के साथ कैगिसो रबाडा, एनगिडी, डेन पैटरसन और कॉर्बिन बॉश के तेज गेंदबाजी की कामन होगी। केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी को स्पिन गेंदबाज के रूप में टीम में जगह दी गई।

डब्ल्यूटीसी के फाइनल मुकाबले के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम इस प्रकार है– तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोंजी, एडन मारक्रम, वियान मुल्डर, मार्को जेनसन, कैगिसो रबाडा, केशव महाराज, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, काइल वेरिन, डेविड बेडिंघम, ट्रिस्टन स्टब्स, रयान रिकेल्टन, सेनुरन मुथुसामी और डेन पैटरसन।

टीम को लेकर मुख्य कोच शुकरी कॉनराड का मानना है कि इस टीम ने इंग्लिश परिस्थितियों में दक्षिण अफ्रीका के लिए सभी तरह की तैयारियाँ की हैं और यह एक संतुलित टीम है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने के तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 12:00 | नई दिल्ली | 04:40 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 05:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 07:00 | नई दिल्ली | 23:35 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:40 | त्रि–साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि– | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | साप्ताहिक | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 23:30 | नई दिल्ली | 19:00 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | जयनगर | 12:00 | द्वि– | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 17:00 | आनंद विहार (ट) | 19:55 | साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढी | 02:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | द्वि– | मंगल, शनि | 17.05.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 18.05.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 17:50 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि– | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में | शुक्रवार | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | 06 दिन | को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में | मंगलवार | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | 06 दिन | को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:30 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 11:25 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ़ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | भटिंडा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि–साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | भटिंडा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ़ | 07:55 | त्रि–साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ़ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04504 | चंडीगढ़ | 23:35 | पटना जंक्शन | 22:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 29.05.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ़ | 23:10 | | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 21:30 | गुवाहाटी | 19:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:20 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि–साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 17.05.25 से 26.07.25 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 18.05.25 से 27.07.25 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि– | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | द्वि– | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | छपरा | 22:50 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि– | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 14:00 | साप्ताहिक | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | 6 दिन | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | 5 दिन | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर | 20:10 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 13:20 | राजेंद्र नगर | 07:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 21.05.25 से 25.06.25 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 23.05.25 से 27.06.25 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 04324 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार एम | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या धाम जंक्शन | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 18.05.25 से 29.06.25 तक |
| 05741 | अयोध्या धाम जंक्शन | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 19.05.25 से 30.06.25 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ़ | 04:30 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ़ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 15.05.25 से 17.07.25 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 16.05.25 से 18.07.25 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार एम | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 19.05.25 से 14.07.25 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार एम | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 21.05.25 से 16.07.25 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 19:00 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 17:20 | वडोदरा जंक्शन | 11:25 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि– | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | साप्ताहिक | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि– | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | साप्ताहिक | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि– | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | साप्ताहिक | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटरा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटरा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01441 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 01442 | हजरत निजामुद्दीन | 22:20 | पुणे | 02:45 | | बुधवार | 28.05.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 07077 | चर्लपल्ली | 05:00 | देहरादून | 19:20 | साप्ताहिक | मंगलवार | 27.05.2025 तक |
| 07078 | देहरादून | 07:00 | चर्लपल्ली | 22:30 | | गुरुवार | 29.05.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें



**LOST & FOUND**

मैं मिथिलेश शर्मा पत्नी सुभाष चंद्र शर्मा निवासी मकान नंबर 38 कालिंदी कॉलोनी नजदीक ग्रीन पार्क तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर सूचित करती हूं कि मेरी प्रॉपर्टी की सेल डीड नंबर 1023 दिनांक 10.5.2022 यह कालिंदी कॉलोनी में मुझसे दिनांक 10.4.2025 को गुम हो गई है। ddr नंबर 132400 502501478



**निविदा सूचना संख्या. केआईआर/ईएनजीजी/25 ऑफ 2025 तारीखः 02-05-2025 के विपरित संशोधनी संख्या. 01**

निविदा सूचना संख्या. केआईआर/ईएनजीजी /25 अफ 02-05-2025 तारीखः 10-03-2025 के विपरित संशोधनी संख्या. 01।

अब इसतरह से पढ़ना होगाः निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः 06-05-2025 तारीख के 15.00 बजे में एवं खुलेगीः 06-05-2025 तारीख के 15.30 बजे में

अन्य समस्त शर्तावली अपरिवर्तित रहेगी।

डीआरएम (डब्ल्यू), कटिहार

पूर्वोत्तर सीमा रेलवे

मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में



**आवश्यक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजबाला पत्नी धर्मपाल निवासी वार्ड नं. 8, विकास नगर, गोहाना, तह. गोहाना, जिला सोनीपत वारसान् रिपोर्ट बनाने के लिए आवेदन किया है। जिसमें उन्होंने दावा किया है कि धर्मपाल पुत्र श्री बनवारी लाल की मृत्यु 12.11.2024 को हो चुकी है। मृतक उस प्रोपर्टी पर 30 वर्षों से रह रहा था। इससे पहले मृतक की माता श्रीमती खजानी देवी का भी देहांत हो चुका है। अब उसके वारिस राजबाला पत्नी स्व. धर्मपाल, सीमा पुत्री धर्मपाल, पिंकी पुत्री धर्मपाल, नवीन धरा पुत्र धर्मपाल, सचिन कुमार पुत्र धर्मपाल ने वारसान रिपोर्ट हेतु आवेदन किया है। अब इस संदर्भ में किसी को कोई आपत्ति या दावा है तो वह एक सप्ताह के अंदर-अंदर तहसील कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करवाएं। अन्यथा पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयत के मुताबिक वारसान के नाम कर दिया जाएगा। इसमें तहसील विभाग की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

तहसीलदार, गोहाना



**ਗਰੇਟਰ ਮੋਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਵਿਕਾਸ ਅਥਾਰਟੀ**

**ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਸੈਕਟਰ -62, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ**

**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**




ਮਿਸਲ ਚਿੱਠੀ ਨੰ: 440724 ਮਿਤੀ 17-04-2025 ਰਾਹੀਂ ਪਲਾਟ ਨੰ: 18, ਸੈਕਟਰ 53, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਮਾਲਕ Gurpreet Kaur D/o Late Ajmer Singh R/o House No 18 PHASE 3A SAS NAGAR MOHALI ਅਤੇ Tejinderpal Singh Sohal S/o Late Ajmer Singh ਅਤੇ Ravinder Singh Sohal S/o Late Ajmer Singh ਨੇ Saminder Kaur Sohal w/o Late Ajmer Singh R/o HOUSE NO 18 PHASE 3A SAS NAGAR MOHALI ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀਪੀਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਮਿਤੀ 18-03-2025 ਨੂੰ Coventry, England ਵਿਖੇ ਜਾਰੀ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਜਿਸਦੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਨੰ: 29/HRC ਮਿਤੀ 30-04-2025 ਰਾਹੀਂ ਦਰਜ ਹੈ। Jagdeep Kaur Sohal D/o Late Ajmer Singh R/o HOUSE NO 18 PHASE 3A SAS NAGAR MOHALI ਨੇ Saminder Kaur Sohal W/o Late Ajmer Singh R/o HOUSE NO 18 PHASE 3A SAS NAGAR ਨੂੰ ਆਪਣਾ ਜੀਪੀਏ ਨਿਯੁਕਤ ਕੀਤਾ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 301 ਮਿਤੀ 14-10-2014 ਰਾਹੀਂ ਸਬ ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ

ਇਸ ਜੀਪੀਏ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਜੋ Saminder Kaur Sohal W/o Late Ajmer Singh R/o HOUSE NO 18 PHASE 3A SAS NAGAR ਵੱਲੋਂ ਉਕਤ ਪਲਾਟ ਨੂੰ Sukhjit Singh S/o Joginder Singh R/o H no 227, Sector-79, Mohali ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੇਚਣ ਲਈ [illegible] ਮਿਸਲ ਚਿੱਠੀ ਨੰ: 440724 ਮਿਤੀ 17-04-2025 ਰਾਹੀਂ [illegible] ਪਲਾਟ ਨੰਬਰ 18, ਸੈਕਟਰ 53, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਉਕਤ ਦਰਖਾਸਤੀ ਦੇ ਨਾਮ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਦੇਣ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਕਤ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਬਾਰੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ਼ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਇਸ਼ਤਿਹਾਰ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ਼ [illegible] ਅਥਾਰਟੀ, ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ [illegible] ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਹੋਏ ਇਤਰਾਜ਼ਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਉਕਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੋਈ ਜੀ.ਪੀ.ਏ. ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਪਲਾਟ ਨੰ: 18, ਸੈਕਟਰ 53, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ ਨੂੰ ਵੇਚਣ ਦੀ ਆਗਿਆ ਮਿਸਲ ਮੁਤਾਬਕ ਦੇ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਜੁਆਇੰਟ [illegible],
ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ



**PUBLIC NOTICE**

It is here by informed to general public at large that Sh. Rajender S/o Puran Chand r/o Village Ramgarh Alias Arjun Majra Distt Yamunanagar has availed secured loan on their residential house, admeasuring area 114.171sq. yds/sq. mtrs, UDI no 58253WB152000R0179A situated in village Ramgarh Alias Arjun Majra Distt Yamunanagar in lal dora, tehsil Chhachhrauli, (Punjab/ Haryana/ Chandigarh) from Muthoot Homefin I ltd. for Rs 971471/- vide proposal number YAM-PRO-000630 from its branch office at Yamunanagar, Punjab/Haryana/ChandigarhThat the said Sh. Rajender S/o Puran Chand is the owner of above said land measuring 114.171sq. yds/sq. mtrs vide registered sale certificate no. 6571 dated 10/02/2022 executed by gram sachiv and sarpanch registerd at SRO Chhachhrauli. And, sh. Rajender S/o Puran Chandis a sole owner of the above property and here is no co-sharer in the property, if any body having any right /title/litigation/claim or claiming any prior rights or interest in any manner in above mentioned property as per register sale certificate, then may approach the undersigned and submit objection with in 7 days from the date of this public notice with Advocate Manoj Parashar R/o Chamber no 218, Block A, 2nd Floor New Lawyer Chamber Distt Yamunangar. After expiry of this period, No claim shall be entertained and such claim shall be false/fake/frivolous/fraudulent and baseless claim and shall have o value in the eyes of law.



**न्यायालय तहसीलदार- कम सब रजिस्ट्रार जीन्द**

राकेश कुमार पुत्र स्व0 श्री बसाउ राम सकना विश्वकर्मा कालोनी जीन्द।

वनाम जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि स्व0 श्री बसाउ राम पुत्र स्व0 श्री बनवारी लाल एक किता जायदाद की वरूए वसीका बयनामा नम्बर 141 दिनॉक 17-04-2006 दफतर सब रजिस्टरार साहब जीन्द अनुसार रकबे को विक्रय/स्थानान्तरण/वसीयत / इन्तकाल पत्र पंजीकृत हेतू इस कार्यालय में पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता स्व0 बसाउ राम की मृत्यु दिनॉक 13-08-2013 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त उनके निम्न जायज वारिस है:-1-सन्तोष विधवा 2- मनीषा पुत्री 3-अन्नु 4- सुशील 5-राकेश कुमार पुत्रान है। इनके इलावा मृतयक का अन्य कोई वारिस / उतराधिकारी नही है जिसके सम्वंध में प्रार्थी ने शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है कि उपरोक्त मृत्यक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बावत कोई शक एवं एतराज हो तो वह स्वयं / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय में कार्यदिवस के दिन अपनी आपति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जाएगा। यह नोटिस बावत मेरे हस्ताक्षर आज दिनांक 12.05.2025 को न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया है।

तहसीलदार कम-सब रजिस्ट्रार जीन्द



**पंजाब सरकार**

**ग्रेटर लुधियाना एरिया डवेल्पमेंट अथॉरिटी**

**गलाडा कॉम्पलेक्स, राजगुरु नगर, फिरोजपुर रोड, लुधियाना**

**निविदा/आरएफपी संदर्भ सं. 678 दिनांक 14.05.2025**

मंडलीय अभियंता (सी–1), गलाडा, लुधियाना द्वारा सेक्टर 32, समराला रोड, लुधियाना में सामुदायिक केंद्र की रनिंग, रखरखाव, प्रचालन और प्रबंधन के लिए ऑनलाईन बोलियां पुन:आमंत्रित की जाती हैं (01.04.2025 से 31.03.2030)

टिप्पणी:– आवंटन अवधि आवंटन पत्र जारी होने की तिथि से प्रारंभ होगी और आवंटन राशि प्रो राटा आधार पर निश्चित की जाएगी।

अंतिम तिथि एवं समय: 02.06.2025 को अप. 01.00 बजे

विवरण हेतु https://eproc.punjab.gov.inपर लॉग ऑन करें।

टिप्पणी: निविदा सूचना का कोई शुद्धिपत्र केवल उक्त वेबसाईट पर प्रकाशित किया जाएगा।



PSPCL **पंजाब स्टेट पॉवर कॉर्पोरेशन लिमिटेड**

(पंजीकृत कार्यालय: पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला–147001)
कारपोरेट पहचान संख्या 40109PB2010SGC033813

**अल्पावधि निविदा पूछताछ सं. 01/2025–26 (वितरण परियोजना सैल–1, जालंधर)**

एक वर्ष के लिए कार्यालय अति.एसई वितरण परियोजना सैल–1 जालंधर (पंजाब) के उपयोग हेतु एक वर्ष के लिए एक सं. वाहन (महिंद्रा बोलेरो/टीयूवी–300/जाईलो अथवा समकक्ष वाहन) को किराये पर लेना (वाहन 4 वर्ष से पुराना न हो)

ईएमडी: निविदा मूल्य की 02% न्यूनतमराशि रु. 12500/– एओ/कैश, पीएसपीसीएल, पटियालाके पक्ष में।

| | |
|---|---|
| निविदा दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय:– | 02.06.2025, 12.00 बजे |
| निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– | 03.06.2025, प्रात: 10.00 बजे |
| निविदाएं खोलना:– | 03.06.2025, दोप. 12.00 बजे |
| निविदा दस्तावेज की लागत:– | रु. 1180/– |

टिप्पणी:– विस्तृत निआसू/विनिर्देशन/नियम एवं शर्तें पीएसपीसीएल की वेबसाईट (www.pspcl.in)से डाउनलोड की जा सकती है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हुआ, समाचारपत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा, किसी भी प्रकार की अपडेट के लिए नियमित तौर पर वेबसाईट पर पधारें।

सी346/25

▲ अधिकतम 40 डिग्री से.
डिग्री से. 24 न्यूनतम ▼
सूर्योदय 5.28 बजे
सूर्यास्त 7.11 बजे
सोना 24 कैरेट : 96,210.00
सैंसेक्स : 81,330.56
अमेरिका : 85.43
कैनेडियन : 61.12
आस्ट्रेलिन : 55.01

## न्यूज़ ब्रीफ

### दो पहिया वाहन चोर काबू, 4 वाहन बरामद

**चंडीगढ़ (अप्रस/रंजीत शम्मी)।** थाना 11 पुलिस ने दो पहिया वाहन चोरी मामले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान सैक्टर 25 निवासी संजीव के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे से 4 दो पहिया वाहन बरामद कर 4 मामलों को सुलझाया है। जानकारी के अनुसार पता चला कि थाना पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एरिया से दो पहिया वाहन चोरी करने वाला आरोपी सक्रिय है। पुलिस की टीम ने आरोपी को सैक्टर 24 से हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हुआ।

### आरएलए की धमकी के बाद बार बार ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को भरना पड़ा जुर्माना

# ट्रैफिक उल्लंघनकर्ताओं पर नोटिस पड़ा भारी, 9.66 करोड़ दिया जुर्माना

जुर्माना वसूली में 16 गुणा अधिक की बढ़ोतरी दर्ज की गई

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा




**चंडीगढ़, 14 मई।** चंडीगढ़ में पिछले तीन महीनों में 1.54 लाख ट्रैफिक चालान निपटाए गए और इसकी ऐवज में 9.66 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। बीते साल की इस अवधि की तुलना करें तो 16 गुना अधिक बढ़ोतरी दर्ज की गई। चंडीगढ़ के रजिस्टरिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी (आरएलए) की ओर से तीन महीने पहले जारी किए गए सख्त अल्टीमेटम के बाद पांच या उससे अधिक चालान वाले ट्रैफिक उल्लंघनकर्ताओं ने 9.66 करोड़ रुपये का भारी भरकम जुर्माना जमा कराया है। 20 जनवरी को चंडीगढ़ आरएलए ने पांच या उससे अधिक चालान लंबित होने पर ट्रैफिक उल्लंघनकर्ताओं को 15 दिन का अल्टीमेटम जारी किया था कि वे चालान का निपटारा करें या फिर ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण को निलंबित करने का सामना करें। 2025 की शुरुआत में, शहर में पिछले तीन वर्षों में अवैतनिक चालान की राशि लगभग 7.5 लाख हो गई थी। यातायात कानूनों के प्रति चिंताजनक उपेक्षा और जानबूझकर गैर-अनुपालन को ध्यान में रखते हुए, आरएलए ने 20 जनवरी को उल्लंघनकर्ताओं के लिए पांच या अधिक चालान का भुगतान करने या ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन पंजीकरण के निलंबन का सामना करने के लिए 15 दिन की समय सीमा तय की। संभावित दंड से बचने के लिए अनुपालन किया और इसने बड़े पैमाने पर ट्रैफिक उल्लंघनकर्ताओं में हडकंप पैदा किया, जिसके परिणामस्वरूप केवल तीन महीनों में 1.54 लाख चालान का निपटान किया गया। 1 फरवरी से 27 अप्रैल तक निपटे चालानों से यातायात पुलिस को 9.66 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। जनवरी में, कुल 43,216 बार-बार उल्लंघन करने वालों की पहचान की गई और उन्हें बकाया राशि का निपटान करने के लिए 15 दिन का नोटिस दिया गया। नोटिस में आगे चेतावनी दी गई है कि इस समय सीमा के भीतर भुगतान न करने पर वाहन को लेन-देन के लिए नहीं के रूप में चिह्नित किया जाएगा, जिससे आरएलए में इससे संबंधित किसी भी लेन-देन को प्रभावी रूप से रोक दिया जाएगा जिसमें स्वामित्व का हस्तांतरण या कोई अन्य सेवा शामिल है।

### चेतावनी कारगर साबित हुई

पिछले साल इसी अवधि के दौरान सिर्फ 78,093 चालान निपटाए गए थे और 56 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया था। यानि इस साल के आंकड़े अनुपालन में दो गुना से अधिक का उछाल और जुर्माना संग्रह में 16 गुना प्रभावशाली वृद्धि दर्शा रहे हैं। इस बीच, आरएलए ने 15 दिन की समय सीमा पूरी होने के बाद भी लाइसेंस और वाहन पंजीकरण को निलंबित करना शुरू नहीं किया है। अधिकारियों ने कहा कि यह मुख्य रूप से उल्लंघनकर्ताओं से प्राप्त बड़ी संख्या में प्रतिक्रियाओं के कारण है। कुछ ने देरी के कारणों का हवाला देते हुए अपने चालान की फिर से जांच करने का अनुरोध किया है। इन प्रतिक्रियाओं के आलोक में, विभाग ने यह सुनिश्चित करने के लिए कानूनी सलाह मांगी कि लाइसेंस के निलंबन सहित भविष्य की कोई भी कार्रवाई तकनीकी त्रुटियों से मुक्त होगी। विभाग फिलहाल अगला कदम उठाने से पहले कानूनी सलाह का इंतजार कर रहा है। पिछले साल, ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से 22.69 करोड़ रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला था। कुल 9.68 लाख चालान जारी किए गए, जिनमें से 1,40,286 चालान ऑन-द-स्पॉट प्रवर्तन उपकरणों के माध्यम से बनाए गए, जबकि अधिकांश - 8,28,672 - आईटीएमएस (एकीकृत यातायात प्रबंधन प्रणाली) कैमरों का उपयोग करके जारी किए गए।

# जेबीटी भर्ती में डी.एल.एड और बी.एल.एड दोनों योग्यताएं होगी मान्य, हाईकोर्ट का फैसला

चंडीगढ़ प्रशासन ने कैट के आदेश को दी थी चुनौती

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 14 मई।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि जूनियर बेसिक टीचर (जेबीटी) पद के लिए योग्यता अब शिक्षा का अधिकार कानून (आरटीई) और राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीआरटी) के तय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि प्रारंभिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.एल.एड) या प्रारंभिक शिक्षा में स्नातक (बी.एल.एड) दोनों योग्यताएं मान्य हैं। इससे पहले चंडीगढ़ प्रशासन ने कैट (सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल) के उस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें कहा गया था कि जेबीटी भर्ती में केवल डी.एल.एड ही नहीं, बल्कि बी.एल.एड वाले उम्मीदवारों को भी शामिल किया जाए।

जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा और जस्टिस मीनाक्षी आई. मेहता की खंडपीठ ने अपने फैसले में कहा कि आरटीई एक्ट और एनसीटीई की अधिसूचनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने नियमों में तालमेल लाना चाहिए। कोर्ट ने यह भी कहा कि किसी तकनीकी चूक की वजह से किसी योग्य अभ्यर्थी को बाहर नहीं किया जा सकता। प्रशासन का यह दायित्व था कि समय पर नियमों को संशोधित करता ताकि पात्र उम्मीदवारों को उचित मौका मिल सके।

### 2010 से लागू नियम

कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि 2010 से ही एनसीटीई के जो नियम लागू हैं, उनके अनुसार केंद्र और राज्य सरकारों को अपनी भर्ती नीति को उसी अनुरूप बनाना था। लेकिन चंडीगढ़ प्रशासन ने इसमें चूक की, जिससे पात्र अभ्यर्थियों का नुकसान हुआ। कोर्ट ने यह कहते हुए चंडीगढ़ प्रशासन की याचिका खारिज कर दी कि जेबीटी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पास प्रारंभिक शिक्षा का उपयुक्त ज्ञान होना अनिवार्य है, चाहे वह डी.एल.एड. हो या बी.एल.एड.।

# चंडीगढ़ में शराब की दुकानों की नीलामी, पांचवें दौर में 11 दुकानें रहीं अनबिकी

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 14 मई।** यूटी आबकारी और कराधान विभाग द्वारा बुधवार को आयोजित ई-नीलामी के पांचवें दौर में 17 में से 11 शराब की दुकानें अनबिकी रह गईं। विभाग ने छह दुकानों की नीलामी की और 24.32 करोड़ रुपये के रिजर्व मूल्य के मुकाबले 39.60 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया। सबसे अधिक बोली 10.95 करोड़ रुपये सेक्टर 22-सी मार्केट में स्थित दुकान के लिए मिली, जिसका रिजर्व मूल्य 4.13 करोड़ रुपये था। दूसरी सबसे बड़ी बोली 10.50 करोड़ रुपये सेक्टर 22 मार्केट (बस स्टैंड के सामने) की दुकान के लिए थी, जिसका रिजर्व मूल्य 3.26 करोड़ रुपये था। तीसरी सबसे अधिक बोली 6.21 करोड़ रुपये सेक्टर 40-सी मार्केट की दुकान के लिए आई, जिसका रिजर्व मूल्य 6.03 करोड़ रुपये था।इससे पहले, 8 मई को चौथे दौर की नीलामी में 10 दुकानें अनबिकी रह गई थीं। तब 21 में से 11 दुकानों की नीलामी हुई और 47.97 करोड़ रुपये के रिजर्व मूल्य के मुकाबले 60.76 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। तीसरे दौर में 29 अप्रैल को 28 में से केवल सात दुकानें बिकीं। 21 अप्रैल को, बैंक गारंटी का भुगतान न करने के कारण रद्द की गई 48 दुकानों को नीलामी के लिए रखा गया था, जिनमें से केवल 20 के लिए बोली लगी और 109 करोड़ रुपये के रिजर्व मूल्य के मुकाबले 131 करोड़ रुपये कमाए गए।21 मार्च को विभाग ने 97 में से 96 दुकानों को ई-नीलामी के माध्यम से आवंटित किया था और 606 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। हालांकि, बाद में 48 दुकानों के लाइसेंस रद्द कर दिए गए, और इन डिफॉल्टरों की जमानत राशि और सिक्योरिटी डिपॉजिट से 23 करोड़ रुपये जब्त किए गए। कल, 13 मई को विभाग ने सात उच्चतम बोलीदाताओं को ब्लैकलिस्ट कर दिया, जिन्होंने हाल ही में नीलाम की गई विभिन्न दुकानों के लिए निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक सिक्योरिटी राशि जमा नहीं की। इनमें से चार दुकानें सेक्टर 22 में, और एक-एक दुकान सेक्टर 20, इंडस्ट्रियल एरिया फेज द्व और मनीमाजरा (शिवालिक गार्डन के सामने) में थीं। विभाग के अधिकारियों ने कहा, ÷ऐसा व्यवहार न केवल निष्पक्ष नीलामी प्रक्रिया को बाधित करता है, बल्कि बोलीदाताओं की गंभीरता और वित्तीय इरादे पर भी सवाल उठाता है।

# कैट ने तुर्की और अजऱबैजान की यात्राओं व व्यापार के बहिष्कार का आह्वान किया

तुर्की और अजऱबैजान को होगा भारी आर्थिक नुकसान

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 मई।** देश भर के व्यापारियों के शीर्ष संगठन कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ़ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने तुर्की और अजऱबैजान द्वारा पाकिस्तान का खुला समर्थन करने के विरोध में कड़ा रुख अपनाया है। कैट ने देश के व्यापारियों और नागरिकों से इन दोनों देशों की यात्राओं का पूर्ण बहिष्कार करने और व्यापार बंद करने का आह्वान किया है। यह निर्णय इन देशों द्वारा भारत के खिलाफ पाकिस्तान का समर्थन करने के जवाब में लिया गया है। कैट के राष्ट्रीय सचिव और चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग ने बुधवार को इस अभियान की घोषणा करते हुए कहा कि यदि भारतीय नागरिक तुर्की और अजऱबैजान की यात्राओं का बहिष्कार करते हैं, तो इससे इन देशों की अर्थव्यवस्था, विशेषकर पर्यटन क्षेत्र, पर गहरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह कदम न केवल आर्थिक दबाव बनाएगा, बल्कि दोनों देशों को अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर करेगा।

हरीश गर्ग ने 2024 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि तुर्की में कुल 62.2 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें से लगभग 3 लाख भारतीय पर्यटक थे। यह संख्या 2023 की तुलना में 20.7 प्रतिशत अधिक है। तुर्की का कुल पर्यटन राजस्व 61.1 बिलियन डॉलर था, जिसमें भारतीय पर्यटकों का योगदान लगभग 291.6 मिलियन डॉलर था, क्योंकि एक भारतीय पर्यटक औसतन 972 डॉलर खर्च करता है। यदि भारतीय पर्यटक तुर्की की यात्रा बंद करते हैं, तो तुर्की को 291.6 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष नुकसान होगा। इसके अलावा, भारतीयों द्वारा आयोजित विवाह, कॉर्पोरेट आयोजन और सांस्कृतिक गतिविधियों के रद्द होने से अप्रत्यक्ष नुकसान भी होगा। इसी तरह, अजऱबैजान में 2024 में कुल 2.6 मिलियन विदेशी पर्यटक आए, जिनमें 2.5 लाख भारतीय थे। एक भारतीय पर्यटक औसतन 2,170 (लगभग 1,276 डॉलर) खर्च करता है, जिससे भारतीय पर्यटकों का कुल खर्च 308.6 मिलियन डॉलर होता है। भारतीय पर्यटकों के बहिष्कार से अजऱबैजान को 308.6 मिलियन डॉलर का प्रत्यक्ष नुकसान होगा। चूंकि भारतीय पर्यटक अजऱबैजान में अवकाश, मनोरंजन, विवाह और साहसिक गतिविधियों के लिए जाते हैं, इन क्षेत्रों में भी आर्थिक मंदी की आशंका है।

### व्यापार बंद करने का निर्णय 16 मई को

कैट ने तुर्की और अजऱबैजान के साथ व्यापार बंद करने के मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने के लिए 16 मई 2025 को नई दिल्ली में देश के प्रमुख व्यापारी नेताओं का एक राष्ट्रीय सम्मेलन बुलाया है। कैट इस अभियान को तेज करने के लिए ट्रैवल एंड टूर ऑपरेटर्स संगठनों और अन्य संबंधित वर्गों के साथ समन्वय करेगा।चीन के खिलाफ पहले से चल रहा अभियान कैट ने चीन के खिलाफ भी विगत कई वर्षों से चीनी उत्पादों के बहिष्कार का अभियान चला रखा है, जिसका व्यापक असर देखने को मिला है। अब तुर्की और अजऱबैजान को भी इस अभियान में शामिल किया गया है।

### आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव

कैट के चंडीगढ़ चैप्टर के महासचिव भीम सैन ने कहा कि इस बहिष्कार से तुर्की और अजऱबैजान के होटल, रेस्तरां, टूर ऑपरेटर और अन्य स्थानीय व्यवसायों को भारी नुकसान होगा। साथ ही, पर्यटन से होने वाला सांस्कृतिक आदान-प्रदान भी कम होगा, जिससे दोनों देशों पर भारत के प्रति अपनी नीतियों पर पुनर्विचार करने का दबाव बढ़ेगा।

### राष्ट्रहित में व्यापारियों की एकजुटता

हरीश गर्ग ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज अभूतपूर्व रूप से मजबूत है। उन्होंने कहा, कोई भी भारत को कमजोर समझने की भूल न करे। भारतीय व्यापारी अपने राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता और संप्रभुता के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार हैं। हमें केवल सरकार के दिशा-निर्देशों का इंतजार है। यह अभियान न केवल आर्थिक दबाव बनाएगा, बल्कि तुर्की और अजऱबैजान को एक मजबूत राजनीतिक संदेश भी देगा। कैट ने देशवासियों से इस अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

# मानवता के लिए एकजुट हुआ चंडीगढ़, मेयर के आह्वान से प्रेरित होकर सैकड़ों लोगों ने मेगा शिविर में किया रक्तदान

मेयर हरप्रीत कौर बबला ने इस नेक काम के लिए स्वेच्छा से काम करने वाले नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश/वीरेन्द्र सिंह




**चंडीगढ़, 14 मई।** शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला की दिल से की गई अपील के जवाब में चंडीगढ़ के नागरिक शहर के छह प्रमुख स्थानों पर आयोजित मेगा रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक के रूप में शामिल हुए और 530 यूनिट रक्त एकत्र किया, जिसने शहर में एक नया रिकॉर्ड बनाया।

मेयर ने पहले निवासियों से राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए रक्तदान करने के लिए एक साथ आने का आग्रह किया था। इस आयोजन ने न केवल इस सपने को पूरा किया बल्कि चंडीगढ़ की सामूहिक भावना और मानवीय प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया।

विभिन्न गैर सरकारी संगठनों, रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए), मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) और सरकारी विभागों के सक्रिय सहयोग से आयोजित मेगा कैंप में सरकारी कर्मचारियों, बाजार समुदायों, युवा समूहों और स्थानीय नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई। रक्तदान शिविरों की देखरेख सरकारी अस्पतालों के प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों द्वारा की गई, जिससे स्वच्छ, सुरक्षित और कुशल संग्रह प्रक्रियाएं सुनिश्चित हुईं।

एमसी कमिश्नर अमित कुमार ने नगर निगम भवन, सेक्टर 17 में इसी तरह के रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया, जिसे नगर निगम इंजीनियर्स एसोसिएशन द्वारा आयोजित किया गया था।

कमिश्नर ने न केवल रक्तदाताओं को सम्मानित किया, बल्कि स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाने के लिए शिविर के दौरान खुद भी रक्तदान किया। जसबीर सिंह बंटी, वरिष्ठ उप महापौर ने रोटरी और ब्लड बैंक सोसायटी रिसोर्स सेंटर और एरिया मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सेक्टर 19 मार्केट में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया।

इसी तरह सेक्टर 15 मार्केट में इसी शिविर का उद्घाटन श्रीमती द्वारा किया गया। चंडीगढ़ व्यापार मंडल द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में डिप्टी मेयर तरुणा मेहता ने रक्तदान किया। अध्यक्ष संजीव चड्ढा और सीबीएम के अन्य पदाधिकारियों ने भी रक्तदान किया। पूरे दिन शिविर में दानकर्ताओं की एक सतत धारा देखने को मिली, जिसमें नागरिक कर्मचारी, दुकानदार, छात्र, पेशेवर और गृहिणियां शामिल थीं। स्वयंसेवकों ने सुचारू समन्वय और दानकर्ताओं का समर्थन सुनिश्चित किया, जिससे यह आयोजन एक बड़ी सफलता बन गया।

### शिविर का उद्घाटन निम्नलिखित छह स्थानों पर एक साथ सुबह 9.00 बजे किया गया

शिविरों का उद्घाटन शहर की मेयर श्रीमती हरप्रीत कौर बबला ने किया, जिनमें शामिल हैं। सामुदायिक केंद्र, मनीमाजरा कॉम्प्लेक्स, गोबिंदपुरा, महिला भवन, सेक्टर 38 और सामुदायिक केंद्र, सेक्टर 28-सी, जो स्थानीय आरडब्ल्यूए के सहयोग से आयोजित किया गया था।

# अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग स्टेशन का भंडाफोड़, 8 गिरफ्तार

आरोपियो के कब्जे से 545 कमर्शियल/ डोमेस्टिक गैस सिलेंडर,3 इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन,24 रिफिलिंग मोटर बरामद

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी



**चंडीगढ़, 14 मई।** यूटी पुलिस का अहम विभाग माने जाने वाले ऑपरेशन सैल पुलिस ने एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग स्टेशन का भंडाफोड़ कर 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियो के कब्जे से 545 कमर्शियल/ डोमेस्टिक गैस सिलेंडर,3 इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन,24 रिफिलिंग मोटर,जिनकी कीमत करीब लाखों रुपए बताई गई।बरामद की है। जानकारी के अनुसार पता चला कि चंडीगढ़ पुलिस के आला अधिकारियों के दिशा निर्देशों के चलते ऑपरेशन सैल के इंस्पेक्टर रंजीत सिंह की टीम 14 मई को चंडीगढ़ के क्षेत्र में गश्त ड्यूटी पर एक टीम तैनात थी। जब टीम मक्खन माजरा चंडीगढ़ को पार करते हुए वाइन शॉप के पास पहुंची।तो टीम को एक गुप्त सूचना मिली कि 8-9 व्यक्ति मैंगो स्ट्रीट,गांव-दरिया, चंडीगढ़ के पास एक अवैध गैस रिफिलिंग स्टेशन चला रहे हैं। जानकारी के अनुसार, यह भी पता चला कि कुछ दिन पहले मौली जागरां में सिलेंडर में गैस के अवैध स्थानांतरण के कारण दो बच्चे भी घायल हो गए थे। इस घटना के मद्देनजर ऑपरेशन सेल की टीम ने तुरंत मौके पर छापा मारा। मौके पर पहुंचने पर पता चला कि 8 व्यक्ति बिना किसी सुरक्षा उपाय के घरेलू गैस सिलेंडर से कमर्शियल गैस सिलेंडर में अवैध रूप से रिफिलिंग करने का काम कर रहे थे। और स्थानीय लोगों और खुद की जान को खतरे में डाल रहे थे। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान गगनदीप सिंह, राजेश, विनीत, अर्जुन, दीपक, मुरारी, रंजीत और अर्जुन कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने तुरंत मामले में कारवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार कर लिया।जांच के दौरान पता चला कि डेमोटिक एलपीजी गैस कमर्शियल गैस से सस्ती है। कमर्शियल सिलेंडर में रिफिलिंग करने के बाद वे इसे ट्राईसिटी में ऊंचे दामों पर बेचते हैं। इस संबंध में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग को भी सूचित कर दिया गया है। आगे की जांच जारी है।

### ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर संजय टंडन ने रक्तदान शिविर में लिया भाग

# वालंटियर ट्रेनिंग से लेकर रक्तदान शिविरों में चंडीगढ़वासी ले रहे हैं बढ़-चढ़कर भाग : टंडन

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**चंडीगढ़ 14 मई।** हमारे देश की सेनाओं द्वारा ऑपरेशन सिन्दूर को सफल अंजाम देने और पाकिस्तान की सेनाओं के दांत खट्टे करने के उपलक्ष्य में नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा चंडीगढ़ के सेक्टर 19 स्थित सदर बाजार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी संजय टंडन ने विशेष रूप से इसमें भाग लिया। इस अवसर पर उनके साथ नगर निगम के पूर्व महापौर और स्थानीय पार्षद व भाजपा के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता, सदर बाज़ार के चेयरमैन अमृतपाल सिंह, अध्यक्ष राकेश नीटा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सुमिता कोहली, मण्डल महामंत्री डेज़ी महाजन, अमनदीप सिंह पाली सहित क्षेत्रीय दुकानदार एवं बाज़ार में आए अनेक आगंतुक उपस्थित रहे। संजय टंडन ने सभी रक्तदानियों को अपने कर कमलों द्वारा स्मृति चिन्ह व प्रशंसा पत्र भेंट किये और सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमारे देश की तीनों सेनाओं ने मात्र 3 दिनों में ही पाकिस्तान और उसकी सेना को घुटने पर लाकर खड़ा किया और उनके द्वारा पाले जा रहे सैंकड़ों आतंकवादियों और उनके शिविरों के अलावा सेना के ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया। ये तभी संभव हो पाया जब देश की सशक्त राजनीति प्रशस्त हाथों में हो। हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत ही सूझबूझ से पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और अपनी देश की सेनाओं को स्वतंत्र निर्णय लेने का आदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने देशवासियों के सन्देश में साफ़ कर दिया है कि पानी और खून साथ साथ नहीं चलेगा। आतंकी हमले और बातचीत साथ साथ नहीं चलेगी। ये देश भारत देश अब पहले जैसा नहीं रहा। तुम छेड़ोगे तो तुम्हारे घर के अंदर घुस कर चुन चुन कर मारेंगे। ऑपरेशन सिन्दूर से ये तो पाकिस्तान को साफ़ हो गया होगा। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि आज पूरे देश के मीडिया में चंडीगढ़ का नाम सबसे ऊपर आ रहा है। जब प्रशासन ने वालंटियर्स के प्रशिक्षण की पेशकश की तो हजारों की संख्या में बूढ़े, जवान, युवा अपने अपने घरों से निकले और सारे देश ने ये तस्वीर देखी ये हमारे लिए गर्व की बात है। ठीक उसी प्रकार चंडीगढ़ में ऑपरेशन सिन्दूर की सफलता पर चंडीगढ़ में लगने वाले रक्तदान शिविरों में हजारों लोग आकर अपना रक्तदान कर रहे हैं जोकि चंडीगढ़ के निवासी होने पर गर्व महसूस करवाता है ।

# शहर को चौबीसों घंटे पानी सप्लाई का वादा नहीं हो रहा पूरा

24 गुना 7 वाटर सप्लाई प्रोजेक्ट पर 80 करोड़ हो चुके हैं खर्च

अर्थ प्रकाश/वीरेंद्र सिंह

**चंडीगढ़, 14 मई।** नगर निगम की तरफ से स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के सहयोग से चंडीगढ़ में चौबीसों घंटे (24 गुना 7) पानी देने का वायदा अभी भी पूरा नहीं हो पा रहा है। मनीमाजरा के इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन देश के गृहमंत्री अमित शाह ने किया था। उस समय अपने संबोधन में उनका कहना था कि शहरवासियों को अब प्रति दिन 24 गुना 7 परियोजना के अंतर्गत स्वच्छ और फिल्टर्ड वाटर की सुविधा मिलने जा रही है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा था कि अब महिलाओं को सुबह नल के खोलने के लिए अलार्म नहीं लगाना पड़ेगा। इसके बावजदू आज तक वह घोषणा केवल घोषणा ही बन कर रह गई है, वह मूर्त रूप नहीं ले पायी है।



### वर्ष 2024 में हुआ था शुभारंभ

बता दें कि मनीमाजरा में 24 घंटे पेयजल आपूर्ति का पायलट प्रोजेक्ट अभी अधूरा है। सभी घरों में 24 घंटे पानी की सप्लाई आरंभ नहीं हो पायी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने वर्ष 2024 में इसका श्रीगणेश किया था। इस प्रोजेक्ट पर 80 करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं। अब नगर निगम ने पूरे शहर को इस प्रोजेक्ट से कवर करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इस पर अब 500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इस प्रोजेक्ट पर 16 कंपनियों ने अपनी रुचि दिखाई है। इन कंपनियों से नगर निगम ने सुझाव और उनकी राय जानी है।

### पुरानी पाइप लाइनें होंगी तब्दील

इसके उपरांत प्रोजेक्ट का रिक्वेस्ट फार प्रोपोजल जारी होगा। इस प्रोजेक्ट के तहत पूरे शहर से 1200 से 270 किलोमीटर से अधिक पानी की पुरानी लाइनें बदली जायेंगी। पूरे शहर को इस प्रोजेक्ट को कवर करने के लिए फ्रांस की एजेंसी एंजेस ऑफ फ्रांस डी डेवलपमेंट (एएफडी) तकनीकी और आर्थिक मदद दे रही है। विगत दिनों एएफडी के प्रतिनिधि प्रोजेक्ट पर मीटिंग करने के लिए शहर में मौजूद रहे। फ्रांस की एजेंसी प्रोजेक्ट के लिए 421 करोड़ का कर्ज दे रही है।

### पूरे शहर में प्रोजेक्ट के बाद यह बदलाव होने का दावा

24 घंटे सातों दिन हाई प्रेशर साफ पेयजल सीधा टोंटी से मिलेगा। इसके अलावा सभी ट्यूबवैल बंद होंगे। इसके अतिरिक्त 245 से घटकर 150 लीटर प्रति व्यक्ति प्रति दिन पानी की क्षमता होगी। पानी की लीकेज 38से कम होकर 15 प्रतिशत होगी। पानी के बिलों की कलेक्शन 92 प्रतिशत से बढ़कर 100 प्रतिशत होगी। रिकवरी 73 से बढ़कर 100 प्रतिशत होगी और जल जनित बीमारियों मे कमी आयेगी।

### पुरानी लाइनों से 38 प्रतिशत पानी हो रहा बर्बाद

अभी शहर में 96 मिलियन गैलेन प्रतिदिन (एमजीडी) पानी उपलब्ध है। इसमें 76 एमजीडी नहरी और 20 एमजीडी ग्राउंड वाटर ट्यूबवैल से पानी मिल रहा है। 245 लीटर प्रति व्यक्ति पानी का इस्तेमाल हो रहा है। जबकि यह 150 एलजीसीडी होना चाहिए। यह पानी बर्बाद हो रहा है।

### 36 प्रतिशत पानी हो रहा बर्बाद

1960 में शहर की 1200 किमी पाइप लाइन डाली गई थी। इसके बाद पाइपलाइन लीकेज, ड्रेनेज होती रही और इसको इधर से उधर बदला जाता रहा। लाइन लीकेज, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क, औसत बिल चोरी और मीटर नहीं होने से 38 प्रतिशत पानी बर्बाद हो रहा है। मानकों के अंतर्गत 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। सालाना चंडीगढ़ को पानी उपलब्ध कराने में 100 करोड़ की क्षति उठानी पड़ रही है।

### 15 वर्ष में कर्ज वापस करने की शर्त

24 गुना 7 पानी देने के लिए फ्रांस की एजेंसी एएफडी के साथ एमओयू किया गया है। इस प्रोजेक्ट के लिए एएफडी 421 करोड़ का लोन दे रही है। दिसंबर 2029 में प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद 15 वर्ष में यह पैसा वापस करना है। इसकी किश्त 10 करोड़ रुपये त्रैमासिक देनी पड़ेगी। वर्ष में 40 करोड़ रुपये वापस किये जायेंगे। इसकी अदायगी के लिए वाटर टैरिफ भी बढ़ेगा। यह टैरिफ 2029 से ही बढ़ाया जायेगा। चंडीगढ़ में 500 करोड़ रुपये खर्च करने की तैयारी, पूरे शहर में इस परियोजना के लिए 16 कंपनियों ने इच्छा जताई है। कंपनियों के सुझाव और आपत्तियों के बाद फाइनल आरएफपी जारी करके आवेदन मांगे जायेंगे। इसके लिए फ्रांस की एजेंसी से 412 करोड़ का कर्ज लिया गया है।

सम्पादकीय

# पंजाब में नशे का खात्मा सरकार की सख्त पहल

पंजाब सरकार द्वारा अवैध नशे और जहरीली शराब के खिलाफ उठाए गए कदम निश्चित रूप से सराहनीय हैं और राज्य के नागरिकों के प्रति सरकार की गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस जघन्य अपराध के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए मजीठा में जहरीली शराब से हुई मौतों के मामले में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की है। यह सरकार का साहसिक कदम है, जो न केवल दोषियों को सजा दिलाने के लिए बल्कि भविष्य में ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए भी निर्णायक साबित होगा।

**राज्य में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए पंजाब सरकार ने जो प्रतिबद्धता दिखाई है, वह भविष्य में अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श बन सकती है। मुख्यमंत्री और सरकार की पूरी टीम द्वारा उठाए गए कदम निश्चित रूप से एक नई दिशा की ओर अग्रसर कर रहे हैं, जहां नशे और अवैध शराब के काले धंधों पर पूरी तरह से काबू पाया जा सकेगा। यह सरकार के द्वारा उठाए गए पहलू जनता के हित में और राज्य के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।**

मजीठा में जहरीली शराब के मामले में जो सख्त कार्रवाई हुई है, वह दिखाती है कि पंजाब सरकार ने न केवल अपराधियों को पकड़ने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि इस तरह की घटनाओं का पुनरावृत्ति न हो। पुलिस विभाग के अधिकारियों को सस्पेंड करने का निर्णय, यह स्पष्ट संदेश देता है कि सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। यह कदम यह भी दर्शाता है कि सरकार किसी भी रूप में अपराध को बढ़ावा नहीं देगी, चाहे वह किसी भी स्तर पर क्यों न हो।

इस कार्रवाई के परिणामस्वरूप, पंजाब पुलिस ने न केवल अपराधियों की पहचान की है, बल्कि उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की भी गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए तत्परता दिखाई है। मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक मदद और नौकरी का ऐलान भी एक मानवीय पहल है, जो यह साबित करता है कि सरकार सिर्फ कड़ी कार्रवाई ही नहीं, बल्कि पीड़ित परिवारों के लिए सहानुभूति भी दिखाती है।

राज्य में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए पंजाब सरकार ने जो प्रतिबद्धता दिखाई है, वह भविष्य में अन्य राज्यों के लिए भी एक आदर्श बन सकती है। मुख्यमंत्री और सरकार की पूरी टीम द्वारा उठाए गए कदम निश्चित रूप से एक नई दिशा की ओर अग्रसर कर रहे हैं, जहां नशे और अवैध शराब के काले धंधों पर पूरी तरह से काबू पाया जा सकेगा। यह सरकार के द्वारा उठाए गए पहलू जनता के हित में और राज्य के विकास की दिशा में एक मजबूत कदम है।

पंजाब सरकार का यह प्रयास न केवल राज्य के सामाजिक तंत्र को मजबूत करेगा, बल्कि यह उन जिम्मेदार अधिकारियों और विभागों के लिए भी एक चेतावनी है, जो अपनी ड्यूटी में लापरवाही बरतते हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई में पंजाब सरकार अब नशे के खिलाफ एक निर्णायक युद्ध लड़ रही है, और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इस काले धंधे को जड़ से उखाड़ा जाए।

इस प्रकार, यह कदम राज्य के नागरिकों के लिए एक सकारात्मक संदेश है और यह साबित करता है कि पंजाब सरकार न केवल समस्याओं की पहचान करती है, बल्कि उन्हें सुलझाने के लिए कड़े कदम भी उठाती है।

# मोदी-उद्बोधन जागृत राष्ट्र के हौसलों की उड़ान



ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान के जवाबी हमले तथा युद्ध विराम के बाद राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कड़े एवं स्पष्ट शब्दों में न केवल पाकिस्तान को चेताया बल्कि उसको उसकी जमीन भी दिखायी। उन्होंने आतंकवाद के खिलाड़ भारत की प्रखर एवं प्रभावी नीति को पूरी दुनिया के सामने बड़ी स्पष्टता और दृढ़ता के साथ रखा। उनका संबोधन न केवल भारत की भावना की अभिव्यक्ति है, बल्कि यह हमारे देश के सैन्य, कूटनीतिक, नैतिक बल की प्रस्तुति एवं दो सौ अस्सी करोड़ तनी हुई मुट्ठियों की चेतावनी भी है। यह कोरा उद्बोधन नहीं, बल्कि एक जागृत राष्ट्र के साहस एवं हौसलों की उड़ान है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में नई लकीर खींची और नये पैमाने तय किये। पाकिस्तान की समझौते की गुहार को भी सुना, एक बड़े मकसद और व्यापक हित में भारत ने शांति की राह चुनी। पहले से ही युद्धों में उलझे विश्व के लिए भारत का यह कदम आशा एवं उम्मीद की बहुत बड़ी किरण है। लेकिन पाकिस्तान पर एक्शन सिर्फ स्थगित हुआ है, समाप्त नहीं। 22 मिनट का यह संबोधन पाकिस्तान के लिये एक सीख भी है और सबक भी। साथ ही यह एक विशाल एवं विराट इतिहास को समेटे हुए नये भारत के नये संकल्पों की सार्थक प्रस्तुति है।

प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी साफ कर दिया है कि भविष्य में अगर पाकिस्तान से कभी बात होगी तो केवल आतंकवाद और पीओके पर ही बात होगी। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि टेरर और टॉक, टेरर और ट्रेड एक साथ नहीं हो सकते। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेनाओं के शौर्य और पराक्रम की भी उन्होंने खुल कर सराहना की एवं वीरगाथा सुनाई है। भारतीय सेनाओं पर जहां पूरे देश को नाज है, वहीं प्रधानमंत्री के सशक्त नेतृत्व पर समूचे देश को भरोसा है और आज हमारा देश समृद्धशाली और शक्तिशाली होने के साथ ही विकसित भारत के रूप में तेजी से उभर रहा है। प्रत्येक भारतीय की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आतंकवाद के समूल नाश के लिए हमारी सरकार कटिबद्ध है। सिंदूर पोंछने का अंजाम अब हर आतंकी को पता चल गया है। मोदी ने साफ किया कि अब वो दौर चला गया जब भारत परमाणु हमले के नाम पर ब्लैकमेल होता था। अब अगर फिर से हमला हुआ तो पाकिस्तान व आतंकवादियों को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। आतंक की ज?ों पर फिर से प्रहार किया जाएगा और इस बार का प्रहार विनाशकारी एवं विध्वंसक होगा।

पाकिस्तान द्वारा पोषित एवं पल्लवित आतंकवाद उसी के सर्वनाश का कारण बनेगा। पाक को बचना है तो उसे आतंकी ढांचे नष्ट करने होंगे। उन्होंने कहा कि हमारी मिसाइले एवं ड्रोन ने पाक में न सिर्फ आतंकी ठिकानों को नष्ट किया बल्कि इसके साथ सौ से अधिक खुंखार आतंकियों को भी मार गिराया। पाक में आतंकवादियों के लिये जो जगह एवं संवेदनाएं हैं, उसको दुनिया ने भी देखा। भारत की सर्जिकल स्ट्राइक में मरे दुर्दांत आतंकवादियों को अंतिम विदाई देने को पाक सेना के बड़े अधिकारी उतावले थे। पिछले तीस में पाकिस्तान ने आतंकवाद की फसल को सींचने के लिये जो संरचना अपने देश में तैयार की है, उससे निकले आतंकवादियों ने भारत को ही बार-बार लहूलुहान नहीं किया बल्कि ब्रिटेन तथा अमेरिका के 9/11 जैसे हमलों को दुनिया के दूसरे हिस्सों में अंजाम दिया है। मोदी ने स्पष्ट किया कि पहलगाम आतंकी हमले में धर्म पूछकर निर्दोष पर्यटकों की हत्या करने वाले आतंकवादी भारतीय समाज के साम्प्रदायिक सौहार्द एवं समरसता को नुकसान पहुंचाने में पूरी तरह विफल रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने साहस एवं निर्भीकता से पाक की आतंकी मानसिकता को दुनिया के सामने उजागर किया। आतंक की सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखा जाएगा। बुद्ध पूर्णिमा के दिन देश को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने साफ किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन आतंकवाद का भी नहीं है। भारत सदियों से बुद्ध की संस्कृति व विचारों का पक्षधर रहा है। लेकिन शांति का रास्ता शक्ति के रास्ते से ही होकर जाता है और भारत ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए न केवल पाकिस्तान को पस्त किया बल्कि दुनिया को चौंकाया भी है। बिना लाग-लपेट के प्रधानमंत्री ने साफ किया कि भारतीय शांति की नीति को कमजोरी न माना जाए, वक्त आने पर हम शक्ति दिखाने से भी नहीं चूकेंगे। अंधेरों को चीर कर उजाला की ओर ब?ते भारत की महान यात्रा के लिये सबके जागने, संकल्पित होने एवं आजादी के अमृतकाल काल को अमृतमय बनाने के लिये दृढ़ मनोबली एवं सकारात्मक होने का आह्वान है।

मोदी ने भारतीय वैज्ञानिकों की मेधा को सराहते हुए कहा कि सर्जिकल स्ट्राइक ने बता दिया है कि भारत आधुनिक तकनीक से युद्ध के लक्ष्यों को हासिल करने में सक्षम है। भारत ने स्वदेशी प्रयासों व आत्मनिर्भरता के संकल्प के साथ देश को सुरक्षा कवच देने में कामयाबी हासिल की है। ये तकनीकें इक्कीसवीं सदी की सामरिक चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम हैं। पाक द्वारा विश्व शक्तियों से हासिल मिसाइलों व ड्रोन को भारतीय वायु प्रतिरक्षा तंत्र ने जिस तरह नाकाम किया, उसने भारत के रक्षा उत्पादों की विश्वसनीयता पर मोहर लगाई है। हम न्यू इरा के वारफेयर मानकों की कसौटी पर खरे उतरे हैं। जो मेड इन इंडिया हथियारों की विश्वसनीयता को वैश्विक स्तर पर स्थापित करेगा। हमें आने वाले कल के लिए संघर्ष करना है। हमें विश्व की ओर ताकने की आदत छोड़नी होगी, राजनीतिक संकीर्णता से भी ऊपर उठना होगा, जिन्हें भारत पर विश्वास है, अपनी संस्कृति, अपनी बुद्धि और विवेक पर अभिमान है, उन्हें कहीं अंतर में अपनी शक्ति का भान है, वे जानते हैं कि भारत आज पीछे पीछे चलने की मानसिकता से मुक्ति की ओर कदम बढ़ा चुका है और ये स्थितियां हमने पाक के खिलाफ एक्शन में देख ली है।

मोदी ने भारतीय समाज में एकजुटता को अपरिहार्य बताया और कहा कि जब हमारी संप्रभुता और नागरिकों के जीवन पर संकट आएगा तो मुंहतोड़ जवाब जरूर दिया जाएगा। उन्होंने देश के लोगों को भरोसा दिलाया कि भारतीय सेना और सुरक्षा बल किसी भी चुनौती के मुकाबले के लिये तैयार हैं। तब तक तैयार रहेंगे जब तक आतंक के अड्डे खंडहरों में तब्दील नहीं हो जाते। सीमाओं पर शांति इस बात पर निर्भर करेगी कि पाक आतंकवाद को लेकर क्या रवैया अपनाता है। उन्होंने देश की माता-बहनों और बेटियों को आश्वस्त किया कि सरकार का ऑपरेशन सिंदूर उनकी अस्मिता व सुरक्षा के लिये समर्पित था। उस पर किसी कीमत पर आंच नहीं आने दी जाएगी। यह उद्बोधन भारत की भावी सुरक्षित एवं सशक्त दशा-दिशा रेखांकित करते हुए उसे विश्व की महाताकत बनाने का आह्वान है। यह शांति का उजाला, समृद्धि का राजपथ, उजाले का भरोसा एवं महाशक्ति बनने का संकल्प है।

मोदी ने अपने इस संबोधन से अनेक निशाने साधे हैं। उनके अनुसार 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए पूरी जी-जान लगाकर दौड़ना होगा। पाक एवं क्षेत्रीय अस्थिरता इसमें बड़ी बाधा है, और भारत ने फिलहाल इसका इलाज कर दिया है। पाकिस्तान तक सख्त संदेश पहुंच चुका है। इस टकराव के आगे न बढ़ने और भारत के फिर से अपने लक्ष्य की ओर चलने से विश्व राजनीति एवं आर्थिक विकास में नई आशा का संचार हुआ है। मोदी के पाक के खिलाफ एक्शन को स्थगित करने की खुशखबरी के साथ दुनिया में दो बड़ी सकारात्मक खबरे भी आशा की किरण बनी। एक आशा की किरण है अमेरिका और चीन के बीच जारी टैरिफ वॉर का टल जाना, दूसरी किरण तीन साल से ज्यादा समय से युद्ध में उलझे रूस और यूक्रेन में सुलह के लिये दोनों देशों के बीच पहली बार सीधी बातचीत होना। यूक्रेन युद्ध, टैरिफ वॉर और भारत-पाक तनाव ने दुनिया को गंभीर संकट में डाल दिया था। तीनों मोर्चों पर आई सकारात्मक खबरों का असर भारत सहित दुनिया के शेयर बाजारों में आया उछाल है। इनके चलते भारत में नीतिगत स्थिरता, बेहतर समन्वय और ईज आफ डूइंग बिजनेस की स्थिति भी पुनः रफ्तार पकडेगी। ताजा घटनाक्रम से भारत एक आत्मविश्वासी, आत्मनिर्भर एवं सशक्त राष्ट्र के रूप में प्रतिष्ठित हुआ है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### चोरों के 3 गिरोह काबू, लाखों का माल बरामद

चंडीगढ़। नगर पुलिस ने चारों के 3 गिरोह को काबू करके शहर में पिछले दिनों हुए लगभग चोरी के डेढ़ दर्जन से अधिक मामलों को हल कर लेने का दावा किया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गत दिवस हैड कांस्टेबल देसराज व सिपाही कुलदीप सिंह जो सेक्टर 45 व 46 के बैरियर के पास नाके पर खड़े थे यहां से गुजर रहे दो व्यक्तियों को जिनके पास दो कार स्टीरियों थे के रोकने पर पता चला कि दोनों स्टीरियों चोरी के है। ज्यादा पूछताछ के बाद इन्होंने अपने साथियों के नाम व पते भी बताए जिनके पास से 7 कार स्टीरियों, एक कार टीवी टेप रिकार्ड, घड़ी, दो साइकल सूटकेस बर्तन व कपड़े आदि बरामद किये है।

### आनन्द के लिए दौड़

चंडीगढ़। खेलकूद पत्रकार सच चंडीगढ़ की ओर से कल 16 मई को आनंद के लिए दौड का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लगभग 1500 स्कूली छात्र भाग लेंगे। दौड़ जोकि सुबह साढे छ बजे रोज गार्डन से शुरु होकर लेक क्लब पर जाकर समाप्त होगी जिसको भूतपूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री हरमोहन धवन सहित फिल्मी सितारे व मशहूर चुनौती टीवी सीरियल के हिरो सुनील पुरी हरी झंडी दिखाकर विदा करेंगे। लगभग 4 कि.मी. लम्बी इस दौड़ के समापन्न समारोह की अध्यक्षता खेल कूद की निदेशक श्रीमति मिलखा सिंह करेगी जबकि स्टेट बैंक आफ पटियाला के महाप्रबंधक श्री प्रभु दयाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस दौड़ को स्टेट बैंक आफ पटियाला व लैहरी पैप्सी के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

### भारतीय सेना चौकसी में ढील न आने दें: वेंकट रमन

नई दिल्ली। राष्ट्रपति आर. वेंकटरामन ने कहा है कि भारत किसी भी देश के किसी भाग पर कब्जा करने का इच्छुक नहीं है लेकिन वह अपने प्रदेशों की रक्षा के लिए बाहर के प्रत्येक खतरे का मुकाबला करने के लिए अपनी चौकसी में कोई ढील नहीं होने देंगे। राष्ट्रपति पश्चिम बंगाल के कलाईकुण्ड में भारतीय में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आज के इस वैज्ञानिक युग में प्रत्येक देश को चाहिए कि वह जहां तक हो सके युद्ध से गुरेज करें। उन्होंने कहा कि भारत भी देश से लड़ाई मोल लेना नहीं चाहता लेकिन यदि किसी देश द्वारा उस पर युद्ध थोपा जाता है तो वह इसका पूरी ताकत से मुकाबला करेगा।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1242: दिल्ली के सुलतान मुइजुद्दीन बहराम शाह की सेना ने विद्रोह कर दिया और सुलतान की हत्या कर दी।

1817: समाज सुधारक देवेन्द्र नाथ टैगोर का जन्म।

1859: पियरे क्यूरी का जन्म। 1903 में इन्हें मैडम क्यूरी के साथ भौतिकी का नोबल पुरस्कार दिया गया था। मैडम क्यूरी इनकी पत्नी थीं और दोनों ने मिलकर रेडियम की खोज की थी।

1907: भगत सिंह और राजगुरु के साथ हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर लटकने वाले सुखदेव थापर का जन्म।

1923: जॉनी वॉकर, भारतीय हास्य अभिनेता का जन्म।

1935: मास्को मेट्रो लोगों के लिए खोला गया।

1940: दो भाइयों रिचर्ड और मौरिस मैकडॉनल्ड्स ने कैलिफोर्निया के सैन बर्नार्डीनो में मैकडॉनल्ड्स शुरू किया।

1948: अरब देशों ने इजराइल पर हमला किया। एक दिन पहले ही इजराइल ने अपनी आजादी की घोषणा की थी।

1957: ब्रिटेन के सप्लाई मंत्रालय ने घोषणा की कि प्रशांत महासागर में किए गए श्रृंखलाबद्ध परीक्षणों के अंतर्गत पहले हाइड्रोजन बम का परीक्षण किया गया था।

1958: सोवियत संघ ने स्पूतनिक-3 रॉकेट लांच किया।

1967: बॉलिवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित का जन्म।

1993: भारत के 'प्रथम आर्मी कमाण्डर इन चीफ़ फील्ड मार्शल के.एम. करिअप्पा का निधन।

1995: एलीसन हारग्रीव्स बिना आक्सिजन सिलेंडर के एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचने वाली पहली महिला बनीं।

1999: कुवैत सरकार ने महिलाओं को संसदीय चुनावों में मताधिकार का हक दिया।

2002: संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक पर प्रतिबंधों का अनुमोदन किया।

2005: 20 साल के बाद कनाडा में भारत का विमान उतरा।

2008: श्रीलंका सरकार ने आतंकवादी संगठन लिट्टे पर प्रतिबन्ध दो साल के लिए बढ़ाया।

2008: भारतीय मूल की मंजुला सूद ब्रिटेन में मेयर बनने वाली पहली एशियाई महिला बनीं।

2011: किसान नेता महेन्द्र सिंह टिकैत का निधन हुआ।

2013: पेंटर गेर्हार्ड रिक्टर की एक पेंटिंग 37.1 मिलियन अमेरिकी डॉलर में नीलाम हुई। ये किसी भी कलाकार के जीवित रहते उसकी कृति की नीलामी की सबसे बड़ी रकम है।

2018: आंध्र प्रदेश में गोदावरी नदी में नाव डूबने से 40 लोगों की मौत, 20 लोगों को बचाया गया।

## बोल ब्यूटीफुल



**प्रियंका चतुर्वेदी:** भारतीय हमलों में सौ से अधिक आतंकी मारे गए, जो जीवित रहने पर दुनिया के तमाम हिस्सों में आतंकी हमले कर सकते थे। पूरी दुनिया को भारतीय सैन्य बलों का आभार प्रकट करना चाहिए कि उन्होंने आतंक के केंद्र पर निर्णायक प्रहार किया।

**मीनाक्षी जोशी:** 1971 में पूर्वी पाकिस्तान खुद अपनी आजादी की लड़ाई लड़ रहा था। इसलिए इंदिरा जी का फैसला और सेना का शौर्य प्रभावी रहा, लेकिन शिमला समझौते पर आज भी सवाल उठता है।

**शुभम शुक्ला:** प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर एयर बेस जाकर सेना के जवानों के साथ पूरे आपरेशन की जानकारी साझा की। बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान इसी आदमपुर एयरबेस पर हमले की झूठी खबर फैला रहा था।

इम्तियाज अहमद: भारत अब दुनिया को ऐसा इकलौता देश बन गया है, जिसने महज 23 मिनटों में परमाणु हथियारों वाली किसी सेना के एक दर्जन सैन्य ठिकाने नष्ट कर दिए।

# ना मैं टूटी-बिखरी, न ही बदले की भावना से मैंने खुद को झुलसने दिया

दैनिक अर्थ प्रकाश



डॉ. स्वतन्त्र जैन
मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता

**'प्रिय पाठकों, गत कुछ वर्षों से मैं 'आपकी उलझनें-हमारे प्रयास' नाम से एक कॉलम के जरिए आपकी मानसिक उलझनों के हल के लिए लेख लिख रही थी। अब मैं आपसे अपने एडवेंचर (adventures) से भरपूर जीवन की कुछ stories साझा कर रही हूँ ताकि आप भी इनसे कुछ प्रेरणा लेकर अपने नैतिक, मानवीय और सामाजिक दायित्व को निभाने का प्रयास कर सकें। पाठकों से अनुरोध है कि stories पसंद आएं, तो कमेन्ट और शेयर जरूर करें और अपने प्रश्न/कमेन्ट अर्थ-प्रकाश कार्यालय या लेखिका के मोबाइल नंबर- 9254588689 पर WhatsApp या jainswatantra@gmail.com पर मेल करें।' मनोवैज्ञानिक समस्याओं के लिए मेरा निम्न tube channel देखें- https://youtube.com/@swatantrajain7274?**

बात 1983-84 सेशन की है, मैं होशियारपुर (पंजाब) के डीएवी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में शिक्षा-मनोविज्ञान की लेक्चरर थी। अपनी जॉब के साथ-साथ मैं 'विद्यार्थियों की सफलता पर फीडबैक, पर्सनैलिटी, बुद्धि-स्तर (intelligence) और चिंता (anxiety) का क्या प्रभाव पड़ता है' मनोवैज्ञानिक विषय पर PhD भी कर रही थी। यह एक experimental स्टडी थी, जिसमें 9th-10th के 5000 स्टूडेंट्स की पर्सनैलिटी, इन्टेलिजन्स और चिंता-स्तर के आधार पर High-Low इन्टेलिजन्स, High-Low चिंता-स्तर व High-Low extroversion वाले 6 ग्रुप्स पर 4 विभिन्न schedules में उनके टेस्ट-रिजल्ट्स बारे फीड-बैक देकर पूरे साइन्टिफिक तरीके से study कर रही थी। इस सारे प्रोसेस में 8-9 महीनों की कठिन मेहनत से मैंने अपनी पीएचडी फाइल मेन्टेन की थी, जिसमें पूरा experimental रिकार्ड था। इसे मैं हर समय अपने पास रखती, ताकि थोड़ा भी समय मिलने पर मैं अपना काम कर सकूं। वो फाइल मेरी जान से भी कीमती थी मेरे लिए।

एक दिन अचानक प्रिन्सीपल ने मुझे ऐसी क्लास में जाने को कहा, जहां मेरा कोई रेगुलर period नहीं था। सो, मैंने अपनी एकमात्र लेडी कुलीग को अपनी बेशकीमती फाइल देते हुए उसे सम्हाल कर रखने की विनती की, और उसने मुझे आश्वस्त किया कि मैं फाइल की चिंता न करूँ। मैं निश्चिंत होकर क्लास में चली गई और क्लास खत्म होने पर वापिस आकर मैंने उससे अपनी फाइल वापिस मांगी। पर उसने यह कह कर मुझे मेरी लाइफ का सबसे बड़ा शॉक दे डाला कि, 'आपने मुझे कोई फाइल दी ही नहीं, किसी और को दी होगी।'

मुझे ऐसे लगा, जैसे मेरे पाँव के नीचे से जमीन खिसक गई हो! मैंने उसे बार-बार यह याद दिलाने की कोशिश की कि 'प्रिन्सीपल-ऑफिस में ही मैंने उसे फाइल दी थी। और उसके अलावा कोई और लेडी कुलीग थी ही नहीं, फिर किसी और को तो देने का सवाल ही नहीं उठता।' परंतु वह नहीं मानी। मुझे उस वक्त कुछ समझ नहीं आया कि वह क्यों इतना बड़ा झूठ बोल रही है, क्योंकि मेरी पीएचडी फाइल उसके किसी भी काम की नहीं थी।

घर जा कर समझ आया कि वो ईर्ष्या-वश ऐसा कर रही थी, क्योंकि वो पीएचडी नहीं थी। और मैं अगर पीएचडी कर लेती, तो मैं उससे सीनियर हो जाती, या स्टूडेंट्स और स्टाफ की नजरों में मेरा आदर बढ़ जाता। अब ऐसे में या तो मैं टूट-बिखर कर अपना पीएचडी करने का विचार छोड़ देती, या डिप्रेशन में चली जाती या मैं उसका कुछ बिगाड़ने के लिए बदले की आग में झुलसती रहती और उस दिन को कोसती रहती, जब मैंने उसे अपनी फाइल दी थी। बेशक मुझे बेहद दुख और अफसोस हुआ अपनी साल-भर की मेहनत पर पानी फिर जाने से, फिर भी मैंने ऐसा कुछ नहीं किया।

'ना मैं टूटी-बिखरी, और न ही बदले की भावना में मैंने खुद को झुलसने दिया' क्योंकि मुझे उस असीम शक्ति में पूरा विश्वास था कि 'उसकी' मरजी के बिना कुछ नहीं होता, और जो होता है, वो अच्छे के लिए ही होता है।'

सो, उसकी घटिया सोच देख-समझ कर मैंने अपना टाइम गँवाने और मूड खराब करने के बजाय खुद को शांत किया और मन ही मन अपने पीएचडी करने के निश्चय को दृढ़ करते हुए दोबारा से सारे test perform करने की ठान ली।

इस सार्थक सोच और 'उसकी' असीम कृपा से मैंने उन्हीं स्टूडेंट्स पर दोबारा से सारे टेस्ट किए और मैंने मेरा सारा काम 6 महीने में ही पूर्ण कर लिया। दिन-रात मेहनत करके मैंने अपनी पीएचडी 1985 के अंतिम दिन यानि 31 दिसंबर को submit भी कर दी। मेरी कुलीग के धोखे और चालाकी के बावजूद मैंने जून 1986, यानि रिकार्ड-टाइम में अपनी पीएचडी की डिग्री भी हासिल कर ली।

सो दोस्तों, किसी की ईर्ष्या, धोखे, चालाकी व षड्यन्त्र से टूटना-बिखरना नहीं, अपने-परायों के इस स्वाभाविक ईर्ष्या-भाव को जानते-समझते हुए सावधान रहें। धोखा मिल ही जाए तो मेरी तरह टूटे-बिखरे बिना अपने हौसले बुलंद रख 'उसमें' पूर्ण विश्वास रखते हुए आगे बढ़ें, पीछे मूड कर नहीं देखना कभी। अगर आपमें से कोई भी किसी की ईर्ष्या से परेशान है, तो घबराएं नहीं, कुछ असरदार टिप्स अपनाने के लिए Utube पर मेरी विडिओ 'किसी की ईर्ष्या के शिकार हैं तो ऐसे करें सामना' देख सकते हैं। सब पर भगवत-कृपा बनी रहे!

# माइक्रोसॉफ्ट के इंडिया हेडक्वार्टर पहुंचे एसवीएसयू के विद्यार्थी

**माइक्रोसॉफ्ट के विषेशज्ञों से सीखे ऐज्योर एआई के गुर, करियर बनाने की दिशा में महत्वाकांक्षी कदम**

अर्थ प्रकाश/ दयाराम वशिष्ठ

पलवल। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के स्किल डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड आईटी के विद्यार्थियों ने गुरुग्राम स्थित माइक्रोसॉफ्ट इंडिया हेडक्वार्टर का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने कंप्यूटर की दुनिया में आए दिन हो रहे क्रांतिकारी बदलावों का मर्म जाना और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा जेनरेटिव एआई की अत्याधुनिक तकनीक का गूढ ज्ञान प्राप्त किया। बीटेक सीएसई (एआई/एमएल) और बीटेक कंप्यूटर इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों के इस दल ने माइक्रोसॉफ्ट के इंडस्ट्री एक्सपर्ट के साथ सीधा संवाद क़ायम किया और उनसे अप्लाइड एआई और जेनरेटिव आई सिस्टम के बारे में तकनीकी और नवीनतम जानकारी हासिल की। माइक्रोसॉफ्ट के विशेषज्ञ अविषेक अरो?ा और नवप्रीत सिंह ने विद्यार्थियों को साइबर की दुनिया के नवीनतम पहलुओं से अवगत करवाया। यह पूरा सत्र ऐज्योर एआई पर केंद्रित था। दरअसल माइक्रोसॉफ्ट अपने अत्याधुनिक प्लेटफ़ॉर्म से इंटेलिजेंस सॉल्यूशन पर काम करता है। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को माइक्रोसॉफ्ट के विशेषज्ञों ने ऐज्योर एआई पर आधारित ऐप का लाइव डेमो भी दिखाया। इसमें विद्यार्थियों को एआई की प्रक्रियाओं के बारे में सिखाया गया। माइक्रोसॉफ्ट के एक्सपर्ट ने विद्यार्थियों को इंडस्ट्री में काम आने वाले सर्टिफिकेशन प्रोग्राम के बारे में भी बताया साथ ही विद्यार्थियों को माइक्रोसॉफ्ट के विशेषज्ञों ने यह भी बताया कि आज के इस प्रतिस्पर्धी इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी की दुनिया में कौन-कौन से स्किल्स करियर बनाने के लिए आवश्यक हैं। एप्लाइड एआई और जेनरेटिव एआई के वास्तविक जीवन में उपयोग के बारे में भी विद्यार्थियों को जानकारी दी गई। स्किल डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड आईटी की चेयरपर्सन प्रोफ़ेसर ऊषा बत्रा ने बताया कि यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के लिए बहुत महत्वाकांक्षी है। माइक्रोसॉफ़्ट डिजिटल दुनिया का एक बहुत बड़ा नाम है और विद्यार्थियों ने इंडिया माइक्रोसॉफ्ट के इंडिया हेड क्वार्टर का विज़िट कर कई महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की है।

# जरुरतमंदों को राहत व सहायता प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री

## हमीरपुर स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर उनका समावेशी विकास सुनिश्चित कर रही है। सरकार समाज के वंचित और हाशिए पर खड़े वर्गों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि अन्यायपूर्ण तरीके से किसी भी व्यक्ति की आजीविका नहीं जानी चाहिए तथा प्रदेश सरकार जरूरतमंद लोगों को राहत, सहायता और अवसर प्रदान करने का क्रम जारी रखेगी।

मुख्यमंत्री ने अपने आधिकारिक आवास 'ओक ओवर' में हमीरपुर स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल से संवाद करते हुए यह बात कही। प्रतिनिधिमंडल ने अपने लंबे समय से चले आ रहे मामलों के समाधान में सहयोग और हस्तक्षेप के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उनके खोखे पहले मनमाने ढंग से तोड़ दिए गए थे, जिससे वे आजीविका और आश्रय के स्रोत से वंचित हो गए। बार-बार आग्रह के बावजूद, उनके पक्ष में कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन परिवारों को न्याय और आजीविका के साधन उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने सहानुभूतिपूर्वक उनके पुनर्वास की दिशा में कार्य किया, जिससे उनकी आजीविका की समस्या का समाधान हुआ है।

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के सतत प्रयासों के फलस्वरूप राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के वंचित वर्गों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए जन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं।

इस अवसर पर एपीएमसी हमीरपुर के अध्यक्ष अजय शर्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश आनंद, मनोज शर्मा, राकेश वर्मा, सुनील कुमार, हर्ष कालिया, नीलम शर्मा और स्ट्रीट वेंडर्स यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## विवाहिता के साथ जबरन संबंध बनाकर किया शोषण हुई गर्भवती

**बिलासपुर (अप्रस)।** जिला बिलासपुर के एक गांव की एक महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाना में शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए गए, जिससे वह गर्भवती हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार 34 वर्षीय विवाहिता ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि वह जुलाई, 2024 से अपने मायके में रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि उसकी माता ने पंचायत की उपस्थिति में उसे ससुराल भेजने से मना कर दिया था।

उसी दौरान उसके गांव का एक व्यक्ति उसके मायके में आने-जाने लगा। महिला का आरोप है कि गत 17 जनवरी को जब उसकी माता घर पर नहीं थी तो आरोपी उसके मायके के घर में आया और कमरे में ले जाकर जबरदस्ती उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद भी कई बार आरोपी ने शोषण किया। जब महिला गर्भवती हुई और उसने इस बारे में बताया तो आरोपी ने उसे ससुराल लौट जाने को कहा।

विक्रमादित्य सिंह ने की शहरी विकास विभाग की योजनाओं की समीक्षा

## समाधान शिविर लगाकर, नागरिकों को 9 आवश्यक सेवाएं की प्रदान



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज यहां शहरी विकास विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में प्रधान सचिव शहरी विकास देवेश कुमार सहित शहरी विकास विभाग के अधिकारी तथा हिमाचल प्रदेश के विभिन्न शहरी निकायों के आयुक्तों, कार्यकारी अधिकारियों एवं सचिवों ने भाग लिया।

इस अवसर पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रदेश में 90:10 के अनुपात में चलाई जा रहीं केन्द्रीय और प्रदेश सरकार वितपोषित सभी योजनाओं को समयबद्ध क्रियान्वित करना सुनिश्चित बनाया जाए। उन्होंने कहा कि इन विकास योजनाओं का समयबद्ध कार्यान्वयन से न केवल पात्र लोग लाभान्वित होंगे, बल्कि निर्धारित लक्ष्यों को भी समयबद्ध हासिल किया जा सकेगा।

शहरी विकास मंत्री ने कहा कि 5 फरवरी, 2025 को प्रदेशभर में स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर अभियान को शुरू किया गया था। अढ़ाई माह तक चले इस अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी सुनिश्चित बनाते हुए शहरी स्वच्छता व सतत् विकास को बढ़ावा देना रहा। इस अभियान के अंतर्गत नागरिक सेवा पोर्टल के तहत वार्ड स्तर पर समाधान शिविर लगाकर, नागरिकों को 9 आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं।

उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेश में सुन्दरनगर, सोलन, धर्मशाला व जुब्बल, जोगिन्दरनगर तथा पालमपुर व सुजानपुर शहरी निकायों ने क्रमशः प्रदेशभर में पहले पांच स्थानों पर रहकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले शहरी निकायों को भविष्य में प्रोत्साहन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नागरिक सेवा पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई नौ ऑनलाइन सेवाओं को 15 जून, 2025 से सभी प्रकार की प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से ही पूरी की जाएगी। इस सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए जाएंगे। देवेश कुमार ने निर्देश दिए कि अगले 15 दिनों में एस्टेट शाखा को मजबूत किया जाएगा तथा सम्पत्ति मुद्रीकरण व अंडर परफार्मिंग परसम्पत्तियों के लिए पदनाम बार जिम्मेवारी निर्धारित की जाएगी। साथ ही कहा कि बकाया सम्पत्ति कर के प्रोत्साहन के लिए समर्पित योजना विभाग द्वारा तैयार की जाएगी। उन्होंने शहरी विभाग निदेशालय को सम्पत्ति कर की बिलिंग और संग्रह सुनिश्चित करने के लिए प्रमुख हितधारकों के साथ विचार-विमर्श करने के लिए कहा तथा वर्तमान प्रक्रिया में जहां जरूरी होगा, वहां रांची मॉडल पर विचार किया जाएगा।

बैठक में ड्रोन आधारित जीआईएस मेपिंग और प्रापर्टी सर्वे में एजीआईएसएसी द्वारा की गई पगति की समीक्षा की तथा मामले की तत्कालिता को ध्यान में रखते हुए प्रगति में तेजी लाने के लिए एजीआईएसएसी के साथ बैठक की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### 16 मई को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

सोलन (अप्रस)। हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड सोलन से प्राप्त जानकारी के अनुसार आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत 16 मई, 2025 को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी विद्युत बोर्ड सोलन के अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता राहुल वर्मा ने दी। राहुल वर्मा ने कहा कि 16 मई, 2025 को प्रातः 09.30 बजे से प्रातः 09.50 बजे तक तथा तदोपरांत दोपहर 02.00 बजे से दोपहर 02.20 बजे तक एम.ई.एस. क्षेत्र, अप्पर बा?ार, मॉल रो?, पुराना बस अड्डा से आई.टी.आई. गेट तक, टेलीफोन एक्सचेंज, पाण्डे हाउस, माईक्रोवेव, जवाहर पार्क, पी.डब्ल्यू.डी. कॉलोनी, बिन्दल कॉलोनी, लोअर बा?ार, लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह, बाण मोहल्ला आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि इसी दिन प्रातः 09.30 बजे से दोपहर 02.20 बजे तक नेगी कॉलोनी, आनन्द कॉम्पलेक्स कॉलोनी एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब व किन्हीं अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### दिशा की बैठक 15 मई को

**सोलन (अप्रस)।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति, दिशा की बैठक 15 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी। बैठक की अध्यक्षता शिमला लोकसभा क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप करेंगे। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त सोलन एवं जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक राहुल जैन ने दी। उन्होंने कहा कि यह बैठक उपायुक्त कार्यालय सोलन के बैठक कक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक प्रातः 11.00 बजे आरम्भ होगी।

### सत्संग कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित



**सोलन (अप्रस)।** राधा स्वामी सत्संग ब्यास (आर.एस.एस.बी.) के 24 व 25 मई, 2025 को सोलन में आयोजित होने वाले सत्संग कार्यक्रम के आयोजन के सम्बन्ध में गत देर सांय यहां एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने की। बैठक में सत्संग के दौरान यातायात व्यवस्था, पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था, स्वास्थ्य आवश्यकताओं सहित अन्य विषयों पर सारगर्भित चर्चा की गई। मनमोहन शर्मा ने कहा कि यह आयोजन समूचे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है और सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ यह सुनिश्चित बनाना होगा कि इस अवधि में सत्संग का लाभ उठाने सोलन पहुंचे श्रद्धालुओं के साथ-साथ स्थानीय निवासियों को किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक में यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत 23 से 25 मई, 2025 तक बड़ोग से होकर वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित करने तथा सोलन बाईपास, राजगढ़ मार्ग, राधा स्वामी सत्संग परिसर सहित अन्य उपलब्ध स्थानों पर भारी वाहनों की पार्किंग व्यवस्था बनाने तथा आवश्यकता के अनुसार पुलिस मैदान में उचित प्रबंधन करने के विषय में विस्तृत चर्चा की गई। मनमोहन शर्मा ने इस अवधि में चिकित्सा सुविधा के दृष्टिगत दो पैरा-मेडिकल कर्मियों के साथ एक एम्बुलेंस की तैनाती और आवश्यक दवाओं और उपकरणों के साथ क्षेत्रीय अस्पताल में 10 बिस्तर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## तुर्की के खिलाफ हिमाचल में फैला आक्रोश, सेब आयात पर बैन की उठी मांग

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला।** भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के दौरान जिस तरह तुर्की विरोधी देश के साथ खड़ा हुआ, उसे देखते हुए केंद्र सरकार ने तुर्की को सबक सिखाने की तैयारी कर ली है। इसी कड़ी में हिमाचल प्रदेश भी तुर्की के विरोध में खड़ा हो गया है। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार मीडिया, नरेश चौहान ने केंद्र सरकार से तुर्की से भारत में सेब के आयात पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वे मुख्यमंत्री से इस मामले को प्रधानमंत्री के समक्ष उठाने का अनुरोध करेंगे। उनका मानना है कि तुर्की का पाकिस्तान के प्रति समर्थन भारत के हितों के खिलाफ है और इसलिए, तुर्की के साथ व्यापारिक संबंधों पर पुनर्विचार करना आवश्यक है।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने भी इस मुद्दे पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि तुर्की से सेब का आयात हिमाचल प्रदेश के बागवानों के लिए एक गंभीर चिंता का विषय है, क्योंकि इससे उन्हें सीधा नुक्सान होता है। उन्होंने यह भी कहा कि तुर्की ने तनाव के इस दौर में पाकिस्तान का समर्थन किया है, चाहे वह ड्रोन की सहायता हो या तकनीकी सहायता। ऐसे में वह केंद्र सरकार के साथ तुर्की से सेब के आयात पर प्रतिबंध लगाने या आयात शुल्क बढ़ाने का मुद्दा उठाएंगे।

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता और विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने कहा है कि भारत को तुर्की से सेब और अन्य सामान के आयात पर तुरंत प्रतिबंध लगाना चाहिए। वहीं हमारे देशवासियों को इस कृतघ्न देश को सबक सिखाने के लिए पर्यटन और उसके सामान का बहिष्कार करना चाहिए। राठौर ने कहा कि जब तुर्की में विनाशकारी भूकंप आया था, तब भारत ने एनडीआरएफ और सहायता को भेजा था। इस तरह की सहायता भेजकर भारत ने ऑप्रेशन दोस्त शुरू किया था। भारत ने मलबे में फंसे लोगों की मदद के लिए गरुड़ एयरोस्पेस ड्रोन भेजे और दवा व भोजन ले जाने के लिए मॉडिफाइड किसान ड्रोन भेजे। अब उसी कृतघ्न देश ने ऑप्रेशन दोस्त के लिए धन्यवाद देने के बजाय भारत की पीठ में छुरा घोंपा है। संकट की घड़ी में मदद पाने वाले तुर्की ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता प्रदान कर भारत देश के साथ विश्वासघात किया है, जिसे कभी बर्दाशत नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'खून और पानी साथ-साथ नहीं बह सकते'। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा करना उनकी सरकार का कर्तव्य है और वे इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करेंगे।

## महर्षि वाल्मीकि सम्पूर्ण स्वच्छता पुरस्कार के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल सरकार ने महर्षि वाल्मीकि सम्पूर्ण स्वच्छता पुरस्कार के लिए संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस पहल का उद्देश्य ओडीएफ प्लस मॉडल गांवों में व्यापक स्वच्छता और सफाई हासिल करने के लिए ग्राम पंचायतों को मान्यता देना और पुरस्कृत करना है। इसमें प्रभावी ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन और समग्र स्वच्छता बनाए रखना शामिल है।

विभाग के एक प्रवक्ता ने जानकारी दी है कि स्वच्छ हिमाचल के लक्ष्य को प्राप्त करने प्रतिबद्धता को दर्शाने के लिए दिशा-निर्देशों को संशोधित किया गया है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार के लिए पात्रता मानदण्डों में प्रभावी स्वच्छता कार्य, सार्वजनिक स्थानों की सफाई, कुशल अपशिष्ट प्रबंधन, सामुदायिक भागीदारी और अभिनव प्रयास शामिल किए गए हैं। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया एक स्कोरिंग पैटर्न पर आधारित होगी जो विभिन्न स्वच्छता मापदण्डों को महत्व देती है। इसमें ओडीएफ स्थिति को बनाए रखने और ओडीएफ प्लस मॉडल गांव का दर्जा हासिल करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

विजेता ग्राम पंचायतों के लिए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की गई है। खण्ड स्तर पर प्रत्येक खण्ड में एक पंचायत के लिए एक लाख रुपये, जिला स्तर पर यदि किसी जिला में 300 से अधिक ग्राम पंचायतें हैं तो दो ग्राम पंचायतें तीन-तीन लाख रुपये का पुरस्कार प्राप्त कर सकती हैं, सम्भाग स्तर पर प्रत्येक सम्भाग स्तर में एक पंचायत के लिए 5 लाख रुपये और राज्य स्तर पर एक पंचायत के लिए 10 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

प्रवक्ता ने बताया कि सम्पूर्ण और निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए ब्लॉक, जिला, संभाग और राज्य स्तर पर मूल्यांकन समितियां स्थापित की जाएंगी।

## बद्दी में फार्मा उद्योग में लगी भीषण आग

**नालागढ़ (अप्रस)।** हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के औद्योगिक क्षेत्र बद्दी में स्थित एलायंस बॉयोटेक फार्मा उद्योग में बुधवार को अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही कंपनी में मौजूद सभी कर्मचारी और कामगार सुरक्षित बाहर निकाला गए। हालांकि कई घंटे बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

फायर डिपार्टमेंट की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। आग की तीव्रता को देखते हुए बद्दी और नालागढ़ से अतिरिक्त दमकल वाहनों को बुलाया गया। आसपास की औद्योगिक इकाइयों के फायर हाईड्रेंट की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। बुधवार दोपहर तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में आग पर पूरी तरह नियंत्रण नहीं पाया जा सका। अधिकारियों के अनुसार आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। सूत्रों का कहना है कि इस घटना में करोड़ों रुपए के नुकसान की आशंका है। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

## पाइनग्रोव स्कूल के मेधावी छात्रों ने नाम किया रोशन



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**सोलन ।** पाइनग्रोव स्कूल के विद्यार्थियों ने एक बार फिर से सी.बी.एस.ई बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूबे में स्कूल का नाम रोशन किया। पाइनग्रोव स्कूल के 44 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके स्कूल का मान सम्मान बड़ाया। पाइनग्रोव स्कूल ने एक बार फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता की अपनी परंपरा को कायम रखा है। हमारे छात्रों ने तीनों स्ट्रीम - विज्ञान, वाणिज्य और मानविकी में शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें अटूट समर्पण, फोकस और अकादमिक प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। मानविकी स्ट्रीम में धैर्य शर्मा ने 98.60 प्रतिशत अंक लेकर पूरे राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महक सिंह ने 98.4 प्रतिशत अंक अर्जित किए। वाणिज्य स्ट्रीम में अरिजीत भाटिया ने 96.4 प्रतिशत के उल्लेखनीय स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। विशेष ने 92.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विज्ञान स्ट्रीम में टॉप किया। सी.बी.एस.ई बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उपस्थित होने वाले कुल छात्रों की संख्या का 59.5त्न है, इसके अलावा 25 छात्रों ने व्यक्तिगत विषयों में पूर्ण 100 अंक प्राप्त करने की दुर्लभ उपलब्धि हासिल की जो उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक सटीकता का प्रमाण है। अर्थशास्त्र में आभीर जुनेजा, धैर्य शर्मा, मुकुल गोयल, पार्थ गोयल, सात्विक शोकल, मनोविज्ञान में अथर्व शर्मा, धैर्य शर्मा, महक सिंह और कायरा दत्ता, पेंटिंग में अरिजीत भाटिया, रोहक गोयल, तारीश मित्तल, गुरसहज कौर रंधावा, एकलव्य दत्ता और स्नेहा, हिंदी संगीत गायन में पुरुषार्थ कोचर, सात्विक शोकल, सुखविंदर सिंह सुंदलास और येरिक गौरी जबकि सूचना विज्ञान अभ्यास में चिराग गोयल, रूपांश जैन, श्रुति राठौर और त्रिभुवन नरेश शर्टा ने भाग लिया। पाइनग्रोव स्कूल का औसत 89.28 रहा। स्कूल का औसत बहुत बढ़िया है 91.32प्रतिशत (बेस्ट ऑफ़ फोर और 89.28 (बेस्ट ऑफ़ फाइव) सी.बी.एस.ई की दसवीं कक्षा की परीक्षा में छात्रों ने असाधारण प्रदर्शन किया। युवराज सिंगला ने 97.4 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, उनकी कड़ी मेहनत, लगन और आस्था पूरे स्कूल समुदाय को प्रेरित करती है। ये औसत हमारे छात्रों के निरंतर और उच्च स्तरीय प्रदर्शन को रेखांकित करती है । सभी पाइनग्रोव स्कूल के विद्यार्थियों को इस असाधारण उपलब्धि के लिए बहुत-बहुत बधाई।

## जी एस टी की चोरी पर सोलन के स्क्रेप कारोबारी को 6.48 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य कर व आबकारी विभाग की दक्षिण प्रवर्तन क्षेत्र परवाणू की टीम ने रात्रि चेकिंग के दौरान बिना दस्तावेजो के एक मामले में 6.48 लाख रुपये जुर्माने के रूप में वसूले है।

जानकारी अनुसार जी एस टी विभाग के संयुक्त आयुक्त द्वारा गठित टीम में सहायक आयुक्त राज्य कर व आबकारी निपुण कश्यप व कुंदन सिंह, सहायक राज्य कर अधिकारी मनोज सचदेवा व दिग्विजय सिंह व पुलिस कांस्टेबल किरण कुमार ने रात्रि गश्त के दौरान ट्रक नम्बर ॥क्क49916 को कुमारहट्टी नाहन बाईपास पर टीम द्वारा जांच करने में पाया गया कि उक्त ट्रक पिछले 10 दिनों से कॉपर का स्क्रेप लदे वाहन को राज्य से बाहर बिना दस्तावेजों के बेचने की फिराक में था इसी दौरान विभाग ने जी एस टी की चोरी रोकने में कामयाबी हासिल की है। सूत्रों के अनुसार टीम द्वारा सामान मालिक को जांच के दौरान वाहन में लदे माल के दस्तावेज दिखाने को कहा जिस पर सामान के मालिक द्वारा बहुत देर तक टीम को गुमराह करता रहा जिस पर टीम ने ट्रक को आगामी कार्यवाही हेतु परवानू ले जाने के निर्देश दिए अंततः कार्यवाही के दौरान दस्तावेज पेश न करने की सूरत में टीम ने अगली कार्यवाही करते हुए ट्रक में लदे माल के वजन के आधार पर इस स्क्रेप का मार्किट रेट के अनुसार मूल्यांकन करने के उपरांत पाया कि ट्रक में 18 लाख रुपए का कॉपर व अन्य स्क्रेप लदा था जिसकी एवज में जी एस टी अधिनियम के तहत 6.48 लाख रुपये का जुर्माना लगाया । जुर्माने की राशि को व्यापारी द्वारा अगले दिन ऑनलाइन प्रक्रिया से जमा करवाया उसके उपरांत जीएसटी अधिनियम के तहत ट्रक को मॉल सहित मुक्त किया गया ।

आबकारी विभाग दक्षिण प्रवर्तन क्षेत्र परवाणू के संयुक्त आयुक्त जीडी ठाकुर ने इस मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जानकारी मिली थी कि उक्त ट्रक में 15 से 18 लाख रुपये का बहुमूल्य कापर स्क्रेप मौजूद है और व्यापारी द्वारा इसे राज्य से बाहर बिना दस्तावेजों के बेचा जाना था जिसे देखते हुए टीम का गठन किया गया व समय रहते टीम ने इस जी एस टी चोरी को रोकने में अच्छी भूमिका निभाई।

## सोलन में मिले 60 करोड़ साल पुराने हैं स्ट्रोमैटोलाइट फॉसिल

भू-वैज्ञानिक डॉ. रितेश आर्य ने खोज निकाला जिंदा इतिहास

अर्थ प्रकाश /यशपाल कपूर



**सोलन।** सोलन के कसौली निवासी भू-वैज्ञानिक व टेथिस फॉसिल म्यूजज़िम के संस्थापक डॉ. रितेश आर्य ने सोलन शहर के चंबाघाट के पास जोलाजोरां गांव में दुनिया के सबसे प्राचीन स्ट्रोमैटोलाइट जीवाश्म पता लगाया है। ये जीवाश्म 60 करोड़ साल से भी अधिक पुराने हैं, जो पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत की कहानी बताते हैं। डॉ. रितेश आर्य ने कहा कि ये पत्थर नहीं, जिंदा इतिहास हैं, पृथ्वी के पहले जीवों द्वारा बनाए गए स्मारक हैं। इन्होंने ऑक्सीजन का निर्माण शुरू किया, जब धरती पर कोई पेड़-पौधे या जानवर नहीं थे।

**क्या है स्ट्रोमैटोलाइट्स :** स्ट्रोमैटोलाइट्स समुद्र की उथली सतहों पर माइक्रोबियल चादरों द्वारा बनाए गए परतदार पत्थर होते हैं। ये दर्शाते हैं कि आज का सोलन क्षेत्र कभी टेथिस सागर का समुद्री तल हुआ करता था।यह वही सागर जो कभी गोंडवाना (जिसमें भारत, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अमेरिका और अंटार्कटिका शामिल थे) और एशिया के बीच में था। डॉ. आर्य बताया कि जब पृथ्वी की हवा में ऑक्सीजन नहीं थी और ग्रीनहाउस गैसें छाई थीं, तब इन्हीं सूक्ष्म जीवों ने करीब 2 अरब साल में धीरे-धीरे ऑक्सीजन बनाना शुरू किया, जिससे आगे जाकर जीवन संभव हुआ,अगर स्ट्रोमैटोलाइट्स नहीं होते, तो आज ऑक्सीजन भी नहीं होती।

डॉ. आर्य बताया कि इससे पहले चित्रकूट और हरियाणा के मोरनी हिल्स से भी स्ट्रोमैटोलाइट्स खोज चुके हैं। ये डिस्कवरी चैनल के लिजेंडस ऑफ रामायण में भी दिखाए गए थे। लेकिन वे मानते हैं कि चंबाघाट के जीवाश्म एक अलग प्रकार की परतदार संरचना दर्शाते हैं, जो एक भिन्न प्राचीन पर्यावरणीय दशा की हमें जानकारी देते हैं।

**डीसी को भी पत्र से दी जानकारी**

डॉ. रितेश आर्य ने डीसी सोलन और पर्यटन अधिकारी को पत्र लिखकर इस स्थान को राज्य जीवाश्म धरोहर स्थल घोषित करने की मांग करने वाले हैं। उनका मानना है कि इससे विज्ञान, संरक्षण और जियो टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। यह सिर्फ जीवाश्म नहीं हैं - यह हमारी धरती की आत्मकथा हैं। हमें इन मौन गवाहों को बचाना होगा, इससे पहले कि बुलडोजर इन्हें खत्म कर दें। चंबाघाट क्षेत्र के जीवाश्मों की पहचान पहले भी जीएसआई वाडिया इंस्टिट्यूट और बीरबल साहनी संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा की जा चुकी है, लेकिन अब तक भारत में केवल तीन जीवाश्म पार्क ही मान्यता प्राप्त हैं। इनमें जैसलमेर (राजस्थान), मिर्जापुर (उत्तर प्रदेश) और सिक्किम (निर्माणाधीन) शामिल है। डॉ. आर्य ने मांग की है कि हिमाचल के चंबाघाट क्षेत्र को भी समान दर्जा मिलना चाहिए, क्योंकि यह केवल भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए भूगर्भीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है।

### क्या कहना है एक्सपर्टस का

- पूर्व ओएनजीसी महाप्रबंधक डॉ. जगमोहन सिंह ने कहा कि चंबाघाट के ये स्ट्रोमैटोलाइट्स हमें उस युग में ले जाते हैं जब पृथ्वी पर जीवन की शुरुआत हो रही थी। यह भारत की भूवैज्ञानिक धरोहर में एक ऐतिहासिक योगदान है।
- वाडिया संस्थान के पूर्व वरिष्ठ भूवैज्ञानिक और स्ट्रोमैटोलाइट्स पर अंतरराष्ट्रीय भूवैज्ञानिक समन्वय कार्यक्रम के सदस्य प्रो. विनोद तिवारी ने कहा कि चंबाघाट का स्ट्रोमैटोलाइट स्थल वैश्विक भूवैज्ञानिक मानचित्र में एक महत्वपूर्ण योगदान बन सकता है, जो पृथ्वी विज्ञान के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय समन्वय और सहयोग को प्रोत्साहित करेगा।
- पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व भूविज्ञान विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भूवैज्ञानिक प्रो. (डॉ.) अरुणदीप आहलूवालिया ने कहा कि ये जीवाश्म न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं, बल्कि संरक्षण के योग्य भी हैं। इनकी संरचना और आकार अद्भुत हैं।

# प्रदेश सरकार ने चिकित्सा महाविद्यालयों में तृतीयक स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ कीं

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला।** वर्तमान प्रदेश सरकार राज्य के सभी छः चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरन्तर प्रयास कर रही है ताकि रोगियों का बेहतर उपचार सुनिश्चित किया जा सके। इसके दृष्टिगत मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के दिशा-निर्देशों पर हमीरपुर स्थित डॉ. राधा कृष्णन चिकित्सा महाविद्यालय में नेफ्रोलॉजी, न्यूरोलॉजी, गेस्ट्रेएंट्रोलॉजी विभाग स्थापित करने को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन विभागों के सुचारू संचालन के लिए कुल 118 पदों को सृजित कर भरने का भी निर्णय लिया गया है। इससे जिला हमीरपुर के अलावा मंडी, ऊना, बिलासपुर और कांगड़ा जिला के मरीजों को भी उत्कृष्ट चिकित्सा उपचार की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप अस्पताल प्रशासन द्वारा करवाए गए सर्वेक्षण में पाया गया कि किडनी, नसों और पाचनतंत्र से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अभाव में मरीजों को आईजीएमसी शिमला, टांडा मेडिकल कॉलेज, पीजीआईएमआर चंडीगढ़ जैसे बड़े चिकित्सा संस्थानों में जाना पड़ता था। लेकिन अब मुख्यमंत्री ने प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में नए विभागों की स्थापना और आवश्यक चिकित्सकों व स्टाफ की नियुक्ति की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश भी दिए हैं। उनके निर्देशानुसार राज्य सरकार ने मंडी जिला के श्री लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सा महाविद्यालय, नेरचौक में न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग की स्थापना को मंजूरी प्रदान की गई है। इसका सुचारू कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर, न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजिस्ट और रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर के पद सृजित कर भरे जाएंगे। इसके अतिरिक्त, सिरमौर जिला के डॉ. वाई. एस. परमार राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नाहन में पैथोलॉजी विभाग में इम्यूनोहेमेटोलॉजी और ब्लड ट्रांसफ्यूजन विभाग में असिस्टेंट प्रोफेसर का पद भरने को भी मंजूरी दी गई है।

**मैं,** जय सिंह पुत्र भगवाना गांव दुर्जनपुर तह0 उचाना जिला जींद अपने हल्फ से बयान करता हुं कि मेरा बेटा प्रवीन मेरी हर बात मानता है प्रवीन मेरी जायदाद का वारिश होगा मैं उसकी बेदखली वापस लेता हूं मेरा बेटा प्रवीन लेनदेन करता हे तो इसकी जिम्मेवारी मेरी होगी व मेरे परिवार की होगी।
एपी-1187

**मैं,** सरबजीत कौर माता No. 2514062A रैंक L/Nk प्रिंस सैनी निवासी गांव खेड़की ब्रह्मनान, डाकघर घिल्लोर माजरी, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर ने अपना नाम सरबजीत कौर से बदलकर सरबजीत कौर रख लिया है।

**मैं,** सरबजीत कौर माता No. 2514062A रैंक L/Nk प्रिंस सैनी निवासी गांव खेड़की ब्रह्मनान, डाकघर घिल्लोर माजरी, तहसील रादौर, जिला यमुनानगर ने अपनी जन्मतिथि 01-01-1966 से बदलकर 01-01-1965 कर ली है।
एपी-1206

I , hithero known as Rakesh Sharma S/o Shri Bhagwan R/o VPO Ritauli Pana Lagard, Distt Rohtak, Haryana-124001 have changed my name and shall hereafter be known as Satish Kumar.

I, hitherto known as SARBATI W/o PALA RAM R/O Kole Khan, Kaithal, Kolekhan, Haryana-136117 have changed my name and shall hereafter be known as SARBATI DEVI.
एपी-1204

**मैं,** रविन्द्र डिग्रवाल पुत्र सीता राम निवासी वार्ड नंबर 1, लोहारू 127201, जिला भिवानी अपने हलफ़ से ब्यान करता हूँ की मेरी हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं की मार्कशीट में मेरा नाम रविन्द्र दर्ज है। मेरा सही नाम आधार कार्ड के अनुसार रविन्द्र डीग्रवाल है।
एपी-1210

## बेदखली सूचना

**मैं,** सुरिंदर कौर नागी पत्नी हरदीप सिंह निवासी मकान नंबर 869, सेक्टर 78, (मोहाली), पंजाब, घोषणा करती हूँ कि मेरा बेटा अमरिंदर सिंह और बहू संदीप कौर मेरे कहने से बाहर हैं, इसलिए मैं उन्हें अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। उनके साथ लेन-देन करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेदार होगा।

**मैं,** सुदर्शन रानी पत्नी स्वर्गीय श्री रघुनाथ संदूजा, निवास #3719, सेक्टर 32-डी, चंडीगढ़ मैं घोषणा करती हूँ कि मेरा बेटा नितीश संदूजा मेरे कहने से बाहर है। मैं उसे अपनी सभी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ। उनके साथ लेन-देन करने वाला व्यक्ति खुद जिम्मेदार होगा।
एपी-1188

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

**मैं,** आलमगीर उम्र 80 वर्ष पुत्र ईब्राहिम निवासी गाँव बल्हेडा, जिला करनाल हाल आबाद वार्ड न0 11, पानीपत, अपने हल्फ से ब्यान करता हूं। मैं अपने लडको युसुफ जमील, आरिफ, आयाज, अल्ताश, जुनैद और मेरी आठ लड़कियां नसीमा, नफीसा, शमीम, शमीना, करशो, भूरी, सानो व खातो मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैं उपरोक्त नामित सभी व्यक्तियों को अपनी चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ लेन-देन करने वाला स्वंय जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेवारी नही होगी।
एपी-1199

हम कुलदीप सिंह पुत्र बाबू राम और (ii) श्री मति सरला पत्नी कुलदीप सिंह, दोनों वासी कोठी नं. 212, ब्लॉक-ए, ईको सिटी-1, न्यू चंडीगढ़, सैक्टर 5, मुल्लांपुर, जिला मोहाली (एस ए एस नगर) ने पिछले लगभग पांच वर्ष से अपने पुत्र विजय सिंह और इसकी पत्नी संगीता को अपनी चल अचल जायदाद से बेदखल किया हुआ था, अब हमारा पुत्र विजय सिंह हमारे कहने में है और हमारी सभी तरह से मदद करता है इस लिए हम अपने द्वारा अपने पुत्र विजय सिंह के लिए की गई बेदखली वापिस लेते है। अब वह हमारा कानूनी उत्ताधिकारी है व हमारी चल अचल सम्पति का हकदार है पर उसकी पत्नी संगीता हमारे कहने से बाहर है इसलिए उसकी पत्नी संगीता को हमारी किसी भी चल अचल सम्पति में कोई अधिकार नहीं है।
एपी-1201

**मैं,** दयानन्द पुत्र श्री बनवारी लाल शर्मा निवासी मंगाली आकलान तहसील व जिला हिसार, हरियाणा ब्यान करता हूं कि मेरा पुत्र पवन कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से पूरी तरह से बाहर है, इसलिए मैं अपने पुत्र पवन कुमार को अपनी चल-अचल सम्पति व निजी जिन्दगी से बेदखल करता हूँ उसके किसी भी लेन-देन व व्यव्हार की मेरी तथा मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी, वह स्वंम जिम्मेवार होगा।

**मैं,** जिले सिंह पुत्र श्री फुल सिंह, निवासी मंनं 25. नजदीक बालाजी मन्दिर, संजय नगर, बालसमंद रोड, हिसार, हरियाणा ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र सोमबीर व उसकी पत्नी पूजा मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है इसलिए मैं अपने पुत्र सोमबीर व उसकी पत्नी पूजा को अपनी समस्त चल व अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ, उनके किसी भी लेन-देन अथवा व्यवहार की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी, वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-1203

हम, हरि राम (आधार नम्बर 2496 9494 9527) पुत्र लाला राम व आशा देवी (आधार नम्बर 8346 2335 3781) पत्नी हरि राम निवासी पटियाला बैंक कॉलोनी, थानेसर, जिला कुरूक्षेत्र ब्यान करते है कि मेरा पुत्र नीटू, पुत्रवधु कविता, पौत्र विहान व पोत्री हिमांशी हमारे कहने सुनने से बाहर हैं को हम अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनसे किसी प्रकार का लेनदेन या व्यवहार करने वाला अपने स्वयं का जिम्मेवार होगा। हमारी इसमें कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
एपी-1204

**मैं,** हुकुम सिंह सिरसवाल पुत्र श्री रामदिया निवासी गांव नेवल जिला करनाल ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र कमलजीत उर्फ तीतली और उसकी पत्नी बाबू रानी दोनों मेरे कहने सुनने से बाहर है।इसलिए मैं उनको अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं।भविष्य में उनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेवार होगा।
एपी-1208

**मैं,** कुडा पुत्र श्री कालु निवासी गांव बाल रांगडान, जिला करनाल बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शकील मेरे कहने-सुनने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। वह अपने लेन-देन, अच्छे-बुरे, कानूनी, गैर-कानूनी कार्य का स्वयं जिम्मेदार होगा।
एपी-1211

**मैं,** जफरुदीन पुत्र श्री मुंशी निवासी #49-ए गाँव रज्जीपुर तहसील कालका जिला पंचकूला हरियाणा, मेरी लडकी फरीन उर्फ नेहा और नवीन पुत्र सुनील कुमार पुत्र श्याम दर्जी, दोनो मेरे कहने से बाहर हैं, मै इन्हें अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनसे लेन-देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-1184

## संबंध विच्छेद

मैं, संतरो पत्नी श्री धर्म सिंह निवासी गांव हाड़वा तहसील सफीदों जिला जीन्द ब्यान करती हूं कि मेरी पुत्रवधू रीना धर्मपत्नी कुलदीप पुत्र धर्म सिंह मेरे कहने सुनने से बाहर हैं। इसलिए मैं इस के साथ सम्बन्ध विच्छेद करती हूं। भविष्य में ये कोई अपराध करती है या इसके साथ लेन-देन,कानूनी - गैर कानूनी कार्य व अन्य व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-1198

## आवश्यक सूचना

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

# हरियाणा के कॉलेजों में पढ़ाई के साथ होंगे स्किल और वेल्यू एडिड कोर्स

उच्च शिक्षा परिषद ने यूनिवर्सिटी व कॉलेज प्राचार्यों से मांगी रिपोर्ट

23 मई तक उपलब्ध करानी होगी वर्तमान कोर्सों की जानकारी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



चंडीगढ़, 14 मई। हरियाणा के कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में पढने वाले विद्यार्थियों को अब पढ़ाई के साथ-साथ स्किल और वेल्यू एडिड कोर्स करवाए जाएंगे। इन कार्सो को नए सिरे से वर्तमान मांग के अनुसार लांच किया जाएगा।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद ने सभी यूनिवर्सिटी और कॉलेजों से उनके यहां वर्तमान चल रहे स्किल और वेल्यू एडिड कोर्सो को लेकर जानकारी मांगी है। यह जानकारी 23 मई तक तय समय पर उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए गए हैं ताकि कोर्सो की जानकारी मिलने पर बच्चों को हुनरमंद बनाने का ड्राफ्ट तैयार करके सरकार को भेजा जा सके। इसे लेकर परिषद ने हरियाणा में राज्य वित्तपोषित विश्वविद्यालयों के कुलपति, हरियाणा के निजी विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राचार्य सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेज और निजी (एसएफएस) कॉलेजों को पत्र भी लिखा गया है।

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के सलाहकार के.के अग्निहोत्री ने बताया कि हालही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि परिषद माइनर और मेजर संकायों में बहु विषयक पाठ्यक्रमों, क्षमता संवर्धन पाठ्यक्रमों (एईसी), कौशल संवर्धन पाठ्यक्रमों (एसईसी), मूल्य वर्धित पाठ्यक्रमों (वीएसी) की सूची एकत्रित करेगी ताकि मुख्य विषयों के अलावा अन्य पाठ्यक्रमों को चुनने वाले बच्चों को इन कोर्सो की जानकारी देकर हुनरमंद बनाया जा सके। अगर किसी कॉलेज में ऐसे स्किल या वेल्यू एडिड कोर्स नहीं हैं तो उन कॉलेज के छात्रों को डिस्टेंस मोड से बच्चे द्वारा चयनित कोर्स को कराया जाएगा।

### डाटा तैयार करने के लिए ऑनलाइन फार्म किया तैयार

हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा ने बताया कि पढ़ाई के साथ-साथ इन हुनरमंद कोर्स करने के बाद बच्चे को न कौशल का ज्ञान होगा बल्कि वह उसके जरिए रोजगार भी प्राप्त कर सकेगा। इसी क्रम में परिषद द्वारा स्किल और वेल्यू एडिड कोर्सों का डाटा एकत्रित करने के लिए ऑनलाइन फार्म तैयार किया गया है। इसके लिए सभी यूनिवर्सिटी, सरकारी व प्राइवेट कॉलेजों को 23 मई तक का समय दिया गया है।

## विद्यार्थियों ने सत्यनिष्ठा अभियान में शपथ लेकर दिया योगदान

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा करप्शन फ्री इंडिया अभियान के अंतर्गत जेपीएस एकेडमी में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण एवं एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड सेमिनार का आयोजन नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला इंचार्ज करनाल राज गौरव आर्य ने की। फाउंडेशन द्वारा एकेडमी के प्रिंसिपल बलराज सिंह को एक्सीलेंस प्रिंसिपल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्यनिष्ठा की शपथ ग्रहण कर सच्चाई और ईमानदारी से जीवन जीने का प्रण लिया। नरेंद्र अरोड़ा ने विद्यार्थियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्कूल के होनहार विद्यार्थियों जिनमें विहान आर्य, कनिष, कुशल, गुरसमर, विराट, जपनीत, निम्रत,सीरत, परी, तन्नू, अन्वी, उर्वशी, कशवी, भूविका, वेदिका, एकम, वंशिका, अपेक्षा, नव्या, तेजस, रोमिल, तनवीर, सुखमनप्रीत, आयुष, विजय, प्राची, इशू, महक, वाणी, जसप्रीत, सुराजर, हरमनदीप, मितांशी, अनुज, अंगदवीर, हार्दिक, रितिका, नवकीरत, संजीवनी, तनीष, अमनदीप, जसीत, अश्विन, नितिन को एक्सीलेंस स्टूडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

## स्वामी ज्ञानानंद जी के जन्म दिन पर विशेष

# जीयो गीता के माध्यम से गीता ज्ञान को जन जन तक पहुंचा रहे हैं राष्ट्र संत स्वामी ज्ञानानंद

सनातन धर्म का बर्चस्व स्थापित होने से संसार में शांति संभव

संसद और विधान सभाओं में लगे महर्षि व्यास की तस्वीर

अर्थ प्रकाश/शैलेन्द जैन



करनाल, 14 मई। लगभग साढ़े पांच हजार साल पहले लिखी गई श्री मद्भगवत गीता को ग्रंथो से निकाल की जन जन तक पहुंचाने का संकल्प लेने वाले महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी ने सनातन धर्म को सात समंदर तक पहुंचाया हैं। आज श्री मद्भगवत गीता के श्लोकों की गूंज कनाडा आस्ट्रेलिया, मारीसश यूनाइटेड किंगडम अमरीका मरीशश मालदीव सहित कई देशों में उठ रही हैं। श्री मद्भगवत गीता को विश्व के अनेक देशों की संसदों में प्रतिष्ठित किया गया हैं। इसका श्रेय स्वामी ज्ञानानंद जी को जाता हैं। अंबाला की धरा जहां मंगल पांडे ने प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की अलख जलाई थी। उसी अंबाला की धरा पर जन्म स्वामी ज्ञानानंद जी ने मथुरा ब्रदांवन में अपनी धर्म और अध्यात्म की शिक्षा ली। उसके बाद श्री कृपा विहारी को अपना आराध्य मान कर संतों की समाज में सबसे अग्रणीय हैं। गौ रक्षा आंदोलन से लेकर राम जन्म भूमि आंदोलन के दौरान जैल जाने वाले संतों में स्वमी ज्ञानानंद जी की गिनती होती है। पिछले कई दशकों से सनातन धर्म और श्री मद्भगवत गीता गौ रक्षा के संकल्प को लेकर चल रहे हैं। आज के दौर में देखा जाए तो महाभारत को जन जन तक पहुंचाने वालों में बी आर चौपड़ा और रामायण को जन जन तक पहुंचाने वालों में रामा नंद सागर का नाम लिया जाता हैं। देश और विदेश में जितना काम श्री मद्भगवत गीता पर हो रहा है वह सब स्वामी ज्ञानानंद जी के कारण हो रहा हैं। जियो गीता के रूप में देश को अनूठा उपहार मिला हैं। स्वामी ज्ञानानंद जी कुरुक्षेत्र में अंर्तराष्ट्रीय स्तर का संस्थान बना रहे है। जहां पर शोध कार्य होंगे। सनातन संस्कृति व्यास परंपरा के आधुनिक सूत्रधार महा मंडलेश्वर स्वामी ज्ञानानंद जी का सपना संसार के देशों की संसदो, विधान सभाओं में महर्षि वेद व्यास, की प्रतिमा स्थापित की जाए। स्कूलों में जीयो गीता के माध्यम से बच्चों तक पहुंचे। स्वामी ज्ञानानंद जी ने श्री मद्भगवत गीता को जन जन तक पहुंचाने के लिए स्वमी जी अभियान चला रहे हैं। आज स्वामी ज्ञानानंद जी का कहना है कि विश्व शांति के लिए सनातन धर्म का वर्चस्व सथापित होना जरूरी हैं। आज स्वामी जी राष्ट संत की भूमिका में हैं। उनका मानना है कि देश पर धर्म का मार्गदर्शन जरूरी हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### गौ सेवा के लिए गौशाला पहुंचाया 2 हजार किलो चारा



यमुनानगर (अप्रस/डा. आरके जैन)। चैरिटेबल ग्रुप के सौजन्य से गऊ वंशज सेवा कार्यक्रम का आयोजन अम्बाला रोड स्थित गऊशाला के प्रांगण में किया गया, जिसमें लवीन मदान परिवार व सदस्यों के द्वारा सामूहिक रूप से गऊशाला में चारा व अन्य खाद्य सामग्री पहुंचाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंकज वर्मा ने की तथा संचालन जितेन्द्र सोई ने किया। रवि कुमार ने बताया कि मूक प्राणियों की सेवा को सबसे बड़ी सेवा कहा जाता है, और यह भी माना जाता है कि इन बेजुबानों की सेवा करने से सभी प्रकार के कष्ट व पीड़ा दूर होती है, क्योंकि मनुष्य अपने दुख-दर्द व जरूरतें कह कर व बता कर पूरी करा लेता है किन्तु बेजुबान पशु अपनी तकलीफ किसी को नहीं बता पाते है। कार्यक्रम में दानी परिवार द्वारा पशुओं के लिए 2 हजार किलो चारे सेवा की गई। अंकुर जैन ने बताया कि पशु-पक्षी प्रकृति का साकार रूप है, इसका अस्तित्व निश्चित रूप से मानव मात्र के लिये शाश्वत, प्रेरत व मंगलमय है, क्यों धर्म के अनुसार मानव मात्र के अतिरिक्त अन्य जीवों पर दया करना भी श्रेष्ठ व आवश्यक कार्य है। इस अवसर पर मुकेश नागपाल, राजीव सूद, अमन भंडारी, के. के. जैन,ऋषभ जैन, भव्य जैन, पुनीत जैन, अंकुर जैन, पारस, अमन सोई, शिवम, अश्विनी, पारस मसान, सुनील गुप्ता आदि ग्रुप सदस्यों ने सहयोग दिया।

### 'शक्ति व शांति के संतुलन से राष्ट्र निर्माण' पर संगोष्ठी आज



पानीपत (अप्रस/सुभाष जैन)। अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक प्रख्यात जैन आचार्य लोकेशजी के सान्निध्य में 15 मई को गुरुग्राम में आयोजित होने वाली 'शक्ति व शांति के संतुलन से राष्ट्र निर्माण' राष्ट्रीय संगोष्ठी को हरियाणा के मुख्यमंत्री माननीय श्री नायब सिंह सैनी व दिल्ली की मुख्यमंत्री माननीया श्रीमती रेखा गुप्ता संबोधित करेंगी। जैन आचार्यश्री लोकेश जी ने कहा कि सैनिक व संतों के समन्वय से ही संतुलित समाज का निर्माण संभव है। शक्ति और शांति का संतुलन एक महत्वपूर्ण अवधारणा है जो अंतरराष्टीय संबंधों और राजनीतिक सिद्धांतों में व्यापक रूप से उपयोग की जाती है। इस संगोष्ठी में नीति निर्धारित करने वाले राजनेता सभा को संबोधित कर राष्ट्र के नाम संदेश देंगे। विश्व शांति केंद्र के प्रवक्ता ने बताया कि संगोठी मे सैनिकों के साथ, आम नागरिक और समाज सेवी भी भाग लेंगे।

### एक चोर गिरफ्तार, चोरी की बैटरी बरामद

व्यासपुर (अप्रस/संजीव कुमार)। थाना छछरौली पुलिस की टीम ने एक चोर को किया गिरफ्तार। आरोपी से चोरी की बैटरी की बरामद। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया ने जिला पुलिस को अपराध व अपराधियों पर नकेल कसने के सख्त निर्देश दिए हुए हैं। इन्हीं निर्देशों के तहत कार्य करते हुए थाना छछरौली पुलिस की टीम ने चोर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी से चोरी की बैटरी बरामद की। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है। थाना प्रबंधक जगदीश ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव जाटावाला निवासी फारुक पुत्र वाहिद ने शिकायत दर्ज करवाई कि उसने अपना एक ट्रक गांव इब्राहिमपुर में अपनी रिश्तेदारी में खड़ा किया हुआ था। दिनांक 13 मई को उसने देखा तो उसके ट्रक की बैटरी गायब थी। जिसको कोई नामपता ना मालूम व्यक्ति बैटरी को चोरी करके ले गया है। इस सूचना पर एएसआई कुलदीप सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी जाबिर पुत्र यासीन गांव इब्राहिमपुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी से चोरी की बैटरी को बरामद किया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### जैन चैरिटेबल हस्पताल के प्रगति की ओर बढ़ते कदम

करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)। इंद्री रोड़ स्थित श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल में श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस मंगलवार के दिन प्रति बार मुफ्त ओ पी डी तथा फिजियोथैरेपी सुविधा उपलब्ध रहती है और लैब टेस्ट, दांतों के उपचार, एक्स-रे, सी टी स्कैन, एमआरआई, ईको, ई सी जी पर 50त्न छूट सभी रोगियों को दी जाती है। फार्मेसी से दवा खरीदने पर 20 प्रतिशत छूट मिलती है। हस्पताल प्रबंधन की ओर से प्रधान सुरेंद्र गुप्ता दुनार, उपप्रधान महेश सुखीजा ( आर.के. एसोसिएट्स) ,सचिव अजय गोयल तथा कोषाध्यक्ष प्रशांत गोयल (प्रभात) ने बताया कि ईश्वरीय कृपा से शीघ्र ही 32 स्लाइस कीसीटी स्कैन मशीन, चमड़ी, नाखून बाल रोग की परामर्श सेवा के साथ उपचार व्यवस्था, कैंसर रोग के इलाज के लिए आवश्यक सर्जरी, कीमो थेरेपी कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सकों के दिशानिर्देशन में प्रारंभ की जा रही है। 24 गुणा 7 वेंटीलेटर तथा अन्य जीवनरक्षक प्रणालियों, उपकरणों के साथ आपात सेवा विशेषज्ञ डॉक्टरों के नेतृत्व में आपात सेवा एवं उच्च निर्भरता यूनिट आईसीयू एचडीयू जल्दी ही शुरू करने की योजना क्रियान्वन का प्रयास जारी है। स्त्री रोग विशेषज्ञा डॉक्टर की परामर्श एवं उपचार सेवा जल्दी ही इलाका निवासियों के कल्याण के लिए दानियों के उदार योगदान से शुरू होगी। आम जनता में इन सब सेवाओं के शुभारंभ को लेकर भारी उत्साह है।

## विज्ञान ने भारत को बनाया सुपर पावर, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया

अर्थ प्रकाश/विनीत गर्ग

कैथल, 14 मई। राजकीय आईटीआई कैथल में बुधवार को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के अधीक्षक सोहन लाल तथा महिला आईटीआई के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड युवा समन्वयक अधिकारी वर्ग अनुदेशक शमशेर मलिक ने की। कार्यक्रम के तहत पोस्टर मेकिंग तथा भाषण प्रतियोगिता करवाई गई। पोस्टर मेंकिग में विद्यार्थियों ने विज्ञान के प्रयोग तथा नुकसान के बारे में बताया। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने विज्ञान, तकनीकी के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने बताया कि जहां विज्ञान ने आज हमें विभिन्न तरह की सुविधाएं मुहैया करवाई हैं तो वहीं इसके कई दुष्प्रभाव भी सामने आए हैं। विज्ञान के प्रयोग के बल पर ही आज भारत विश्व की सुपर ताकत बनकर उभरा है। विद्यार्थियों ने मिसाइलमैन डा. अब्दुल कलाम आजाद की जीवनी व उनके द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को मिसाइलमैन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। पोस्टर मेकिग में विशाल प्रथम, मोहित द्वितीय तथा सुरेंद्र कौर तृतीय रही। इसके अलावा भाषण प्रतियोगिता में खुशी प्रथम, भावना द्वितीय तथा सृष्टि तृतीय स्थान पर रही। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डा. विजय चावला, डा. अरूणा शर्मा, सुशील कुमार, नरेश कुमार व सत्यवान ने भाग लिया। मंच संचालन रणधीर सिंह ढांडा ने किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा विजयी रहे प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वर्ग अनुदेशक राजबीर, संजीव कुमार, मीनाक्षी, इंदु बाला, संदीप कुमार, विजेता ढुल, राखी, सरोज, नवीन कालिया आदि उपस्थित थे।

## गीता निकेतन विद्यापीठ में दसवीं और बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर मनाई खुशी

अर्थ प्रकाश/कृष्ण



निसिंग, 14 मई। आज गीता निकेतन विद्यापीठ ब्रास निसिंग करनाल में विद्यालय के प्रांगण में कक्षा दसवीं और कक्षा बारहवीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित होने पर खुशी मनाई गई। प्रबंधक महोदय श्री रकम सिंह राणा व प्राचार्या महोदया मंजू बाला ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों को मिठाई खिलाकर स्टाफ सदस्यों, छात्र-छात्राओं व अभिभावकों को बधाई दी।

प्राचार्या महोदया ने बताया कि हमारे विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा दसवीं में 55 छात्राओं ने परीक्षा दी , मैरिट में 15 विद्यार्थी रहें। 40 विद्यार्थी की फर्स्ट डिविजन रही। छात्रा सेजल देवी ने कक्षा 10वीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कक्षा बारहवीं में 32 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें 10 विद्यार्थियों ने मैरिट प्राप्त की। छात्र रिषभ चौहान ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

विद्यालय के प्रबंधक महोदय रकम सिंह राणा ने पिछले सत्र में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने छात्रों को 11000/- रूपये नकद पुरस्कार की घोषणा की थी। इस वर्ष छात्रा सेजल देवी ने कक्षा दसवीं में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। वादे के मुताबिक प्रबंधक महोदय जी ने छात्रा सेजल देवी को 11000/- रूपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया। इस उपलक्ष्य पर प्रबंधन समिति के द्वारा मलकीत सिंह मल्ली को उप-प्राचार्य व संदीप कुमार को कॉर्डिनेटर के पद से सुशोभित किया। इस खुशी के पल पर प्रबंधक महोदया अमित कुमारी, मैनेजर बबिन्द्र राणा, अध्यापक विक्रम शर्मा, राहुल शर्मा, पीटीआई अनिल कुमार, हिमांशु, अध्यापिका अंजू, दीपा, रीना, मनीषा, मीनू, सभी स्टाफ सदस्य व सभी छात्र-छात्राएं मौजूद रहें।

### राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जफरपुर का 12वीं कक्षा का परिणाम शत-प्रतिशत

मुलाना (अप्रस/सचिन मलिक)। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जफरपुर की 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम इस वर्ष शत-प्रतिशत रहा। 13 छात्रों ने प्रथम श्रेणी और 5 ने द्वितीय श्रेणी में सफलता हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। छात्रा निकिता ने कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं महक ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपनी मेहनत का परिचय दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमकृष्ण ने सभी विद्यार्थियों को उत्तम प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों के परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इसे स्कूल के लिए गर्व का क्षण बताया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से पीजीटी हिंदी योगेंद्र, पीजीटी इंग्लिश चंद्र मोहन, लहरी सिंह, रणवीर सिंह, जसवंत सिंह सहित अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा




कुरुक्षेत्र, 14 मई। सीबीएसई बोर्ड ने शिक्षण सत्र 2024-25 की दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के नतीजे कल घोषित कर दिए हैं। आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल बरगट जट्टान की मेडिकल व नॉन मेडिकल की 12वीं कक्षा के छात्र प्रियांशु (बरगट जट्टान )ने 96 .6 प्रतिशत अंक और दसवीं कक्षा की छात्रा अंशु (बरगट जट्टान) ने93ज़्6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल में टॉप किया। सीबीएसई (ष्ट.क्चस्.श्व) बोर्ड के द्वारा दिए गए नतीजों के अनुसार आदर्श स्कूल की 12वीं कक्षा की परीक्षा का परिणाम 100 प्रतिशत रहा। । 12 विद्यार्थियों ने 90त्न से अधिक अंक प्राप्त किए ।90 फीस दी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सोहिल ,नीतीश, गुरजीत, जैस्मिन, कीर्ति ,मनदीप, जतिन बजाज, याचिका है तथा 80 फ़ीसदी से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र नकुल, राजविंदर ,पारस, हरमनप्रीत, कंचन ,सवनीत ,भूमिका है। कुल 44 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। कुछ विषयों में तो विद्यार्थियों ने 100त्न अंक भी प्राप्त किए। स्कूल के प्रधानाचार्य रोबिन कुमार जी ने बच्चों को उनकी इस सफलता पर बधाई दी व उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक महोदय सोहन लाल जी व प्रधानाचार्य के द्वारा बच्चों को मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के प्रबंधक महोदय जी ने बच्चों व उनके माता-पिता को बधाई दी और बच्चों की इस सफलता का श्रेय अध्यापकों व माता-पिता को दिया। उन्होंने कहा कि एक सही मार्गदर्शक के द्वारा बच्चों को सही रास्ता दिखाए जाने पर बच्चा जीवन में ऊंचाइयों के शिखर को प्राप्त कर सकता है।

### आयुष्मान भारत योजना का स्वास्थ्य सेवा की सुलभता पर प्रभाव

यमुनानगर (अप्रस)। 2018 में शुरू की गई आयुष्मान भारत योजना लाखों लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा की सुलभता में सुधार करने के लिए भारत सरकार द्वारा बनाई गई एक ऐतिहासिक पहल है। दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना के रूप में, इसका मुख्य उद्देश्य 10 करोड़ से अधिक आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपय तक का निश्शुल्क चिकित्सा कवरेज प्रदान करना है। जानकारी देते हुये डी. एम. कार्डियोलॉजिस्ट डा. आकाश जैन ने बताया कि इस योजना ने लाभार्थियों को वित्तीय तनाव के बिना सार्वजनिक और निजी दोनों अस्पतालों में उपचार प्राप्त करने में सक्षम बनाकर स्वास्थ्य सेवा की सुलभता में उल्लेखनीय सुधार किया है। कई निजी संस्थानों सहित हज़ारों से अधिक सूचीबद्ध अस्पतालों के साथ, अब रोगियों के पास स्वास्थ्य सुविधाओं के व्यापक विकल्प हैं। इससे विशेष रूप से ग्रामीण आबादी को लाभ हुआ है, जिनके पास पहले उन्नत चिकित्सा उपचारों तक पहुँच नहीं थी।

## शहर में दुकानों पर सप्लाई होने वाली कैंपरो वाला पानी नहीं है पीने लायक

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला

टोहाना, 14 मई। शहर में अत्यधिक गर्मी पड़ रही है चारो तरफ अत्यधिक गर्मी होने के कारण हर व्यक्ति पानी के लिए हर वक्त प्यासा दिखाई देता है। शहर में हजारों दुकानें हैं सभी दुकानों पर किसी ना किसी फेक्ट्री का फ्लि्टर किया हुआ पानी का कैंपर दुकानों के बाहर या अंदर रखा हुआ मिलेगा। या आप शहर में किसी भी फक्शन समारोह में चले जाओ वहां पर भारी मात्रा में कैंपर वाले पानी से ही सभी लोगों की प्यास बजाई जाती है। पानी कैंपर मंगवाने वाला व्यक्ति पानी सप्लाई वाली एंजेसियों को मुंह मांगी कीमत अदा करता दिखाई देता है पर पानी कैंपर वाले लोगों को स्वच्छ पानी की जगह कई कई दिन से इकट्ठा किया हुआ टंकियों का पानी व कई कई वर्षो पुरानी प्लास्टिक की कैंपर में दुर्गंध युक्त पानी सप्लाई करते हैं । जब पानी सप्लाई करने वाली एक फैक्टरी मालिक से बात की तो उन्होंने अपनी पानी की क्वालिटी दूसरी फैक्ट्री के मालिक से अच्छी बताने लगा उसका कहना था कि दूसरी फैक्ट्री का पानी पीने के लायक नहीं है। अब इतनी भंयकर गर्मी में लोग जाए तो जाए कहां न तो कभी फूड एंड सेफ्टी विभाग अधिकारी टोहाना आकर चैक करना चाहता है और न ही कभी स्वस्थ विभाग की छापामार कार्यवाही ने यह काम करना उचित समझा है। आप देखना यह है कि कब विभाग कि नींद खुलती है और लोगों को पीने का स्वच्छ जल इन पानी की फैक्ट्रीयों से दलवाने का कार्य करते है। इस दूषित जल से लोगों में फूड प्वाइजनिंग, डायरिया, हैजे जेसी बिमारीया लोगों में फेल रही हैं। जिससे डाक्टरों की चांदी बनी हुई है फिर स्वस्थ विभाग पानी को चेक करने क्यों आएगा।

### ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के छात्र कृष ने 12वीं कक्षा में प्राप्त किए 97.8 प्रतिशत अंक

कुरुक्षेत्र (अरविंद मोहन शर्मा)। ग्रीनफील्ड पब्लिक स्कूल के छात्र कृष ने 12वीं कक्षा में 97.8त्न अंक प्राप्त कर जिले में कला संकाय में पहला स्थान हासिल किया है।



उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय में उनका भव्य स्वागत किया गया। ढोल-नगाड़ों के साथ विद्यालय के मुख्य द्वार पर कृष, उनकी माता जी और दादी जी का स्वागत किया गया । कृष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिवार, मित्रों और अध्यापकों को देते हुए कहा कि उन्होंने कभी किसी विषय की ट्यूशन नहीं ली, और यह सफलता उनके आत्मविश्वास, नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। विद्यालय की प्राचार्या और अन्य अध्यापिकाओं ने कृष, उनकी माता और दादी का स्वागत फूलमालाएं पहनाकर और पुष्पवर्षा के साथ किया। पूरे विद्यालय में खुशी का माहौल था और सभी ने कृष्ण की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस किया।विद्यालय प्राचार्या डॉ0 सुमिता ठाकुर ने कहा कि यह उपलब्धि न केवल छात्र की मेहनत का परिणाम है, बल्कि विद्यालय के प्रबंधक श्री रोशन लाल गुप्ता एवं श्रीमती सुदेश गुप्ता के कुशल प्रबंधन का भी साक्षात प्रमाण है।

# आखिरकार किनका संरक्षण मिल रहा है अवैध खनन माफिया को

## करनाल की सभी खानों में चल रहा है अवैध खनन, प्रति माह करोड़ों का चूना

मंत्रियों के आदेशों को पलीता लगा रहे हैं खनन, पर्यावरण और परिवहन विभाग के अफसर

वाहरी मार्ग की तरफ आते हैं अवैध रूप से ओवरलोडिड वाहन,दूसरी जमीनों पर हो रहाहै अवैध खनन

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन



करनाल, 14 मई। हरियाणा में सरकार के खनन विभाग के अधिकारी और परिवहन विभाग के कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध खनन जारी हैं। इसके कारण सरकार को अब तक करोड़ों से अधिक का चूना लग रहा हैं। इसके थ ही पर्यावरण को नुक्सान पहुंच रहा हैं।

आखिरकार अवैध खनन माफिया को किसका सरंक्षण मिला हुआ हैं। प्रदेश सरकार के मंत्री कृष्ण पंवार भी अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई की बात कर रहे हें। लेकिन मंत्री के आदेशों के बाद भी प्रदेश सरकार की सुपर पावर पोलिटीकल कुछ लोग अबैध खनन को संरक्षण दे रहे ळैं। पिछले तीन दशक से हरियाणा में अवैध खनन का करौबार तेजी से चल रहा हैं। यहां तक कि यूपी के लोग ही हरियाणा की जमीन पर खनन कर रहे हैं। करनाल में आरटीए और खनन, पर्यावरण और खान विभाग की इनफोर्समैंट अफसरों की नाक के नीचे अवैध खनन जारी हैं। करनाल के मुंडा कलां, नगली, डझकवाला, गड़पर, चंदराओ और नवियावाद खान में अवैध खनन जारी हैं। बताया जाता हे कि प्रति दिन चार सौ से लेकर पांच सौ गाडि?ां रेत की ओवर लोड होकर निकलती ळैं। यह गाडि?ां करनाल के बाहरी तरफ बन रहे हाईवे क तरफ आती हैं। बताया कि कि कंपनी वाले केवल एक परिमिट दिन में और एक रात में कटवाते हैं। इनके सहारे 25 से अधिक गाडि?ां ओवरलोड होकर निकल जाती हैं। बताया जाता है कि खान के लिए निर्धारित जमीन के अलावा पास लगती जमीनों में भी अवैध रूप से खनन किया जा रहा हें। बताते है कि प्रति दिन एक गाड़ी दस से 12 चक्कर लगाते हैं। इसी तरह रात में भी एक गाड़ी इसी तरह से 11 चक्कर लगाती है। दिन और रात में 400 से पांच ससौ गाडि?ां चक्कर लगाती हैं। एक महीने में एक करोड़ अससी लाख और साल में 25 करोड़ का चूना लगता हैं। करनाल में लगभग 300 से 400 एकड़ जमीन पर अवैध खनन जारी हैं। इसके कारण करनाल के सथ हरियाणा के कई जिलों में वाढ़ का खतरा बढ़ गया हैं। अवैध खनन के कारण पिछले सालों में हरियाणा में बाढ़ का खतरा बढ़ रहा हें। इसके अलावा अवैध रूप से ओवर लोडिड वाहनों के कारण गांवों की तरफ जाने वाली सड?ां की हालत खस्ता हो रही हैं। इस मामले में जब आरटीए विजय कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि ओवरलोडिड वाहनों के खिलाफ उनका अभियान जारी हैं। उन्होंने अब तक इस माह में कई वाहनों पर कार्रवाई कर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए का जुर्माना बसूला हैं। वह कार्रवाई करते रहते हैं। इस मामले में जब खनन विभाग के इनफ ेर्समैंट अधिकारी विकास कुमार से बात की तो उन्होंने बताया कि वह अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने अवैध खनन करने वाली कंपनियों के खिलाफ लाइसैंस निरस्त करने की कार्रवाई की हैं। उन्होंने बड़े अधिकारियों को लिखा हैं। इस मामले में खनन विभाग के प्रदेश स्तर के एक बड़े अधिकारी ने बताया कि अवैध खनन करने वालों को बड़े लोगों का संरक्षण मिला हुआ हैं। इस मामले में ग्रीन ट्रिव्यूनल के अधिकारी खामोश बने हुए हैं। इस मामले में खनन विभाग के मंत्री कृष्ण पंवार कह चुके हैं कि अवैध खनन सहन नहीं किया जाएगा। परिवहन मंत्री अनिल बिज ओवलोडिड वाहनों के खिलाफ जंग जारी किए हुए हैं। इसके रहते तीनों विभागों के अधिकारी अपने मंत्रियों के आदेशों को पलीता लगा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 25 नव-नियुक्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों (बीडीपीओ) को सौंपे नियुक्ति पत्र

# विकसित भारत की यात्रा की पटकथा लिखने में नवनियुक्त बीडीपीओ की होगी महत्ती भूमिका : मुख्यमंत्री

हरियाणा में समाप्त हुआ खर्ची-पर्ची का दौर, अब मेरिट के आधार पर मिलती हैं सरकारी नौकरियाँ : नायब सिंह सैनी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 मई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज 25 नव-नियुक्त खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि पर बीडीपीओ को बधाई दी और कहा कि वे ग्रामीण हरियाणा के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

मुख्यमंत्री आज उनके आवास संत कबीर कुटीर पर आयोजित कार्यक्रम में नव-नियुक्त अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के विजन को साकार करने में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारियों की महत्ती भूमिका होगी। विकसित भारत की यात्रा लिखने की पटकथा का काम आपके हाथ से होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन अधिकारियों के नियुक्त होने से विभाग में बीडीपीओ की कमी पूरी होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण प्रशासन के अग्रिम पंक्ति के अधिकारी होने के नाते आप सभी की भूमिका केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि परिवर्तनकारी भी है। आपको मजबूत ग्रामीण ढाँचा तैयार करने, पंचायती राज संस्थाओं को सशक्त बनाने और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करना होगा।

श्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि नव-नियुक्त बीडीपीओ सरकार के भरोसे पर खरा उतरेंगे और ग्रामीण हरियाणा में तीव्र और प्रभावी विकास को गति देंगे। उन्होंने कहा कि आज हम केवल अधिकारियों की नियुक्ति नहीं कर रहे, बल्कि हम अपने गाँवों को नई ऊर्जा और उत्तरदायी नेतृत्व से सशक्त बना रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि भर्ती प्रक्रिया का आयोजन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा किया गया था और मार्च 2024 में हरियाणा सिविल सेवा की मुख्य परीक्षा आयोजित की गई थी। साक्षात्कार के बाद, विभिन्न पदों के लिए 113 उम्मीदवारों का चयन किया गया, जिनमें से 34 उम्मीदवारों का बीडीपीओ के पद के लिए चयन हुआ था। हालांकि, एक सिविल याचिका के कारण यह नियुक्ति प्रक्रिया कुछ समय के लिए अदालत में लंबित रही। राज्य सरकार ने न्याय और प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में इस मामले की सक्रिय रूप से पैरवी की। लगभग 11 माह की न्यायिक प्रक्रिया के बाद मामला सुलझा और अंतिम नियुक्तियाँ संभव हो सकीं। आज के कार्यक्रम में उपस्थित 25 अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र सौंपे।

इस अवसर पर महाधिवक्ता श्री परविंदर चौहान, विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ अमित अग्रवाल, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार, विकास एवं पंचायत विभाग के निदेशक श्री डीके बेहरा, मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री भारत भूषण भारती सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### अब मेरिट के आधार पर मिलती हैं सरकारी नौकरियाँ

नायब सिंह सैनी ने कहा कि आप सभी का चयन पूरी तरह मेरिट के आधार पर हुआ है। यह हरियाणा की नई कार्य संस्कृति का प्रतीक है। वर्तमान सरकार ने 'खर्ची-पर्ची' की व्यवस्था को समाप्त करके यह सुनिश्चित किया है कि केवल योग्य और पात्र अभ्यर्थियों को ही सरकारी सेवा में स्थान मिले। आज गरीब परिवारों के बच्चे भी बिना पर्ची और बिना खर्ची के अपनी मेहनत के बल पर एचसीएस और बीडीपीओ के पदों पर चयनित हो रहे हैं।

### ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करते हुए जन समस्याओं का करें समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीडीपीओ के तौर पर आप सभी सरकार का चेहरा हैं, आमजन आपको सरकार के रूप में देखते हैं और बहुत सी अपेक्षाएं रखते हैं। बीडीपीओ गांव के साथ सीधे तौर पर जुड़े होते हैं, इसलिए गांव के विकास में और सरकार की योजनाओं को धरातल पर उतारने में आप सबकी मुख्य भूमिका रहेगी। लोगों की जो अपेक्षाएं आपसे होंगी, उन अपेक्षाओं पर सदैव खरा उतरने का काम करें और हमेशा ईमानदारी से काम करें। उन्होंने कहा कि जब भी कोई आमजन आपके पास आए तो उसकी बात को धैर्यपूर्वक सुनकर उनकी समस्या का समाधान करे और जनसेवा के अपने दायित्व का निर्वहन करें।

### ईमानदारी से काम करते हुए हरियाणा सरकार के अंत्योदय उत्थान व ग्रामीण विकास के ध्येय को आगे बढ़ाएं

विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार ने नवनियुक्त बीडीपीओ को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी निष्ठा और ईमानदारी से काम करें और हरियाणा सरकार के अंत्योदय उत्थान व ग्रामीण विकास के ध्येय को आगे बढ़ाने का काम करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का समग्र विकास तभी संभव है जब प्रशासनिक अधिकारी जनसरोकारों को प्राथमिकता देते हुए पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। आप सभी अधिकारी गाँवों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बनें और पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएँ।

## न्यूज ब्रीफ

### अभिमन्यु ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ स्कूल में किया टॉप



**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** एमडीएन ग्लोबल स्कूल कैथल के छात्रों ने सीबीएसई 12वीं कक्षा के परिणामों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। इस वर्ष विद्यालय के 117 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था जिसमें से सभी छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। विद्यालय के टॉपर रहे अभिमन्यु नॉन मेडिकल ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के 10 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 35 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक और 48 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। शिवम गर्ग ने बायोलोजी विषय में 99 अंकों के साथ सर्वोच्च प्रदर्शन किया। विद्यालय के निदेशक डॉ. विनोद कुमार और चेयरपर्सन निधि कंसल ने छात्रों को उत्कृष्ट परिणामों के लिए बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम विद्यालय के सभी अध्यापकों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। विद्यालय के मैनेजर गौरव गर्ग और प्रधानाचार्य डॉ संत कौशिक ने छात्रों की उपलब्धियों की प्रशंसा की है।

### एसएस बाल सदन स्कूल के छात्रों ने रचा इतिहास



**कैथल (अप्रस)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित कक्षा बारहवी के परीक्षा परिणाम में एसएस बाल सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कैथल के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए स्कूल के प्रधानाचार्य हिमांशु गर्ग ने बताया स्कूल के कुल 45 छात्राओं ने परीक्षा दी थी जिसमें से 13 छात्रों ने मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है। हिमांशु गर्ग ने बताया की छात्रा राईका के 91.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, यशिका सैनी ने 91 प्रतिशत अंक के साथ दूसरा प्राप्त किया है। परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने पर एसएस सोसाइटी के एमडी रविभूषण गर्ग व राज रानी गर्ग ने बधाई दी है। रविभूषण ने कहा कि विद्यालय का शानदार परीक्षा परिणाम अध्यापकों की अथक मेहनत का परिणाम है।

### तीन दिवसीय निशुल्क मेडिकल जांच शिविर की शुरूआत

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** कलायत में रेलवे रोड स्थित डा.भीम राव अंबेडकर भवन में 15 मई को पुलिस विभाग के माध्यम से तीन दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर शुरू होने जा रहा है। इसकी शुरूआत एसपी आस्था मोदी करेंगी। इसमें शाह सुपरस्पेशलिटी अस्पताल कैथल के विशेषज्ञ निशुल्क परामर्श व दवाएं देंगे। इसके साथ ही पहचान गुप्त रखते हुए नशा पीड़ितों का इलाज भी होगा। थाना प्रबंधक जय भगवान ङ्क्षसह ने बताया कि 15, 16 व 17 मई को लगने वाले इस शिविर में नशा मुक्ति का संदेश एसपी द्वारा दिया जाएगा। शिविर में सरकार द्वारा ईसीएचएस, रेलवे व टीपीए पैनल अनुसार भी लाभ मिलेगा। शिविर में नागरिकों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की जाएगी। इसमें विभिन्न रोगों से पीड़ित लोगों की जांच विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। साथ ही जरूरतमंदों को आवश्यक दवाएं भी मुफ्त दी जाएंगी। पुलिस की इस पहल को क्षेत्र के समाजसेवी संगठनों द्वारा भरपूर समर्थन देने की तैयारी की गई है। शिविर के दौरान स्वास्थ्य से संबंधित जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इसमें लोगों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी।

### नशा मुक्ति अभियान को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** नशा मुक्ति अभियान को लेकर कलायत के राजकीय कन्या विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता नोडल अधिकारी कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ धीर सिंह ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रधानाचार्य डा.राम गोपाल शर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। प्रदेश में नशा युवा वर्ग को सबसे ज्यादा अपना शिकार बना रहा है। युवा वर्ग नशे की लत का शिकार होकर बुरी तरह से खोखला हो रहा है। इसलिए प्रशासन के साथ साथ आम आदमी को भी इस नशा नामक बीमारी के समूल नाश के लिए अपना सहयोग देने की जरूरत है। इस अवसर पर सुरेंद्र सिंह, वीपी राणा, संदीप मोर, कपिल देव शर्मा, गुरनाम सिंह, सीमा, निर्मला व मंजू सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद छात्राओं ने नगर में नशे के खिलाफ जागरूकता रैली भी निकाली। रैली का हर किसी ने पुरजोर स्वागत किया।

## महात्मा ज्योति फिल्म को टैक्स फ्री करे हरियाणा सरकार : सैनी

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 14 मई।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग अनुसचित जाति अनुसचित जन जाति एवं अल्पसंख्यक महासंघ के हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष रमेश सैनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से देश में शिक्षा के संवाहक महात्मा ज्योति बा फुले और महिला शिक्षा की जनक सावित्री वाई फुले को उनके समाज सुधार और शिक्षा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान को देखते हुए भारत रत्न से अलंकृत करने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि देश में आज जो समानता और बरावरी का माहौल हैं शिक्षा को सर्वोच्च माना जाता है उसके लिए महात्मा फुले और उनकी पत्नी का योगदान अविस्मर्णीय हैं। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले के जीवन पर बनी फिल्म से लोगों को प्रेरणा मिल रही हैं। खास तौर पर लड़कियों को इसके अलावा लोगों को उनके बारें में जानने का अवसर मिल रहा हें। उन्होंने हरियाणा के मुख्यमत्री नायाब सिंह सैनी से इस फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार स्कूलों और कालेजों में विद्यार्थियों के लिए इस फिल्म को फ्री दिखाने की व्यवस्था करे। इससे बच्चों को प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस फिल्म में 1828 से 1891 तक महातमा ज्योति बा फुले के जीवन काल में घटित सामाजिक कुरीतियों, भेदभाव छुआछूत, अशिक्षा तथा अज्ञानता का वर्णन किया गया हैं। उस समय समाज से टक्कर लेकर समाज में समानता लाने शिक्षा का अधिकार महिलाओं को देने जातपात का भेद समाप्त करने समस्त पुरुष और नारी शक्ति को शिक्षित करने का काम उन्होंने किया। यह फिल्म समाज में जाग्रति पैदा करने समाज मं लिंगभेद जाति भेद औश्र नारी उत्थान के लिए बहुत ही प्रेरणा दाई और सहायक साबित हो रही हैं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म को अधिक से अधिक लोग देखें।

## स्वस्थ रहने के लिए व्यक्ति को प्रतिदिन योग करना आवश्यक है : गुलशन ग्रोवर

अर्थ प्रकाश/राजकुमार वालिया

**कुरुक्षेत्र, 14 मई।** भारतीय योग संस्थान (पंजीकृत) की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र के युधिष्ठिर योग जिला के तत्वावधान में लोटस ग्रीन सिटी के पार्क में एक पांच दिवसीय निशुल्क योग द्वारा हड्डी रोग निवारण शिविर का आयोजन किया गया । संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के नवनियुक्त संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर, युधिष्ठिर जिला प्रधान सुमन तोमर, संगठन मंत्री रेखा गोयल, कोषाध्यक्ष रेनू जैन, जोन प्रधान कृष्णा पांचाल, केंद्र प्रमुख डॉ आर के पारिख एवं लाजपत गोयल सहित उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं ने मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया और संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्वर्गीय प्रकाश लाल जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए । केंद्र प्रमुख लाजपत गोयल ने ओम ध्वनि व गायत्री मंत्रोच्चारण के बाद उपस्थित साधकों को टांगों व बाजुओं की सूक्ष्म क्रियाएं करवाई । जिला प्रधान सुमन तोमर ने सरल आसनों व प्राणायाम का विधि व लाभ बता कर अभ्यास करवाया । रेखा गोयल व रेणु जैन ने योगासन व प्राणायाम करते हुए साधकों की स्थितियां ठीक करवाई । सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य डॉ आर के पारिख ने हड्डी रोगों के कारण, लक्षण व योग द्वारा उपचार पर सुंदर व सारगर्भित व्याख्यान दिया । प्रांतीय संगठन मंत्री गुलशन कुमार ग्रोवर ने भारतीय योग संस्थान की उत्पत्ति, लक्ष्य और विकास यात्रा के बारे में सुरुचिपूर्ण जानकारी दी । उन्होंने बताया कि संस्थान की उत्पत्ति 10 अप्रैल 1967 को ईश्वरीय ढंग से हुई और तब से आज तक संस्थान निशुल्क योग साधना के माध्यम से भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का कार्य निष्काम सेवाभाव से कर रहा है।

## पंचयात समिति कार्यालय इंद्री में कश्यप जयंती के उपलक्ष्य में बैठक का आयोजन

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इंद्री, 14 मई।** आज बैठक में ब्लाक समिति चेयरपर्सन प्रतिनिधि बलिंदर कटारिया ने पंचायत समिति सदस्यों व सरपंचों की 23 मई को लाडवा में होने वाली राज्य स्तरीय रैली में जिम्मेदारियां सौपते हुए आह्वान किया कि महर्षि कश्यप जयंती को बड़े धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में लाडवा पहुंचे। उन्होंने बताया कि लाडवा में आयोजित महर्षि कश्यप जंयती इंद्री हलके के विधायक रामकुमार कश्यप की अगुवाई मे मनाई जाएगी और इस जंयती समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा महापुरूषों के इतिहास एवं उनके द्वारा बताए गए मार्ग को जन-जन तक पहुंचाने जैसा महान कार्य करना अपने आप में सरकार का सहरानीय कार्य है। जब तक हमें अपने महापुरूषों के इतिहास के बारे सही ज्ञान नहीं होगा तब तक हमारे जीवन का उद्धार होना भी असंभव है। हमें अपने महापुरूषों के जीवन से बहुत ही कुछ सीखने को मिलता है और हमें उनका जीवन एकता एवं भाईचारे की भावना से रहने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि यह हम सभी का सौभाग्य है कि आज प्रदेश सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव सभी समाज के महापुरूषों के जीवन एवं उनके इतिहास के बारे लोगों को समारोह आयोजित कर ऐतिहासिक जानकारियां दी जा रही है। बैठक में राय सिंह पंचायत समिति सदस्य ने भी महर्षि कश्यप जंयती समारोह में आने के लिए पंचयात समिति सदस्यों से अनुरोध किया और माननीय प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

## आर्थिक तंगी नहीं रोक पाई सरोज के सपनों की उड़ान

पिता कैंसर से है पीड़ित और बेटी ने रच डाला इतिहास

अर्थ प्रकाश/सुरेश सिसोदिया



**जींद, 14 मई।** राजनगर की निवासी सरोज जो डीएन मॉडल स्कूल की छात्रा है, उसने कला संकाय में 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 500 में से 494 अंक हासिल कर हरियाणा की ओवरऑल मेरिट लिस्ट में तीसरा स्थान हासिल किया है।

परमजीत और सुदेश की बेटी सरोज ने अपनी मेहनत और लगन से न केवल परिवार का नाम रोशन किया, बल्कि आर्थिक तंगी और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच भी अपने सपनों को उड़ान दी।

सरोज ने अपनी पढ़ाई में असाधारण प्रदर्शन किया है । उन्होंने अंग्रेजी में 99, हिंदी में 96, भूगोल में 100, राजनीति विज्ञान में 99, अर्थशास्त्र में 100 और गणित में 94 अंक हासिल किए। इससे पहले, सरोज ने 10वीं कक्षा में भी प्रदेश में तीसरा स्थान हासिल किया था, जो सरोज की निरंतर मेहनत और प्रतिभा का प्रमाण है। सरोज के पिता परमजीत फल की रेहड़ी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं और बीते तीन सालों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं।

मां सुदेश एक गृहिणी हैं, और सरोज तीन बहनों और एक भाई में सबसे बड़ी हैं। आईएएस अधिकारी दिव्या तंवर की एक प्रेरणादायक वीडियो देखकर सरोज ने सिविल सेवा में जाने का फैसला किया है। अब वह आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहती हैं। सरोज ने अपनी पढ़ाई के लिए किसी ट्यूशन या कोचिंग का सहारा नहीं लिया। स्कूल से लौटने के बाद वह रोजाना सात घंटे पढ़ाई करती थीं और फिर घर के कामों में मां का हाथ बंटाती थी। रात में एक से दो बजे तक पढ़ाई कर वह अपनी तैयारी को और मजबूत करती थीं। सरोज ने सोशल मीडिया से पूरी तरह दूरी बनाए रखी। पढ़ाई के लिए सरोज ने यूट्यूब का सहारा लिया जो बेटी की सफलता का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा।

## बाल विकास ग्लोबल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

**कैथल (अप्रस)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित हुए 10वीं एवं 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में बाल विकास ग्लोबल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक अजीत चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि दसवीं एवं 12वीं कक्षा में कुल 116 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इसमें विद्यालय के छात्र साहिल शर्मा ने विज्ञान संकाय में 500 में से 460 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा नीशू ने 500 में से 442 अंक प्राप्त करके दूसरा एवं याशिका ने 500 में से 430 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार कॉमर्स संखया में छात्रा सुजल ने 500 में से 450 प्राप्त करके संकाय में विद्यालय टॉप किया। कला संकाय में छात्रा शिरीन ने 500 में से 447 अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉप किया। दसवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में हर्षित शर्मा ने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र विनोद कुमार एवं तरुण कुमार ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया जबकि सौरव तीसरे स्थान पर रहा।

## जॉब गारंटी देने वाली भाजपा सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने में लगी : सुल्तान जडौला

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 मई।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सचिव सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद से कर्मचारियों को जॉब गारंटी देने वाली भाजपा सरकार एचकेआरएन कर्मचारियों को हटाने में लगी हुई है। कभी किसी विभाग से कर्मचारी निकाले जा रहे है तो कभी किसी और विभाग से। एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारी पूरी योग्यता रखते है तभी काम कर रहे है ऐसे में भाजपा सरकार को अपने वायदे में कायम रहते हुए इन्हें नौकरी से हटाने के बजाए उन्हें उसी पद पर नियमित किया जाए। नई अनाज मंडी ढांड में अपने प्रतिष्ठान पर बातचीत करते हुए पूर्व विधायक सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि चुनाव के दौरान जनता से किए गए वायदों को भूलकर आज भाजपा सरकार जनता का शोषण करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। आज सभी को पता चल चुका है कि भाजपा सरकार झूठी घोषाणाएं और वायदे करने वाली सरकार है। इस सरकार के पास जुमलों के सिवाय कुछ नहीं है। इस सरकार ने सभी के साथ विश्वासघात किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि चुनाव के समय भाजपा द्वारा सभी से लंबे चौड़े चुनावी वायदे किए जाते है, लंबी-लंबी घोषणाएं की जाती है पर सत्ता में आते ही भाजपा दूध में मक्खी की भांति जनता को बाहर निकालकर फेंक देती है। भाजपा का काम ही जनता का शोषण करना है, आज उससे हर वर्ग के लोग परेशान है, किसान पहले ही वर्षों से आंदोलनरत है।

## स्वच्छ और स्वस्थ नारायणगढ़ बनाने के लिए लोग करें सहयोग : एसडीएम

अर्थ प्रकाश/सुशील कुमार

**नारायणगढ़, 14 मई।** एसडीएम शाश्वत् सांगवान ने आज नगर पालिका सचिव मोहित कुमार के साथ शहर की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन कार्य की समीक्षा करते हुए संबंधित ठेकेदार को सख्त निर्देश दिए कि वह हर घर तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करे और प्रत्येक गली से नियमित रूप से कूड़ा उठाए। किसी भी गली या मोहल्ले में सफाई की अनदेखी न हो। उन्होंने कहा कि नगर की स्वच्छता प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और तय मानकों के अनुसार कार्य न करने पर उनके खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

एस.डी.एम. ने शहरवासियों से अपील की कि वे खुले में कचरा न डालें और केवल नगर पालिका की डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण गाड़ी में ही कचरा दें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल नगर पालिका की जिम्मेदारी नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी कर्तव्य है। उन्होंने लोगों से स्वच्छ और स्वस्थ नारायणगढ़ बनाने के लिए सहयोग करने की अपील की।

इस अवसर पर नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने भी स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति खुले में कचरा फेंकता हुआ पाया गया तो उसके विरुद्ध 2000 रूपये का जुर्माना (चालान) किया जाएगा।

उन्होंने शहरवासियों से यह भी आग्रह किया कि वे प्लास्टिक की थैलियों या अन्य सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद करें और इसके स्थान पर कपड़े, कागज या जूट के बैग का प्रयोग करें। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई व्यक्ति या संस्था सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करता पाया गया तो उसके विरुद्ध नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। नगरपालिका ने विगत दिनों में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग करने वालों के लगभग 5 चालान भी किए हैं।

# निजी स्कूल सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत संचालित करें बसें

### विद्यार्थियों तथा उनके अभिभावकों को यातायात नियमों के संदर्भ में किया जाए जागरूक

डीसी प्रीति ने ली निजी स्कूल संचालकों की बैठक, दिए आवश्यक दिशा निर्देश

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश



**कैथल, 14 मई।** डीसी प्रीति ने कहा जिला प्रशासन विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से गंभीर है। सभी निजी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत अपनी बसों को संचालित करें। बसों में जो भी खामियां हैं, उन्हें दुरूस्त करवाया जाए। इसके साथ ही बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। ऐसे विद्यार्थियों का डाटा भी एकत्रित किया जाए, जो बच्चे स्कूल बसों में न आकर अन्य वाहनों के माध्यम से स्कूल में आते हैं। डीसी प्रीति लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में निजी स्कूल संचालकों के साथ बैठक के दौरान बोल रही थी। डीसी ने कहा कि आने वाली जून की छुट्टियों में यातायात नियमों के संबंध में होमवर्क दिया जाए, ताकि बच्चे घर पर यातायात नियमों के बारे में जान सके तथा अपने जीवन में उतार भी सके। इसके साथ ही यातायात नियमों को लेकर सेमिनार आदि भी स्कूल में आयोजित किए जाएं। इन सेमिनार में अभिभावकों को भी शामिल करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के सुरक्षित आवागमन की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की होती है। सभी स्कूल संचालक सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों का पालन करें। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी की पालना न करने के कारण जब कोई सड़क हादसा होता है तो पीड़ित परिवार के लिए असहनीय होता है। इसलिए सुनिश्चित करें कि सभी स्कूल बसें पॉलिसी के सभी मानकों पर खरी उतरे। इसके साथ ही स्कूल में आने वाले सभी शिक्षक या अन्य स्टाफ भी यातायात नियमों का दृढ़ता से पालन करें। अक्सर देखने में आता है कि कुछ विद्यार्थी यातायात नियमों का पालन नहीं करते, इसलिए उनकी विशेष काउंसलिंग की जाए और उनके माता-पिता को भी इस संदर्भ में जागरूक किया जाए। विद्यार्थियों की सुरक्षा के साथ किसी भी स्तर की लापरवाही नहीं बरती जाए।

स्कूल संचालकों के दिया सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत बसें चलाने का आश्वासन निजी स्कूल संचालकों के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी प्रीति को आश्वासन दिया कि वे सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत स्कूल बसों को चलाएंगे और विद्यार्थियों को यातायात नियमों में जागरूक करेंगे। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करेंगे कि शिक्षकों के साथ-साथ अन्य स्टाफ भी यातायात नियमों का पालन करेंगे। इस मौके पर निजी स्कूल संचालकों ने अपनी कुछ समस्याएं भी डीसी के समक्ष रखी, जिस पर डीसी ने जल्द संज्ञान लेने का आश्वासन दिया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी रामदिया गागट, अतुल शर्मा, जोगिंदर ढुल, नराता राम, प्रदीप, बलिंद्र संधु, खुशी राम, कुलदीप, धर्मवीर के अलावा अन्य निजी स्कूल संचालक मौजूद रहे।

# उद्योग जगत की जरुरतों के अनुसार बदलेगा आईटीआई का पाठ्यक्रम : डॉ. सुमिता मिश्रा

**शिक्षण पद्धतियों को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से आईटीआई संकाय के लिए जल्द ही एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की परिकल्पना के अनुसार, प्रशिक्षित युवाओं के लिए अधिकतम रोजगार उपलब्ध कराने के लिए हरियाणा सरकार आईटीआई पाठ्यक्रम को अपडेट कर रही है। गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि नए पाठ्यक्रम में एआई, सॉफ्ट स्किल्स और उद्योग-केंद्रित मॉड्यूल में बुनियादी प्रशिक्षण शामिल होगा, ताकि युवाओं को आधुनिक नौकरियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार किया जा सके।

डॉ. सुमिता मिश्रा आज यहां दिसंबर, 2024 में आयोजित मुख्य सचिवों के चौथे राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रमुख कार्य बिंदुओं पर प्रगति का आकलन करने के लिए एक उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रही थीं। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अधिकतम प्लेसमेंट के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कौशल प्रशिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता में सुधार करना आवश्यक है।

डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को आईटीआई स्नातकों के पिछले प्लेसमेंट रिकॉर्ड को संकलित करने और उनका विश्लेषण करने का निर्देश दिया ताकि प्रशिक्षण और वास्तविक रोजगार प्रवृत्तियों के बीच अंतर की पहचान की जा सके। इससे अधिक लक्षित और कुशल प्लेसमेंट रणनीति तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने उद्योग-विशिष्ट कुशल कार्यबल डेटा तक वास्तविक समय की पहुंच प्रदान करने, कुशल प्रतिभा मिलान की सुविधा, औद्योगिक भर्ती को सुव्यवस्थित करने और हरियाणा के कुशल युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों को बड़ावा देने के लिए एक समर्पित पोर्टल विकसित करने का निर्देश दिया।

उन्होंने बताया कि शिक्षण पद्धतियों को आधुनिक बनाने के उद्देश्य से आईटीआई संकाय के लिए जल्द ही एक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन में प्रशिक्षकों को नवीनतम औद्योगिक नवाचारों, उपकरणों और प्रौद्योगिकियों से परिचित कराया जाएगा, जिससे यह सुनिश्चित होगा कि छात्रों को वर्तमान उद्योग की मांगों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा सके।

डॉ. मिश्रा ने यह भी निर्देश दिए कि हरियाणा सिंगल विंडो पोर्टल को हरियाणा सरल पोर्टल से जोड़ा जाए। इससे नए उद्यमियों के लिए सभी सरकारी प्रोत्साहन योजनाओं के लिए एकल-बिंदु संपर्क को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा और इस सुविधा को प्रमुखता से उजागर किया जाए।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार आईटी हब और सेवा क्लस्टर स्थापित करने के लिए काम कर रही है, जिसे मजबूत सामाजिक बुनियादी ढांचे द्वारा समर्थित किया जाएगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राज्य लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिटेल नीति को अधिसूचित करेगी, जो एक व्यापक लॉजिस्टिक्स कार्य योजना की रूपरेखा तैयार करेगी। इस नीति का उद्देश्य पूरे क्षेत्र में दक्षता बड़ाना और आर्थिक विकास को गति देना है।

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के प्रधान सचिव श्री डी. सुरेश, श्रम विभाग के प्रधान सचिव श्री राजीव रंजन, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक श्री यश गर्ग के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# सीज़फायर के नाम पर सेना के हाथ बांध दिए गए, देश को जवाब चाहिए : अनुराग ढांडा

### कहा-पहलगाम के शहीदों का बदला छोड़ दिया अमेरिका के इशारे पर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 मई।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पाकिस्तान के साथ एकतरफा सीज़फायर पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि देश की जनता यह जानना चाहती है कि आखिर ऐसा कौन-सा दबाव था जिसके चलते आतंकवाद के ज़ख्म झेल रहे भारत को अमेरिका की बात मानने के लिए मजबूर होना पड़ा।

अनुराग ढांडा ने कहा कि यह देश के लिए चौंकाने वाला है कि जब भारतीय सेना नियंत्रण रेखा पर पूरी ताकत से जवाब दे रही थी, पाकिस्तान बैकफुट पर था और भारत की रणनीतिक स्थिति मजबूत थी–उस समय केंद्र सरकार ने अचानक सीज़फायर क्यों स्वीकार किया? क्या यह अमेरिकी दबाव था? क्या डोनाल्ड ट्रम्प ने व्यापारिक संबंधों को लेकर कोई धमकी दी थी?

उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में हमारी बहनों का सिंदूर उजाड़ने वाले आतंकवादियों को अब तक मौत के घाट क्यों नहीं उतारा गया? पुंछ में शहीद हुए जवानों को न्याय कब मिलेगा? यह कैसी मोदी सरकार है, जो सीज़फायर की अपील पाकिस्तान से नहीं, बल्कि अमेरिका से सुन रहा है?'

ढांडा ने यह भी पूछा कि अगर पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई न करने का कोई भरोसा दिया था, तो फिर अब बार-बार सीज़फायर का उल्लंघन क्यों हो रहा है? क्या इंदिरा गांधी की तरह मोदी सरकार भी कोई लिखित समझौता नहीं करा सकी? उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की कि वे संसद का विशेष सत्र बुलाएं और पाकिस्तान को आधिकारिक रूप से आतंकवादी देश घोषित करें। 'देश की सेना को पीछे हटाने के बजाय मजबूत राजनीतिक समर्थन मिलना चाहिए, न कि विदेशी दबाव में रणनीति बदल दी जाए।'

अनुराग ढांडा ने कहा कि आम आदमी पार्टी हर उस नीति का विरोध करेगी जो भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और सेना के मनोबल के खिलाफ हो। जब पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय दबाव और सैन्य पराक्रम के चलते बैकफुट पर था, तब भारत को दृढ़ता से अपनी शर्तों पर बात करनी चाहिए थी। पाकिस्तान को सबक सिखाने का यह सबसे उपयुक्त समय था, लेकिन मोदी सरकार ने एक बार फिर विदेशी दबाव को देशहित से ऊपर रख दिया।

# महिलाओं में बढ़ रही ब्रेस्ट कैंसर की समस्या एक चिंता का विषय

- जीरकपुर में 68 महिलाओं की जांच में से 7 महिलाएं पाई गई ब्रेस्ट कैंसर से पीड़ित
- सुखना चौ का गंदा पानी क्षेत्र में सबसे ज्यादा बीमारियां फैलने के लिए जिम्मेदार

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**जीरकपुर ।** जीरकपुर शहर में महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की समस्या बढ़ती जा रही है। अगर बात ब्रेस्ट कैंसर के आंकड़ों की करें तो पिछले 15 दिनों में जीरकपुर शहर में समाजसेवी संस्थाओं द्वारा सोहाना अस्पताल के सहयोग से मैमोग्राफी तथा ब्रेस्ट कैंसर की जांच के दो शिविर आयोजित किए गए थे जिसमें एक कैंप सिल्वर सिटी में लगाया गया था जिसमें 36 महिलाओं ने अपनी जांच करवाई जिनमें से 4 महिलाएं ब्रेस्ट कैंसर की बीमारी से पीड़ित पाई गई।

**समय-समय पर जांच करवाना जरूरी**

महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की बढ़ती समस्या का मुख्य कारण उनका लाइफस्टाइल है, जिसमें रात ज्यादा देर से सोना और सुबह ज्यादा देर से उठना, एक्सर्साइज अथवा सैर ना करना, गलत खानपीन, पीने वाले गंदे पानी की सप्लाई, प्रदूषण आदि कई कारण हो सकते हैं। ब्रेस्ट कैंसर की तीन स्टेज होती है पहली स्टेज में ब्रेस्ट कैंसर पूरी तरह से ठीक हो सकता है, अगर यह दूसरी स्टेज में दाखिल हो गया तो परेशानी बढ़ जाती है लेकिन अगर समस्या आखिरी स्टेज में आ गई तो ठीक होना मुश्किल हो जाता है इसीलिए महिलाओं को जागरूक होना तथा समय–समय पर जांच करवाना जरूरी होता है।

# डिपो धारक को बंधक बनाकर 10 लाख रुपए की फिरौती मांगने का एक और आरोपी गिरफ़्तार

- इस मामले में दो महिला एवं एक पुरुष आरोपी सहित तीन को पहले किया जा चुका है गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पलवल ।** बहीन थाना पुलिस ने डिपो धारक को बंधक बनाकर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसे अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।

बहीन थाना प्रभारी निरीक्षक रेनू शेखावत के अनुसार 17 जनवरी 2025 को रनियाला खुर्द निवासी 60 वर्षीय डिपो होल्डर ने शिकायत देकर मुकदमा दर्ज कराया है कि 15 दिसंबर को फरीदा व नसरू नामक व्यक्ति उनके पास आए। उन्होंने विनीत नाम के व्यक्ति के साथ हुए लेनदेन के मामले में मदद मांगी। वे पीड़ित को विनीत के गांव ले गए। वहां फरीदा, नसरू, विनोद, सपना और अनिता ने उनके साथ मारपीट की। आरोपियों ने पीड़ित को सुबह 11 बजे से शाम छह बजे तक बंधक बनाकर रखा। इन लोगों ने छोड़ने के बदले 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी और वीडियो बनाई। आरोपियों ने पीड़ित को दुष्कर्म के केस में फंसाने की भी धमकी दी। इसके अलावा, पीड़ित के खाते से अपने खाते में 50 हजार रुपये जबरन ट्रांसफर करा लिए। बहीन थाना पुलिस ने दो महिलाओं सहित चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए मामले में पहले ही आरोपी विनीत तथा दो महिला आरोपी अनीता एवं फरीदा को गिरफ्तार किया जा चुका है।

बहीन थाना प्रभारी ने आगे बताया कि मामले में सहायक उप निरीक्षक प्रदीप कुमार की टीम ने फरार चल रहे आरोपी नसरू निवासी मालुका को गिरफ्तार किया है जिसे 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से वारदात में प्रयुक्त मोबाइल तथा रुपए बरामद करने के प्रयास किए जाएंगे। आरोपी से गहनता से पूछताछ जारी है।

# डीसी मोहाली के आदेशों पर पार्क को जाने वाला रास्ता गया खोला, लोगों को सैर करने की मिलेगी सुविधा



अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर ।** वार्ड नंबर 14 में करीब 5 एकड़ में एक बड़ा पार्क बना हुआ है, जिसमें सैर करने के लिए और पैदल जाने के लिए लोगों को डेड़ किलोमीटर पैदल चलकर जाना पड़ता था। जबकि पहले पार्क में जाने के लिए लोगों केवल 50 मीटर का रास्ता तय करना पड़ता था। लेकिन कुछ समय पहले पार्क को जाने वाले रास्ते के नजदीक घर बना लिया था और पार्क का रास्ता भी बंद कर दिया था। जिसकी शिकायत लोगों ने पुलिस व लोकल प्रसाशन व वार्ड पार्षद हरजीत सिंह मिंटा को की। जिसके वार्ड पार्षद हरजीत सिंह मिंटा ने यह रास्ता खुलवा दिया था। लेकिन कुछ लोगों ने वह रास्ता फिर से दीवार करके बंद कर दिया। जिसके बाद हरजीत मिंटा से कृष्णा इंकलेव के लोगों को साथ लेकर उसकी शिकायत डीसी मोहाली को कर दी थी। डीसी मोहाली द्वारा लोगों को परेशानी को देखते हुए उसका हल करने के लिए एसडीएम डेरा बस्सी को आदेश दे दिए थे और एसडीएम डेरा बस्सी के आदेशों पर नगर परिषद द्वारा मंगलवार शाम को खुलवा दिया था।

## न्यूज ब्रीफ

### एंजल्स पब्लिक स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



**बराडा (जयबीर राणा थंबड)।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बराड़ा स्थित एंजल्स पब्लिक स्कूल के 10वीं एवं 12वीं के बच्चों ने बोर्ड रिजल्ट में शानदार प्रदर्शन किया। जहां एक और 10वीं की यशिका 92.6प्रतिशत , जगदीप 92.2प्रतिशत , हर्षिता 85.6प्रतिशत तथा अयान 85.2प्रतिशत मार्क्स लेकर क्लास में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान पर रहे। वहीं सब्जेक्ट्स टॉपर लिस्ट में यशिका सोशल साइंस में 99, हिंदी में 93 तथा इंग्लिश में 87 मार्क्स लेकर टॉप रही। वहीं जगदीप ने मैथ्स में 96, साइंस में 99 मार्क्स प्राप्त किए। हर्षिता ने हिंदी में 93 मार्क्स लेकर बाजी मारी। 10वीं के 70प्रतिशत बच्चों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया। तथा 25 प्रतिशत बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन लेकर क्लास पास की। वहीं दूसरी ओर 12वीं की नवनीत ने इंग्लिश में 97तथा बायोलॉजी में 94, युविका ने हिंदी में 98 एवं फिजिकल एजुकेशन में 94 अंक प्राप्त किए। दिव्यांशु ने पॉलिटिकल साइंस में 96, हिस्ट्री में 91 अंक लिए। केमिस्ट्री और फिजिक्स में क्रमशः 95 तथा 89 अंकों के साथ गीतिका ने बाजी मारी। सिमरन ने बिजनेस स्टडीज में 81 अंक प्राप्त किए। 12वीं के 60प्रतिशत बच्चे मेरिट सूची में आए तथा 30प्रतिशत बच्चों ने फर्स्ट डिवीजन में अपना स्थान बनाए रखा। इस परिणाम से सभी बच्चों, स्टाफ तथा मैनेजमेंट मेंबर्स में उत्साह वर्द्धन हुआ। दोनों कक्षाओं के बच्चे अपने परिणाम की खुशी को अपने टीचर्स के साथ सांझा करने आए। 12वीं से पास आउट स्टूडेंट्स ने स्कूल में बिताए पलों के अनुभवों को अपने जूनियर्स के साथ सांझा किया और टीचिंग स्टाफ तथा स्कूल के बारे अपने विचार व्यक्त किए। स्कूल प्रबंधक पुष्पेंद्र राणा तथा डायरेक्टर कोमल शर्मा ने बच्चों के शानदार परिणाम पर उन्हें बधाई दी तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा करवाया। और बच्चों की इस सफलता का श्रेय बच्चों की लगन एवं मेहनत, माता पिता के सहयोग तथा शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन को दिया। प्रिंसिपल ने बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह अच्छे प्रदर्शन से आगे बढ़ते रहने का आशीर्वाद दिया।

### सफल विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर किया सम्मानित



**फरीदाबाद (अप्रस)।** जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग द्वारा राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं, जैसे गेट (ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट इन इंजीनियरिंग) और कैट (कॉमन एडमिशन टेस्ट) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अंतिम और पूर्व–अंतिम वर्ष के छात्रों को एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उन छात्रों को सम्मानित करना था जिन्होंने इन चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में क्वालीफाई करके या उच्च रैंक प्राप्त करके अपनी असाधारण प्रतिभा और समर्पण का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान कुल 14 छात्रों को प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए।

# गलियों और नालियों में पड़ा गंद, कैसी होगी सफाई को लेकर जंग

### बराड़ा के प्रत्येक वार्ड में गंदगी को लेकर मचा हाहाकार

अर्थ प्रकाश /जयबीर राणा थंबड

**बराड़ा ।** बराड़ा शहर इन दिनों गंदगी से जूझ रहा है। शहर के प्रत्येक वार्ड में नालियों और गलियों में गंदगी देखने को मिल जाती है। इसका मुख्य कारण सफाईकर्मियों की कमी होना बताया जा रहा है। लोग नगर पालिका को अपनी सुविधा के लिए टैक्स देते हैं और नगर पालिका क्षेत्र के रखरखाव और स्वच्छता के लिए ठेका भी देती है, लेकिन इसके बावजूद भी यहां के निवासी गंदगी को लेकर परेशान हैं। बराड़ा नगरपालिका में 16 वार्ड हैं और लगभग सभी वार्डों का बुरा हाल है। ज्यादातर पार्षद भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त ना होने का रोना रो रहे हैं क्योंकि लोग रोजाना उनके पास इसी समस्या को लेकर आ रहे हैं। जब पार्षद इसके लिए नगरपालिका चेयरमैन के पास जाते हैं, तो वह भी जल्द ही कर्मचारी देने की बात का आश्वासन देते हैं। लेकिन सफाईकर्मियों की कमी और साधनों की कमी से आखिर नगरपालि का गंदगी को लेकर कैसे जंग लड़ पाएगी।



बराड़ा में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमराई हुई है। हर वार्ड में गंदगी फैली है। ना नालियों की सफाई, नहीं कूड़ा करकट का सही से निपटान हो रहा है। बराड़ा की जनता को जो नगरपालिका से चुनाव होने के बाद उम्मीद थी, वह उम्मीद भी धरी रह गई और लोगों का जो सपना था वह टूट गया। सफाई व्यवस्था पूर्ण रूप से चरमरा गई शहर में बीमारी फैलने का सता रहा डर

**राजिन्द्र सिंह राणा, निर्देशक सहकारी समिति बराडा निवासी वार्ड 10 बराडा**



सफाईकर्मी कभी कभार ही गलियों में आते हैं, जिस कारण गलियों और नालियों में गंदगी है। बारिश का मौसम आने को है, ऐसे में नालियों की सफाई ना होना लोगों के लिए चिंताजनक है। नालियों से बदबू आती है जिस कारण मक्खी मच्छर भी पनप रहे हैं। कूड़े के लगे ढेर बराड़ा की सुंदरता को ग्रहण लगा रहे हैं।

**रीटा केसरी, इनेलो महिला जिलाध्यक्ष एवं निवासी वार्ड 6 बराड़ा**

बराड़ा में सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रयासरत हैं। इसके लिए ठेकेदार को एक सप्ताह का समय दिया गया है, यदि वह इस दौरान सफाईकर्मी और रेहडियां बढ़ाता है तो ठीक है, वरना उसका ठेका कैसिंल किया जाएगा। ठेकेदार से 32 सफाईकर्मी, 9 ऑटो और पांच और रेहड़ियां लगाने के लिए कहा गया है। जल्द ही सफाई व्यवस्था सुचारू होगी।

**रजत मलिक, चेयरमैन, नगर पालिका बराड़ा**

**पटरी पर आने में लगेगा समय**

उल्लेखनीय है कि बराड़ा नगर पालिका की टीम का पिछला कार्यकाल वर्ष 2022 में खत्म हो गया था। जिसके बाद यहां का विकास लगभग रूक गया। इस दौरान जहां सफाई कार्य भी बाधित हुए, वहीं गली-नाली से संबंधित अन्य कार्य भी ना के बराबर हुए। इसका खामियाजा यहां की जनता को उठाना पड़ रहा है। अब वर्ष 2025 में चुनाव हुए और बराड़ा की नई सरकार ने जिम्मा संभाला है। इसलिए पूरे बराड़ा में नए सिरे से सफाईकार्य समेत अन्य कार्य करवाने में समय लग सकता है।

**यह है स्थितिः** बराड़ा के 16 वार्डों के अलावा बाजार में सफाई के लिए इस समय गलियों, नालियों की सफाई के लिए 26 कर्मचारी हैं। जिनमें से एक छुट्टी पर चल रहा जबकि 25 काम कर रहे हैं। इनमें से प्रत्येक वार्ड को 1-1 सफाईकर्मी दिया गया है, जबकि 4 कर्मचारी बाजार में डिवाइडर की सफाई और कूड़ा एकत्रित करने के लिए लगाए हैं। वहीं 3 अतिरिक्त सफाईकर्मियों को जहां भी जरूरत है, वहां भेजा जाता है। इसके अलावा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 20 कर्मचारी लगाए हैं, पांच रेहड़ियों में से चार काम कर रही हैं जबकि एक रेहड़ी खराब है जो नगरपालिका कार्यालय में खड़ी है। क्षेत्र के हिसाब से यह कर्मचारी और रेहड़ियां पर्याप्त नहीं हैं। जिस कारण बराड़ा में सफाई की व्यवस्था चरमराई हुई है। नगरपालिका चेयरमैन रजत मलिक ने बताया कि 20 नई रेहड़ियां खरीदने के लिए टैंडर लगाया है।

# हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पेज पर लाइव अंतरराष्ट्रीय योग डे प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**रतिया।** आयुष विभाग और हरियाणा योग आयोग के तत्वाधान में जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ.प्रवीण शर्मा के निर्देशानुसार गांव पारता में हरियाणा योग आयोग के फेसबुक पेज पर लाइव अंतराष्ट्रीय योग डे प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम करवाया गया।

इस कार्यक्रम में गाँव के गणमान्य लोगों के साथ गांव के ग्रामीणों ने भाग लिया। खंड योग समन्वयक साहिल मैहता,आयुष योग सहायक रोशन,सरिता व बनिता द्वारा योग प्रोटोकॉल करवाया गया जिसमें ताड़ासन,त्रिकोणासन,भुजंगासन,सेतु बंद आसान,कपालभाति,अनुलोम विलोम,भ्रामरी अथवा ध्यान आदि क्रियाएं करवाई गई।

**जिला योग विशेषज्ञा डॉ.अम्बिका पांटा ने बताया की योग**

एक प्राचीन शारीरिक,मानसिक और आध्यात्मिक अभ्यास है जिसकी उत्पति भारत में हुई थी। हम लोगों का प्रथम दायित्व है कि हम योग को पूरे विश्व में फैलाएं,उसके लिए हमें पहले शुरुआत खुद से करनी होगी। योग की इस लहर को अपने परिवार के साथ शुरू करके समाज,राष्ट्र और विश्व तक लेकर जाना है,जिससे हम विश्व स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान अमित,आयुष योग सहायक रामपाल,विकास,जुगबीर,सरवन,राजबीर, बलवान रीतू, नीलम, सुमन, देवेंद्र, सुनील मौजूद थे।

# नीति सरकार की नहीं राष्ट्र की होती है, कश्मीर पर तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं : कुमारी सैलजा

- सर्वदलीय बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति के दावा पर जवाब दे
- ट्रंप के दावों को लेकर देश के लोगों के मन में उठ रहे है तरह–तरह के सवाल, उनका जवाब जरूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान के बाद से प्रधानमंत्री चुप है, पीएम ने ट्रंप के बयान को लेकर कोई जवाब नहीं दिया है क्या ऐसे में माना जाए कि भारत ने अमेरिका की मध्यस्थता को स्वीकार कर दिया है, देश की नीति में कोई बदलाव नहीं हो सकता क्योंकि नीति सरकार की नहीं देश की होती है। ऐसे में सर्वदलीय बैठक बुलाकर प्रधानमंत्री को वस्तुस्थिति स्पष्ट करनी चाहिए क्योंकि देश के लोगों के मन में जो सवाल उठा रहे है उनका जवाब जरूरी है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि देश की जो नीति कांग्रेस राज में थी वहीं अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी रही, नीति सरकार की नहीं राष्ट्र की होती है। कश्मीर मुद्दे पर किसी तीसरे देश की मध्यस्थता कभी स्वीकार नहीं की गई और न ही की जाएगी, ट्रंप ने जो भी बयान दिया उसका प्रधानमंत्री को जवाब जरूर देना चाहिए था, किन परिस्थितियों में ट्रंप को मध्यस्थता करने का अधिकार दिया गया। दावा किया जा रहा है कि अमेरिका ने व्यापारिक हितों को देखते हुए भारत को सीजफायर के लिए तैयार किया। पीएम मोदी से उम्मीद करते है कि वे ट्रंप के इस खुलासे का त्वरित और करारा जवाब देंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने दावा किया था कि वह कश्मीर पर मध्यस्थता करेंगे लेकिन कश्मीर पर मध्यस्थता हमें स्वीकार्य नहीं है। कश्मीर ऐसा मुद्दा है, जिस पर मध्यस्थता की बात कोई भी भारतीय स्वीकार नहीं कर सकता। पिछली तमाम सरकारों ने यह सुनिश्चित किया कि कश्मीर एक द्विपक्षी मसला है, उसका अंतरराष्ट्रीयकरण संभव नहीं है।

**क्या यही है भाजपा का राष्ट्रवाद?**

कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा शासित मध्य प्रदेश के एक मंत्री द्वारा देश की वीरांगना कर्नल सोफिया कुरैशी को आतंकवादियों की बहन कहना न सिर्फ़ शर्मनाक है, बल्कि भारतीय सेना और देश की हर बेटी का घोर अपमान है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान जब पहलगाम में आतंकवादी देश को बांटने की साज़िश कर रहे थे, तब हमारी सेना ने पूरे साहस और एकजुटता के साथ मोर्चा संभाला था। भाजपा नेताओं की लगातार महिला विरोधी सोच सामने आती रही है। पहले पहलगाम में शहीद नौसेना अधिकारी की पत्नी को ट्रोल किया गया, फिर विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बेटी को निशाना बनाया गया, और अब सेना की बहादुर अफसर पर हमला किया जा रहा है। क्या यही है भाजपा का राष्ट्रवाद?

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते है कि ऑपरेशन सिंदूर अस्थाई रूप से स्थगित हुआ है। शायद ऐसा पहली बार सुना कि सीजफायर कभी अस्थाई रूप से हुआ हो। सरकार को इस मामले पर संसद का एक सत्र भी बुलाना चाहिए, ताकि इस मुद्दे पर चर्चा हो, बातें रिकॉर्ड में रहे और पूरे देश को जानकारी हो कि सरकार की क्या नीति है? राहुल गांधी ने देश को कई बार चेताया। चाहे फिर वो कोरोना काल हो या फिर चीन से दोस्ती की बात हो। अजरबैजान और तुर्की खुलकर पाकिस्तान के साथ आए, लेकिन पहलगाम में हुए अन्याय के बाद भी हमारे साथ कोई देश खुलकर खड़ा नहीं हुआ। सरकार को इसका जवाब देना होगा।

# 50 प्रतिशत परिणाम देने वाले सरकारी स्कूलों ने छुआ 100 का आंकड़ा

जिले के 32 स्कूलों के 100 फीसद परिणाम, 5 ग्रामीण स्कूलों ने चौंकाया

दो साल पहले करणपुर स्कूल का परिणाम था 20 प्रतिशत अब 95.65

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** इसे जिला शिक्षा विभाग और स्कूल शिक्षकों की कड़ी मेहनत का नतीजा ही कहें जिसने न सिर्फ ग्रामीण अंचलों के विद्यार्थियों को तराश कर स्कूलों के गिरते पायदान को उठाया बल्कि स्कूल से दूरी बना रहे अभिभावकों को भी सोचने पर मजबूर कर दिया। जी हां, हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के साल 2024-25 के 12वीं के नतीजों पर नजर दौड़ाएं तो अंतर खुद-ब-खुद नजर आ जाएगा। शिक्षा और उसकी नीति में की गई तब्दीली ने यकायक सबको सोचने पर मजबूर कर दिया है। पिंजौर ब्लॉक के करणपुर के जीएसएस स्कूल का परिणाम साल 2022-23 में 20 प्रतिशत घोषित किया गया था, जो साल 2023-24 में बढ़ कर 83 और अब 2024-25 में 95.65 पर पहुंच गया। ग्रेजुएशन की दहलीज पर खड़े इन युवाओं के मनोबल को बढ़ने में जिला शिक्षा विभाग के योगदान को अब की बार खूब सराहा जा रहा है। ऐसा ही हाल बीड़ घग्गर के जीएसएस स्कूल का था, जिसका परिणाम दो साल पहले 56.4 प्रतिशत था। अब स्कूल का परिणाम 94.12 रहा। जीएसएसएस पपलोहा के स्कूल का साल 2023 में परिणाम 50.9 था जो साल 2025 में बढ?र 100 प्रतिशत तक पहुंच गया। अधिकारी ने बताया कि जिन स्कूलों के परिणाम 90 प्रतिशत से अधिक थे, ऐसे स्कूलों में होनहार बच्चों के साथ कमजोर बच्चों के ग्रुप बनाए गए थे, जो एक साथ एक दूसरे को प्रेरित करते रहे। वहीं शिक्षकों के बेहतर तालमेल के जरिए ये स्कूल 100 प्रतिशत का आंकड़ा छूने में कामयाब रहे।

दिलचस्प बात यह है कि जिले में बरवाला के जीएसएस बॉयज स्कूल का परिणाम जो साल 2022-23 में 35.2 प्रतिशत था, जबकि गर्ल्स स्कूल का 63 प्रतिशत था। पिछले साल बॉयज का 85.5 प्रतिशत और अब शत प्रतिशत यानी 100 फीसदी और जबकि लड़कियों के स्कूल का ग्राफ दो सालों से 98.8 पर रहा। आंकड़ों के मुताबिक जिले के 9 स्कूलों का परिणाम 50 से 56 प्रतिशत के बीच था और अब की बार बोर्ड परीक्षा के परिणामों ने सभी को चौंका दिया। इन सभी स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत या फिर 95 प्रतिशत से अधिक रहा है।

### शिक्षा विभाग ने ऐसे लगाया गणित

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा विभाग की तरफ से पिछले दो वर्षों में विद्यार्थियों को सफल बनाने के लिए जो गणित लगाया, वह एकदम सटीक बैठा। हरियाणा सरकार की कुशल शिक्षा नीति के अंतर्गत उन कमजोर बच्चों को नेतृत्व की कमान सौंपी गई, जो स्कूल, शिक्षा और शिक्षकों से दूरी बनाते थे। वहीं उनके परिणाम में सुधार लाने के लिए मेहनत को कार्यरूप दिया गया। यानी प्रेक्टिकल वर्क और रिटन वर्क पर फोकस किया गया। शिक्षकों के इसी प्रयास में वे बच्चे भी अपनी लेखनी के दम पर आगे निकल गए जो सारा साल नोटबुक का काम ढंग से करने लगे और शिक्षक की देखरेख में रहे।

### 32 सरकारी स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत, शेष 95 प्रतिशत से अधिक

जिले में इस बार 45 सरकारी स्कूलों के 2828 बच्चों ने परीक्षा दी जिनमें से 2415 विद्यार्थी सफल रहे। स्कूलों में 348 विद्यार्थियों की कंपार्टमेंट आई जबकि 65 विद्यार्थी इस बार परीक्षा में विफल रहे। दूसरा दिलचस्प पहलू यह भी है कि जिले के 32 सरकारी स्कूलों का परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। शिक्षा विभाग की तरफ से ग्रामीण इलाकों के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों को परखा गया। बाढ़ गोदाम के जीएसएसएस स्कूल के साल 2023-24 का परिणाम 60 प्रतिशत था, जो अबकी बार 100 प्रतिशत, रायपुररानी खंड के गांव गढ़ी कोटाहा के जीएसएसएस का परिणाम 52.1 था जो इस साल 100 प्रतिशत रहा है। दूसरी तरफ पाएंगे कि रामगढ़ का जीएसएसएस का पिछले तीन वर्षों से 100 प्रतिशत, जीएसएसएस धामन का 100 प्रतिशत, जीएसएस स्कूल थापली का दो सालों से 100 प्रतिशत, टिक्कर हिल्स मोरनी का 100 प्रतिशत, रेहना के जीएसएसएस का 100 प्रतिशत रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी सतपाल कौशिक ने कहा कि 12वीं कक्षा के परिणाम संतोषजनक हैं। इसका श्रेय वे विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के तालमेल को देते हैं, जब उन्होंने बच्चों को कभी अकेला महसूस नहीं होने दिया।

## सेक्टर 2-4 आफिस पार्किंग की सड़कों की रिकारपेटिंग शुरु



**पंचकूला (अप्रस)।** नगर निगम पंचकूला द्वारा शहर की खस्ता हाल सड़कों की हालत सुधारने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। शहर में कई स्थानों पर सड़कों का नवनिर्माण हो चुका है, जो सड़कें रह गई हैं, उनका भी कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा। यह बात पंचकूला के महापौर कुलभूषण गोयल ने सेक्टर 2 और 4 आफिस पार्किंग की सड़कों की रिकारपेंटिंग के शुभारंभ पर कही।

इन सड़कों की रिकारपेंटिंग पर 90 लाख रुपये की लागत आएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर सड़क रिकारपेटिंग के दौरान मैटीरियल की जांच करने को कहा। संबंधित एजेंसी को भी उच्च क्वालिटी की सामग्री का सामान लगाने को कहा। इस अवसर पर वार्ड पार्षद सोनू बिडला, मंडल प्रधान सिद्धार्थ राणा, पार्षद राकेश वाल्मिकी, रितु गोयल, सुदेश बिडला, वरिष्ठ नेता सीबी गोयल, जसवीर गोयत, के. चंदन भी उपस्थित रहे।

# पंचकूला के बाजारों में वाटर-कूलर लगाने का काम अधर में लटका

अर्थ प्रकाश संवाददाता

ढांचों के बाजारों में अनावश्यक बदसूरती पैदा नहीं करनी चाहिए, यातायात में बाधा उत्पन्न नहीं करनी चाहिए और सरकारी राजस्व की हानि भी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि नगर निगम ने बिना किसी किराए का भुगतान किए भूमि पर अनधिकृत कब्जा कर दिया हुआ है।

**एसके नैय्यर, अध्यक्ष सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन**



**पंचकूला।** नगर निगम द्वारा पंचकूला के प्रत्येक बाजार में वाटर-कूलर परियोजना का काम इसलिए किया गया था ताकि गर्मी के मौसम में आम जनता को भुगतान के बदले ताजा और ठंडा आरओ का पानी उपलब्ध कराया जा सके। नगर निगम के वाटर-कूलर लगाने का काम एक फर्म द्वारा किया जाना था। लेकिन यह केवल संगठनों के विज्ञापनों तक सिमट कर रह गई। शहरवासियों को बाजारों में अब तक आरओ का पानी नसीब नहीं हुआ है। इस काम को जून 2024 के मध्य में कई सेक्टरों में इस उद्देश्य के लिए स्थापना-कार्य शुरू किया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक परियोजना में तेजी लाने के लिए कुछ भी सुधार नहीं किया जा सका। यहां तक कि इन कूलरों के लिए कोई बिजली कनेक्शन जारी नहीं किया जा सका और इसके लिए कोई ठोस कार्रवाई शुरू नहीं की जा सकी।
जून 2024 से ही सिटीजंस वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्यों ने नगर निगम से आग्रह किया था लेकिन कोई काम नहीं हुआ, बल्कि बाजार में लगाए गए ढांचों ने वाहनों के आवागमन में बाधा उत्पन्न करना शुरू कर दिया और नगर निगम का बाजारी हिस्सा भी बदसूरत दिखने लगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष एसके नैय्यर ने बताया कि अब इन ढांचों का उपयोग विभिन्न संगठनों द्वारा विज्ञापन आदि के लिए किया जाने लगा है। यदि परियोजना को समाप्त किया जाता है, तो सड़कों के बीच में खड़े ढांचे को हटाया जाना चाहिए, अन्यथा परियोजना को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए, क्योंकि गर्मी का मौसम चरम पर है, मगर इसे ऐसे ही नहीं छोड़ा जाना चाहिए, इसके अलावा एसोसिएशन के प्रैस सचिव तरसेम गर्ग, के आर कोली, सचिव, सुनील जैन महासचिव एवं सीडब्लूए के अन्य सदस्यों ने नगरनिगम आयुक्त अपराजिता, कुलभूषण गोयल, महापौर और अधीक्षण अभियंता नगरनिगम से आग्रह किया कि परियोजना पर काम शुरू किया जाना चाहिए, अन्यथा ढांचों को तुरंत हटाया जाना चाहिए।

## न्यूज ब्रीफ

### अस्पताल में चोरी का प्रयास विफल

**जीरकपुर (अप्रस)।** शहर के दशमेश अस्पताल में बीती रात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। इस मौके पर अस्पताल स्टाफ की नजर पड़ जाने से चोरी का प्रयास विफल हो गया, लेकिन फिर भी चोरों ने तीसरी मंजिल पर लगे दो एसी से कम्प्रेसर व कॉपर पाइप काटकर नीचे खाली प्लाट में फेंक दिए। इससे अस्पताल मालिक को काफी नुकसान हुआ है। मामले की जानकारी देते हुए दशमेश अस्पताल के मालिक डॉ. बरजिंदर गुप्ता ने बताया कि बीती रात 3 बजे उन्हें अस्पताल स्टाफ का फोन आया कि अज्ञात चोर तीसरी मंजिल से एसी का कम्प्रेसर व कॉपर पाइप चोरी करने का प्रयास कर रहे हैं। वे मौके पर पहुंचे तो देखा कि अज्ञात चोरों ने तीसरी मंजिल पर लगे दो एसी से कम्प्रेसर व कॉपर पाइप काटकर पास के खाली प्लाट में फेंक दिए हैं। जब वे अस्पताल स्टाफ के साथ खाली प्लाट पर पहुंचे तो सामान उठाने का प्रयास कर रहे चोर उन्हें देखकर अपना सामान छोड़कर भाग गए। उन्होंने चोरों को पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वे अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। उन्होंने इस चोरी की शिकायत जीरकपुर थाने में दर्ज कराई है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद ले रही है।



### पुलिस ने की संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग



**जीरकपुर (अप्रस)।** क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस चौकी बलटाना के प्रभारी गुरप्रीत सिंह द्वारा बीती रात बलटाना की मेंन मार्केट में नाकेबंदी करके संदिग्ध व्यक्तियों तथा वाहनों की चेकिंग की गई। चौकी प्रभारी के अनुसार इस चेकिंग के दौरान कोई भी गलत वास्तु नहीं मिली है लेकिन नियमों का उल्लंघन करने वाले पांच वाहनों के ऑनलाइन चालान किए गए उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को नियमों का उल्लंघन नहीं करने दिया जाएगा, शरारती तत्वों पर खास नजर रखी जाएगी और हुल्लड़ बाजी करने वाले व्यक्तियों के साथ सख्ती से पेश आया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र निवासियों से अपील की कहीं पर कोई भी अगर किसी किस्म के कानून की वंदना करता है उसकी तुरंत जानकारी बताना पुलिस चौकी में दी जाए ताकि शरारती लोगों की नकेल कसी जा सके। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से लोग चंडीगढ़ में ट्रैफिक नियमों की पालना करते हैं उसी तरीके से क्षेत्र निवासियों को भी ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। उन्होंने रेहड़ी फड़ी लगाने वालों को भी सड़क के किनारे रेहड़ीयां न लगाने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नगर परिषद की टीम की मदद के साथ रेहड़ी फड़ी वालों को यहां से हटाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस निरंतर रात के समय नागरिकों की सुरक्षा के लिए पेट्रोलिंग कर रही है।

### डेढ़ किलो अफीम के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**जीरकपुर ( अप्रस)।** पुलिस ने नाकेबंदी दौरान पीआर 7 रोड से एक नेपाली व्यक्ति को डेढ़ किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ 18/61/85 एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है, ताकि पकड़े गए आरोपी से सप्लाई चेन का पता लगाया जा सके। पकड़े गए आरोपी की पहचान धान बहादुर निवासी गांव चुलाकोट जिला जुमला नेपाल के रूप में हुई है। मामले के सबंध में जानकारी देते हुए जांच अधिकारी नरिंदर कुमार ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ मैकडी चौक के नजदीक नाकेबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इस दौरान दिल्ली से आ रही बस में से उतरकर एक व्यक्ति रास्ता बदलकर पैदल पीआर 7 रोड की तरफ जा रहा था। जिसे शक के आधार पर पुलिस ने रोककर चैक किया तो उसके पास से डेड़ किलो अफीम बरामद हुई। जिसके आधार पर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## अतिरिक्त मुख्य सचिव ने प्रदेश में लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर सभी जिला उपायुक्तों को दिए दिशा निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

अवैध अल्ट्रासाउंड, एबॉर्शन, एमटीपी किट बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी को और बढ़ाए व सख्त कारवाई करने के निर्देश

**पंचकूला।** स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधीर राजपाल ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश में लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर सभी जिला उपयुक्तों से बातचीत की। उन्होंने जिलों में एमटीपी किट की बिक्री व लिंगानुपात की जांच को रोकने के लिए दिशा निर्देश दिए। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि जिले में लिंग अनुपात के लिए सभी को मिलकर गंभीरता से काम करने की जरूरत है। अवैध अल्ट्रासाउंड, एबॉर्शन, एमटीपी किट बेचने वालों के खिलाफ छापेमारी को और बढ़ाए व सख्त कारवाई करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि पंचकूला जिला प्रदेश में अप्रैल-2025 की रिपोर्ट के अनुसार सेक्स रेशों में दूसरे नंबर पर है, जिला में लिंगानुपात 1000-966 है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की टीम को और मेहनत कर जिले को प्रदेश का नंबर वन जिला बनाने की अपील की। सिविल सर्जन डॉक्टर मुक्ता कुमार को स्लम बस्तियों, भट्ठों में जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए और सही तरीके से गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण के भी निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि जिले में एमटीपी किट की बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने के लिए छापेमारी को बढाने व दवाइयों की दुकानों की भी मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने जिन गांवों में सेक्स रेशों कम है, उन पर विशेष रूप से फोक्स करने व आशा वर्कर व आंगनवाड़ी वर्करों के माध्यम से सहेली नियुक्त करके मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

## बैटरी चोर क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में, चोरी के 8 मामले, 25 हजार की नकदी बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला जिले को अपराध मुक्त बनाने तथा विशेष रूप से चोरी व स्नैचिंग जैसी वारदातों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के उद्देश्य से एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज के नेतृत्व में सभी चारों क्राइम ब्रांच टीमें सक्रिय रूप से अपराधियों की धरपकड़ में जुटी हुई हैं। अब क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 इन्चार्ज इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने टीम की मदद से एक शातिर चोर को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी पुनित कुमार उर्फ विक्की उर्फ पेप्सी रविंद्र एन्क्लेव फेस-1 बलटाना, जिला मोहाली, पंजाब का रहने वाला है। इन दिनों वह श्याम नगर बलटाना में किराए पर रह रहा था।

आरोपी के खिलाफ वर्ष 2019 से अब तक चोरी के कुल आठ मामले दर्ज हैं, जिनमें पंचकूला के विभिन्न थानों में पांच और चंडीगढ़ में तीन मामले शामिल हैं। इनमें चार मामले ई-रिक्शा की बैटरियों की चोरी से संबंधित हैं, जबकि एक मामला इनवर्टर बैटरी की चोरी का है।

**पुलिस टीमें सक्रियः** एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने जानकारी दी कि जिले में चोरी और स्नैचिंग जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी क्राइम ब्रांच टीमें व थाना चौकियों की टीमें सक्रिय रूप से काम कर रही हैं। शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाए गए पुलिस नाकों पर संदिग्ध गतिविधियों और वाहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

### इस मामले में क्राइम ब्रांच ने शुरू की थी तफ्तीश

सेक्टर-16 चौकी में अमर कुमार निवासी इंदिरा कॉलोनी, सेक्टर-17 द्वारा दर्ज की गई शिकायत के आधार पर यह मामला सामने आया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 1 जुलाई 2024 को उसने अपनी ई-रिक्शा को अपने भाई की दुकान के बाहर खड़ा किया था। अगले दिन बैटरी गायब मिली, जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। क्राइम ब्रांच को गुप्त सूचना मिली कि उक्त घटनाओं को अंजाम देने वाला आरोपी श्याम नगर बलटाना क्षेत्र में देखा गया है। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पंचकूला क्षेत्र से अब तक कुल 12 बैटरियां चोरी की हैं, जिन्हें वह राह चलते कबाड़ियों को सस्ते दामों में बेच देता था। आरोपी पहले मोटर मैकेनिक का काम करता था, लेकिन नशे की लत के कारण वह अपराध की दुनिया में चला गया।

### आरोपी से बरामद हुई 25 हजार की नकदी

पुलिस ने आरोपी से 25,000 रुपए की नगदी बरामद की है, जो चोरी की वारदातों से प्राप्त की गई थी। आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान पुलिस आरोपी से चोरी की शेष राशि की बरामदगी और चोरी के अन्य संभावित मामलों की जानकारी जुटाने का प्रयास करेगी। पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी के ठिकानो पर रेड करेगी ताकि अन्य जानकारी भी जुटाई जा सके।

## शहीद भगत सिंह जागृति मंच ने टॉपर सृष्टि को किया सम्मानित



**पंचकूला (अप्रस)।** शहीद भगत सिंह जागृति मंच पंचकूला की ओर से सेक्टर 25 निवासी सृष्टि शर्मा को सीबीएसई की परीक्षा में 100 प्रतिशत अंक लेकर पंचकूला व देश का नाम रोशन करने पर उनके घर जाकर पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। मंच के अध्यक्ष जगदीश भगत सिंह ने बताया कि भविष्य में 27 सितंबर 2025 को शहीद भगत सिंह की 119वीं जयंती पर होने वाले भव्य कार्यक्रम में सृष्टि शर्मा को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित भी किया गया है। मंच प्रतिनिधि मंडल ने सृष्टि शर्मा के पिता राजीव शर्मा एवं माता को भी शानदार सफलता की बधाई दी तथा अपनी बेटी को समर्थ एवं सशक्त बनाने हेतु उनकी प्रशंसा की।

## कहां से मिलता है रंगीन लिफाफे वाले पेड़ का बीज?

जीरकपुर गांव में खाली प्लाटों में लगे हैं प्लास्टिक के कूड़े के ढेर, नगर परिषद द्वारा नहीं दिया जा रहा कोई ध्यान

अर्थ प्रकाश /संदीप सिंह बावा



**जीरकपुर ।** जीरकपुर शहर में जहां पर भी कोई खाली प्लॉट नजर आता है तो उसमें प्लास्टिक कचरे के ढेर अक्सर ही देखने को मिल जाते हैं ऐसा ही एक खाली प्लाट जीरकपुर में लक्की ढाबे के पीछे बिजली विभाग के दफ्तर के नजदीक देखने को मिला है जहां पर 3 से 4 फीट तक कूड़ा भरा हुआ है और उसमें एक पेड़ उगा हुआ है जिसके ऊपर कई प्रकार के रंग-बिरंगे प्लास्टिक के लिफाफे लटके हुए हैं। दूर से एक बार तो देखने में ऐसा लगता है कि यहां पर यह पेड़ के ऊपर रंग-बिरंगे फल लगे हुए हैं लेकिन जब नजदीक जाकर इस पेड़ की फोटो की गई तो सारा कुछ बदल गया। इतना बड़ा लिफाफे का ढेर और पेड़ के ऊपर लटकते हुए प्लास्टिक के लिफाफे नगर परिषद के दावों की पोल खोल रहे हैं जिसमें नगर परिषद द्वारा शहर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के दावे किए जा रहे हैं।

यह खाली प्लाट किसी व्यक्ति का निजी प्लाट है पहले भी इस प्लाट की सफाई करवाई गई थी अब भी इस प्लाट के मालिक को चार दिवारी करने तथा इस प्लाट की सफाई करने के लिए कहा गया है।

**रंजीत सिंह सेनेटरी इंस्पेक्टर नगर परिषद जीरकपुर।**

## कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी पर प्रोफेसर को महिला आयोग की फटकार, जांच में किया शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** 'ऑपरेशन सिंदूर' का हिस्सा रहीं कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह पर आज पूरे देश को गर्व है। अपनी दोनों बेटियों पर देश नाज कर रहा है। लेकिन सोनीपत की एक यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर एक ऐसा बयान दे डाला है कि जिसके बाद बवाल मचा हुआ है। हर तरफ इस बयान को लेकर विरोध हो रहा है। यह बयान बेहद शर्मनाक और घटिया है। यह बयान यहां दोहराने लायक नहीं है।

इस अभद्र बयान की आंच हरियाणा राज्य महिला आयोग तक पहुंची है। आयोग ने प्रोफेसर के इस बयान का स्वतः संज्ञान लिया है और प्रोफेसर को फटकार लगाते हुए जांच में शामिल होने के लिए 14 मई को तलब कर लिया। आयोग की चेयरमैन रेणु भाटिया ने इस बयान की कड़ी निंदा की और कहा कि, यह बयान बेहद ही अपमानजनक और घटिया है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर अली द्वारा की गई टिप्पणी के बाद आयोग ने उन्हें जांच में शामिल होने के लिए कहा है। उन्हें बताया कि भारत सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका को देश के सामने किया। जिसके बाद देश की महिलाओं, बेटियों और मांओं में उत्साह देखने को मिला। दोनों ही महिला अधिकारी देश का गौरव हैं। मगर सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली ने दोनों जांबाज अफसरों पर टिप्पणी कर ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। जो बर्दाश्त करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर का दोहरा चरित्र सामने आया है जिससे अनुमान लगाया जा सकता है वे अपने देश के नागरिकों को कैसे अपशब्द कह सकते हैं।

# महिलाएं सुरक्षित रहे इसलिए 9 बस रुटों व 58 चिन्हित हॉटस्पाट्स पर पंचकूला पुलिस का निरंतर पहरा

ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, हेल्पलाइन सेवाएं और विशेष ऐप्स से सशक्त हो रहीं महिलाएं

महिला सुरक्षा प्राथमिकता, पंचकूला पुलिस लगातार महिलाओं को कर रही जागरुक

अर्थ प्रकाश आदित्य शर्मा



**पंचकूला।** महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पंचकूला पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में कई योजनाएं और तकनीकी सेवाएं सक्रिय रूप से महिलाओं को जागरुकता अभियानों के माध्यम से बताई जा रही है। इन पहलों में 'ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम', 24 घंटे और सात दिन हेल्पलाइन नंबर, मोबाइल ऐप्स और फिजिकल पेट्रोलिंग जैसी सेवाएं शामिल हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित और जागरूक बनाना है।

पुलिस द्वारा छात्राओं और महिलाओं को ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम की जानकारी दी जा रही है, जिसके तहत वे अपनी यात्रा का विवरण नाम, मोबाइल नंबर, गंतव्य और यात्रा समय पुलिस के साथ साझा कर सकती हैं। यात्रा के दौरान या किसी खतरे की स्थिति में महिलाएं 112 नंबर या व्हाट्सएप के माध्यम से पुलिस से तत्काल संपर्क कर सकती हैं। पुलिस यात्रा के दौरान सतत निगरानी रखती है और गंतव्य पर सुरक्षित पहुंचने की पुष्टि करती है।

इसके अतिरिक्त, पंचकूला पुलिस ने महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 58 हॉटस्पॉट चिन्हित किए हैं, जहां महिलाओं की उपस्थिति अधिक रहती है। इन स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। साथ ही, 9 प्रमुख बस रूट्स भी चिन्हित किए गए हैं जिनसे महिलाएं अधिकतर यात्रा करती हैं। इन रूट्स पर महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जो न केवल यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रही हैं, बल्कि उन्हें ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और अन्य सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक भी कर रही हैं।

महिला हेल्पलाइन नंबर 1091 लगातार 24 घंटे सक्रिय है, जो घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, स्टॉकिंग जैसी आपातकालीन स्थितियों में त्वरित सहायता प्रदान करता है। महिलाएं अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए इस पर कॉल कर न केवल सहायता प्राप्त कर सकती हैं, बल्कि कानूनी सलाह भी ले सकती हैं।

हरियाणा पुलिस द्वारा जारी 'दुर्गा शक्ति' मोबाइल ऐप भी महिला सुरक्षा के लिए एक सशक्त माध्यम बन रहा है। इस ऐप में पैनिक बटन की सुविधा है, जिसे दबाते ही महिला की लोकेशन सीधे पुलिस को मिल जाती है और तुरंत सहायता पहुंचाई जाती है। वहीं, साइबर अपराधों से निपटने के लिए महिला साइबर हेल्पलाइन 1930 उपलब्ध है, जहाँ महिलाएं ऑनलाइन उत्पीड़न, धमकी या अश्लील सामग्री की शिकायत दर्ज करा सकती हैं।



पंचकूला पुलिस के लिए महिला सुरक्षा केवल एक दायित्व नहीं, बल्कि एक समर्पण है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं न केवल सुरक्षित महसूस करें, बल्कि वे किसी भी आपात स्थिति में तुरंत और भरोसेमंद सहायता प्राप्त कर सकें। ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम, दुर्गा शक्ति ऐप, महिला हेल्पलाइन 1091 और साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसी सेवाएं इसी दिशा में एक ठोस कदम हैं। हमने 58 हॉटस्पॉट्स और 9 प्रमुख बस रूट्स को चिन्हित किया है जहां महिला पुलिसकर्मी विशेष निगरानी और जागरूकता का कार्य कर रही हैं। हमारा फोकस सिर्फ सुरक्षा प्रदान करना नहीं है, बल्कि महिलाओं में आत्मविश्वास और स्वतंत्रता की भावना को भी बढ़ावा देना है।

**हिमाद्रि कौशिक, डीसीपी, पंचकूला**

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर धर्म, न्याय व राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप : योगी

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी पुण्यश्लोक अहिल्या बाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी स्मृति अभियान के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी। राजधानी लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में बुधवार को आयोजित अभियान की कार्यशाला में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह तथा अभियान की राष्ट्रीय सहसंयोजक श्रीमती कविता पाटीदार ने प्रशिक्षण दिया। प्रदेश महामंत्री एवं अभियान के प्रदेश संयोजक संजय राय ने संचालन किया तथा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व अभियान की सहसंयोजक श्रीमती गीता शाक्य ने लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर के प्रेरक जीवन की चर्चा की। कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, क्षेत्रीय प्रभारी, जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, अभियान के जिला संयोजक, जिला मीडिया प्रभारी, जिला सोशल मीडिया संयोजक सम्मिलित रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर को धर्म, न्याय और राष्ट्रधर्म का सजीव स्वरूप बताते हुए कहा कि वे भारतीय सनातन संस्कृति की पुनर्स्थापना की अग्रदूत थीं। उन्होंने विदेशी आक्रांताओं के कालखंड में जिस साहस, भक्ति और समर्पण से काशी से लेकर रामेश्वरम् तक तीर्थस्थलों का पुनरुद्धार कराया, वह भारतीय इतिहास का अद्वितीय अध्याय है। श्री योगी ने कहा कि अहिल्याबाई ने 'धर्मो रक्षति रक्षितः' के वैदिक उद्घोष को न केवल जिया, बल्कि उसे मूर्त रूप भी दिया। जब देश विदेशी आक्रांताओं से त्रस्त था, मंदिर विध्वंस किए जा रहे थे, तब अहिल्याबाई ने बिना भय के, बिना किसी राजनीतिक समर्थन के, उत्तर से दक्षिण और पूर्व से पश्चिम तक सनातन धर्म की पुनर्स्थापना का विराट कार्य अपने हाथों में लिया था, आज हमें उनके जीवन से सद्प्रेरणा लेकर देश और सनातन संस्कृति के गौरव की पुनर्स्थापना के लिए पूरे मनोयोग से समर्पित हो जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने स्वयं घोषणा की थी 'मेरा पथ धर्म का पथ है, धर्म का पथ ही न्याय का पथ है और न्याय का पथ ही हमें सर्वशक्तिमान और समर्थ बनाने में सहायक हो सकता है। उनके इस उद्घोष ने ही उनके शासन



और जीवन के कार्यों को दिशा दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें आज जो भव्य काशी विश्वनाथ मंदिर दिखता है, वह उसी मंदिर का स्वरूप है जिसे अहिल्याबाई होल्कर ने 1777 से 1780 के बीच अपने निजी संसाधनों से बनवाया था। उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर का निर्माण हुआ, तो स्वयं प्रधानमंत्री ने 13 दिसंबर 2021 को इसे अहिल्याबाई होल्कर के कार्य का ही विस्तारित रूप बताया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई केवल काशी तक सीमित नहीं रहीं। उन्होंने केदारनाथ धाम, रामेश्वरम, सोमनाथ, हरिद्वार, महिष्मति और देश के अनेक तीर्थस्थलों के जीर्णोद्धार का कार्य किया। उन्होंने नदियों के घाटों, कुओं और बावड़ियों का निर्माण करवाया ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा मिले और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता बनी रहे।

श्री योगी ने लोकमाता अहिल्याबाई को भारतीय नारीशक्ति की प्रतीक बताते हुए कहा कि उन्होंने न केवल राजनैतिक प्रशासन को धर्म-संगत और प्रजा-हितकारी बनाया, बल्कि सामाजिक न्याय और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किए। उनकी प्रशासनिक दूरदृष्टि और साधु-संतों के प्रति श्रद्धा के साथ सेवा-भाव आज भी प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने बताया कि किस तरह लोकमाता अहिल्याबाई ने अपनी प्रशासनिक क्षमता और दूरदर्शिता से माहिष्मति में साड़ी उद्योग को बढ़ावा देकर महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने विधवा पुनर्विवाह को प्रोत्साहित और बाल विवाह पर रोक लगा कर नारी सशक्तिकरण की दिशा में अनुकरणीय कार्य किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें महारानी अहिल्याबाई के जीवन से प्रेरणा लेकर भारत के प्राचीन गौरव और सनातन संस्कृति के उत्कर्ष में संपूर्ण मनोयोग से समर्पित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह सरदार वल्लभभाई पटेल ने स्वतंत्र भारत में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण से एक सांस्कृतिक चेतना का सूत्रपात किया, उसी भावधारा की आधारशिला सैकड़ों वर्ष पहले लोकमाता अहिल्याबाई ने रखी थी। उन्होंने आदि शंकराचार्य की परंपरा को भी स्मरण करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक एकता चारों कोनों में स्थापित पीठों के माध्यम से आज भी कायम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक अवसर है कि जब हम उनके योगदान को स्मरण कर रहे हैं, उसी समय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काशी, अयोध्या, उज्जैन और अब मां विंध्यवासिनी धाम में भी भव्य परियोजनाएं आकार ले रही हैं।

योगी सरकार ने खोला खजाना

# गर्भवती महिलाओं व बच्चों को मिलेगा पोषण का सुरक्षा कवच

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। योगी सरकार ने कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को और मजबूत करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों के लाभार्थियों के लिए अनुपूरक पुष्टाहार की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 51.89 करोड़ रुपये की अतिरिक्त धनराशि को मंजूरी दी है। यह फैसला नैफेड के माध्यम से पुष्टाहार सामग्री की बढ़ती लागत को देखते हुए लिया गया है। इसके साथ ही, योगी सरकार ने ÷अनुपूरक पुष्टाहार योजना हेतु टॉप-अप व्यवस्था÷ नाम की एक नवोन्मेषी पहल शुरू की है, जो लागत में वृद्धि के बावजूद पोषण आपूर्ति को निर्बाध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। योगी सरकरा का यह कदम न केवल बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देता है, बल्कि ग्रामीण सशक्तीकरण और सामाजिक-आर्थिक विकास को भी गति देने में महत्वपूर्ण है।

समन्वित बाल विकास योजना के तहत उत्तर प्रदेश में 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों, गर्भवती और धात्री महिलाओं तथा 14 से 18 वर्ष की किशोरियों को पौष्टिक आहार और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाती हैं। यह योजना कुपोषण और स्वास्थ्य समस्याओं से निपटने के लिए चलाई जा रही है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां ये चुनौतियां गंभीर हैं। प्रदेश के लाखों आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से फोर्टिफाइड गेहूं दलिया, चना दाल, मसूर दाल और खाद्य तेल जैसी पौष्टिक सामग्री लाभार्थियों तक पहुंचाई जाती है। केंद्र और राज्य सरकार इस योजना में 50-50 प्रतिशत की हिस्सेदारी करती हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पोषण का लाभ हर जरूरतमंद तक पहुंचे।

नैफेड के माध्यम से पुष्टाहार सामग्री की आपूर्ति उत्तर प्रदेश में एक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में शुरू की गई थी, क्योंकि स्थानीय स्तर पर पुष्टाहार उत्पादन इकाइयों (टीएचआर यूनिट) की स्थापना में समय लग रहा है। हालांकि, चना दाल, मसूर दाल, और अन्य सामग्रियों की बाजार कीमतों में उतार-चढ़ाव के कारण नैफेड की आपूर्ति लागत में वृद्धि हुई है। भारत सरकार द्वारा निर्धारित लागत मानकों (कॉस्ट नॉर्म्स 2017) की तुलना में यह लागत अधिक होने से अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता पड़ी।

इस चुनौती से निपटने के लिए योगी सरकार ने'अनुपूरक पुष्टाहार योजना हेतु टॉप-अप व्यवस्था' शुरू की है। इस व्यवस्था के तहत, यदि नैफेड द्वारा आपूर्ति की गई सामग्री की लागत निर्धारित मानकों से अधिक होती है, तो राज्य सरकार उस अतिरिक्त लागत को वहन करेगी। इस नवाचार के तहत, वित्तीय वर्ष 2024-25 के तीसरे तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2024) के लिए 25.92 करोड़ रुपये और चौथे तिमाही (जनवरी-मार्च 2025) के लिए 25.97 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। कुल 51.89 करोड़ रुपये की यह राशि टॉप-अप के रूप में प्रदान की गई है, ताकि पुष्टाहार की आपूर्ति में कोई रुकावट न आए।

इसके अतिरिक्त, सरकार ने भविष्य में भी नैफेड की बढ़ी हुई दरों को समायोजित करने के लिए टॉप-अप व्यवस्था के तहत धनराशि प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है। यह व्यवस्था सुनिश्चित करती है कि बाजार कीमतों में उतार-चढ़ाव का बोझ लाभार्थियों पर न पड़े और पोषण आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे। अनुपूरक पुष्टाहार की निरंतरता के लिए भविष्य में नैफेड दवारा उपलब्ध कराई जाने वाली चना दाल के अनुपलब्धता की स्थिति में चना दाल के स्थान पर किसी भी अन्य सामग्री का विकल्प व आपूर्ति किए जाने वाली सामग्री निर्धारित कास्ट नार्म से अधिक होने की स्थिति में मुख्यमंत्री का इसका निर्णय लेंगे।

# भजनलाल ने प्रतिभावान बेटियों से किया संवाद

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से उदयपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रतिभावान बालिकाओं ने मुलाकात की।

मुख्यमंत्री कार्यालय में श्री शर्मा ने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करने वाली बेटियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियां हमारा गर्व और अभिमान है। हमारी सरकार प्रदेश की प्रत्येक बालिका के शैक्षिक विकास, सामाजिक सशक्तीकरण, आर्थिक स्वावलंबन एवं सर्वांगीण उन्नति के लिए प्रतिबद्ध है। राज्य सरकार बेटियों की प्रतिभा को



तलाशने और तराशने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। बेटियों को आगे बढ़ने के पूरे अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। इस अवसर पर उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा भी मौजूद थे। श्री मीणा ने मुख्यमंत्री से अपने ग्रामीण अंचल की प्रतिभावान बेटियों का परिचय कराते हुए उनका हौसला ब?ाया। उन्होंने बताया कि अपनी विषम परिस्थितियों में भी अंचल की बेटियों ने दृढ़ इच्छाशक्ति से परीक्षाओं में सफलता हासिल की है।

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान

# शैक्षणिक क्रांति की ओर छत्तीसगढ़ का निर्णायक कदम

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार

रायपुर। छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में शासकीय विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार हेतु एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में ''मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान' शुरू करने को मंजूरी दी गई, जो छत्तीसगढ़ में शिक्षा की संरचना और परिणामों को एक नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा जीवन निर्माण की प्रक्रिया है। हमारी सरकार का संकल्प है कि राज्य के हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण और समग्र शिक्षा मिले, चाहे वह किसी भी कोने में क्यों न रहता हो। उन्होंने इसे भविष्य निर्माण की नींव बताया और कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारना राज्य का सर्वोच्च प्राथमिकता वाला कार्य है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य भर के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए बहुआयामी



रणनीतियाँ लागू की जाएंगी। स्कूल शिक्षा विभाग शीघ्र ही विस्तृत दिशा-निर्देश जारी करेगा, जिनमें विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की स्पष्ट रूपरेखा दी जाएगी।

विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान की प्रमुख विशेषता है। इसके अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, शिक्षण प्रक्रिया, विद्यार्थियों की उपलब्धियाँ, आधारभूत सुविधाएँ और शिक्षक उपस्थिति जैसे संकेतकों के आधार पर ग्रेडिंग की जाएगी। यह पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल होगी। जो विद्यालय अपेक्षित गुणवत्ता तक नहीं पहुँच पा रहे हैं, उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाएगी। यह कार्य न केवल शिक्षा विभाग द्वारा, बल्कि अन्य विभागों के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से किया जाएगा, जिससे सामुदायिक निगरानी को बल मिलेगा।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक ओर जहाँ कमजोर विद्यालयों को चिन्हित किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर मॉडल विद्यालयों का चयन कर भी किया जाएगा। कमजोर विद्यालयों के शिक्षकों को इन मॉडल स्कूलों का शैक्षणिक भ्रमण कराया जाएगा, ताकि वे श्रेष्ठ शैक्षणिक व्यवहार और व्यवस्थाओं से प्रेरणा ले सकें।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पालक-शिक्षक सहभागिता मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का एक महत्वपूर्ण पहलू है। पालक-शिक्षक बैठकों (पीटीएम) को एक औपचारिकता नहीं, बल्कि संवाद और सहभागिता का माध्यम बनाया जाएगा। इससे शिक्षकों और अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा और बच्चों की प्रगति पर संयुक्त रूप से कार्य हो सकेगा।

इस अभियान के तहत कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार पर विशेष फोकस रहेगा। शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा कि वे आधुनिक शिक्षण विधियों, टेक्नोलॉजी के उपयोग और छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण को अपनाएँ, जिससे सीखने की प्रक्रिया आनंददायक और प्रभावी हो।

मुख्यमंत्री श्री साय ने यह भी कहा कि यह अभियान केवल शिक्षा विभाग का नहीं बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। छत्तीसगढ़ सरकार का यह कदम शिक्षा को केवल पहुंच का विषय नहीं, बल्कि गुणवत्ता का विषय भी बनाता है। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान न केवल प्रदेश के लाखों विद्यार्थियों का भविष्य उज्जवल बनाएगा, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करेगा।

# प्रायवेट को पीछे छोड़ेंगे सरकारी स्कूल : मुख्यमंत्री यादव

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सांदीपनी विद्यालय प्रदेश में शिक्षा के आदर्श केंद्र बनकर उभर रहे हैं। इनसे शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा मिलेगी।

डॉ. यादव मंगलवार को जबलपुर के बरगी हिल्स में सांदीपनी विद्यालय के भूमि-पूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि भगवान गोपाल कृष्ण की शिक्षा उज्जैन के सांदीपनी गुरुकुल में हुई थी। सांदीपनि मुनि गुरु परंपरा के आदर्श उदाहरण हैं, जिन्होंने अपने बेटे की परवाह किए बगैर भगवान श्रीकृष्ण सहित अनेकों विद्यार्थियों को शिक्षा-दीक्षा दीं। तत्कालीन समय में सांदिपनि के पुत्र को यम जाति के आक्रांताओं ने बंदी बना रखा था और बाद में श्रीकृष्ण ने गुरु भाई को छुड़ाकर सांदीपनि मुनि को लौटाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार शासकीय स्कूलों (सांदीपनी विद्यालय) में प्रायवेट की तर्ज पर खेल-कूद और



सांस्कृतिक गतिविधियां संचालित होंगी। सरकारी स्कूल भी प्रायवेट को पीछे छोड़ेंगे। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं की मेरिट में आए 70 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों से पढ़ाई करने वाले रहे हैं। राज्य सरकार सभी विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं दे रही है।

सांदीपनी विद्यालय का निर्माण 27 करोड़ 84 लाख की लागत से 11 एकड़ क्षेत्र में किया जाएगा। सर्व सुविधायुक्त विद्यालय में 1960 विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करेंगे। समारोह में सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक संतोष बरकड़े और श्री रत्नेश सोनकर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित थे।

# पंचकूला की श्रेया गुप्ता ने रचा इतिहास, सीबीएसई 12वीं में ट्राई सिटी में मारी बाजी



महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन करेगा सम्मानित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ सेक्टर 7 स्थित केबी डीएवी स्कूल की छात्रा श्रेया गुप्ता ने सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा में ट्राई सिटी में टॉप किया है। श्रेया ने कॉमर्स स्ट्रीम में 99.4 प्रतिशत नंबर हासिल किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर ट्राई सिटी वासियों और अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। श्रेया की सफलता पर महाराजा अग्रसेन सेवा संगठन ने उन्हें सम्मानित करने का फैसला किया है। संगठन के चेयरमैन सतबीर गर्ग ने कहा कि यह बहुत अच्छी बात है कि आज अग्रवाल समाज की बेटियां आगे आ रही हैं और ये ही बेटियां भविष्य में समाज एवं देश का नाम रोशन करेंगी। श्रेया पंचकूला के सेक्टर 9 में रहती हैं और उनके पिता देवराज गर्ग और माता रेनू हैं, एवं सतबीर गर्ग की पोती है। परिजनों ने श्रेया गर्ग को मिठाई खिलाकर , अपनी खुशी जग जाहिर की ।

श्रेया ने सीबीएसई बोर्ड 10वीं कक्षा में भी 99.2 प्रतिशत नंबर हासिल कर टॉप किया था। उनकी इस उपलब्धि से उनके परिवार और समाज को गर्व है।

श्रेया की सफलता से यह साबित होता है कि कड़ी मेहनत और समर्पण से कुछ भी हासिल किया जा सकता है। उनकी इस उपलब्धि से अन्य छात्रों को भी प्रेरणा मिलेगी और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित होंगे। श्रेया की सफलता पर ट्राई सिटी के लोगों ने उन्हें बधाई दी। लोगों का कहना है कि श्रेया की सफलता से शहर का नाम रोशन हुआ है और वह एक प्रेरणा का स्रोत हैं। श्रेया की सफलता पर अग्रवाल समाज में खुशी की लहर है। लोगों का कहना है कि श्रेया की सफलता से अग्रवाल समाज का नाम रोशन हुआ है और वह एक आदर्श हैं।

# कांग्रेसी अपना दोहरा राजनीतिक चरित्र दिखाना बंद करे : प्रतुल शाह देव

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। झारखंड में भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने कांग्रेस पर बड़ा हमला करते हुए कहा कि जब पूरा राष्ट्र प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने सेना के साथ खड़ा है तो उसमें भी कांग्रेस दोहरी राजनीति कर रही है।

श्री प्रतुल ने कहा एक तरफ राहुल गांधी देश के साथ और सरकार के हर कदम के साथ चलने का दंभ भर रहे हैं। तो वहीं दूसरी ओर कांग्रेस नेता जयराम रमेश ,पवन खेड़ा ,सुप्रिया श्रीनेत लगातार मोदी सरकार की मंशा और भारतीय सैन्य क्षमता पर प्रश्न करते हुए देश का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि फिलहाल जो ऑपरेशन ब्रेक हुआ है उसमें किसी दूसरे राष्ट्र की मध्यस्थता नहीं है।लेकिन फिर भी कांग्रेस का एक बड़ा तबका बार-बार भारत को वैश्विक स्तर पर बदनाम करने की कोशिश कर रहा है।प्रतुल ने कहा कि कांग्रेस के नेता स्वर्गीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को याद कर रहे हैं कि उन्होंने 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा कर दिया था। प्रतुल ने कहा ये नेता इस बात को भूल जाते हैं कि 1972 के शिमला समझौते के तहत बांग्लादेश में 93000 आत्मसमर्पण किए पाकिस्तानी सैनिकों को श्रीमती गांधी ने बिना शर्त पाकिस्तान को लौटा दिया था। जबकि ये एक्सचेंज के बदौलत पाकिस्तान ऑक्यूपाइड कश्मीर को वापस लेने का एक उपयुक्त समय था। श्री प्रतुल ने कहा देश इंदिरा गांधी जी को इमरजेंसी और 42 वे संशोधन के जरिए संविधान को बदलने की कोशिश और न्यायपालिका पर कुठाराघात के लिए भी याद रखा है।

# गाड़ी के शीशे तोड़कर चोरी की वारदातो को अंजाम देने वाले आरोपी गिरफ्तार, चोरी की 8 वारदातो का खुलासा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक।** पुलिस की टीम ने गाडी के शीशे तोडकर चोरी की वारदातो को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। आरोपी से चोरी की 08 वारदातो का खुलासा हुआ है। आरोपी को पेश अदालत किया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय रवि खुंडिया ने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुये बताया कि विजय नगर रोहतक निवासी मोहित की शिकायत के आधार पर थाना सिविल लाइन मे अभियोग अंकित कर जांच शुरु की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि 07 मार्च को मानसरोवर पार्क के पास अपनी गाडी खडी कर अपनी डयूटी पर चला गया। वापिस आने पर मोहित को गाडी का ड्राइवर सीट की तरफ से शीशा टूटा हुआ मिला और गाड़ी



मे रखा पर्स नहीं मिला। पर्स मे करीब 5 हजार रुपये व अन्य निजी कागजात मौजूद थे। पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र बिजारणिया के दिशा निर्देशो अनुसार मामले की जांच प्रभारी एवीटी स्टाफ उप.नि. अश्वनी कुमार के नेतृतव मे मुख्य सिपाही सुरेन्द्र द्वारा अमल मे लाई गई। दौरान जांच 13 मई को आरोपी जीत पुत्र रणबीर निवासी दुर्गा कॉलोनी, रोहतक को मॉडल टाउन रोहतक से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है। आरोपी के खिलाफ 4 आपराधिक मामले दर्ज है। आरोपी सन् 2020 से वारदातो को अंजाम दे रहा है। आरोपी नशा करने का आदि है। नशे की पूर्ति करने के लिये आरोपी चोरी की वारदातो को अंजाम देता है। दौराने जांच आरोपी से थाना सिविल लाइन की चोरी की 07 वारदातो का खुलासा हुआ है। 1. आरोपी ने 17 मई 2024 को वी केयर अस्पताल, विकास नगर रोहतक मे गाडी का शीशा तोडकर गाडी से रुपये व अन्य सामान चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। जिस संदर्भ मे आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन मे अभियोग संख्या 116/2024 अंकित है। 2. आरोपी ने 19 जुलाई 2024 वी केयर अस्पताल के नजदीक मे गाडी का शीशा तोडकर गाडी से रुपये व अन्य निजी कागजात चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। जिस संदर्भ मे आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन मे अभियोग संख्या 182/2024 अंकित है। 3. आरोपी ने दिनांक 27 फरवरी 2025 को मानसरोवर पार्क के पास खडी गाडी का शीशा तोडकर गाडी से दो लैपटॉप, मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया। जिस संदर्भ मे आरोपी के खिलाफ थाना सिविल लाइन मे अभियोग संख्या 34/2025 अंकित है। 4. आरोपी ने 05 अप्रैल 2025 को ईश्वर आई अस्पताल के नजदीक गाडी से रुपये व अन्य निजी कागजात चोरी करने की वारदात को अंजाम दिया।

# मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का किया आयोजन

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**देहरादून।** मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में बुधवार को शौर्य स्थल चीड़बाग से गांधी पार्क तक भव्य 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा हाल ही में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा सफलतापूर्वक चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की ऐतिहासिक विजय को समर्पित रही। हजारों की संख्या में आमजन, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति ने तिरंगे के साथ पद यात्रा में भाग लिया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शौर्य स्थल पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि भी दी।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर ऑपरेशन सिंदूर में भाग लेने वाले




वीर सैनिकों, वायु सेना, नौसेना और सभी सुरक्षा बलों को नमन करते हुए कहा कि भारत ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि वह आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में पूरी तरह सक्षम है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने न केवल अपने वीर सपूतों की बहादुरी का प्रदर्शन किया, बल्कि आतंकवाद और उसके समर्थकों को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि नया भारत अब हर आतंकी कार्रवाई का जवाब उसी की भाषा में देगा। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत किसी भी आतंकी चुनौती का मुँहतोड़ जवाब देने में सक्षम है और अब देश की सीमाओं की रक्षा अत्याधुनिक स्वदेशी तकनीक से की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड वीर भूमि है, जहाँ का लगभग हर परिवार देशसेवा से जुड़ा है। उन्होंने प्रदेश के युवाओं से आह्वान किया कि वे सेना और सुरक्षा बलों के अनुशासन, शौर्य और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा लेकर आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक विजय के उपलक्ष्य में 'तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा' को प्रत्येक वर्ष मनाए जाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, राज्यसभा सांसद और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, बृज भूषण गैरोला, भरत चौधरी, मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, पूर्व राज्यसभा सांसद तरुण विजय, भाजपा के प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, दर्जाधारी रजनी रावत, डॉ. देवेंद्र भसीन, श्याम अग्रवाल मौजूद थे।

# रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में दर्ज किया शानदार प्रदर्शन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में शुमार रिलायंस निप्पॉन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (आरएनएलआईसी) ने 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी ने प्रमुख प्रदर्शन मापदंडों में स्थिरता और उत्कृष्टता का परिचय दिया, साथ ही ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण और परिचालन दक्षता को और मजबूत किया। वित्तीय वर्ष 2024-25 में, आरएनएलआईसी ने 247 करोड़ रुपये का कर पूर्व लाभ (पीबीटी) हासिल किया, जो पिछले वर्ष (2023-24 में 198 करोड़ रुपये) की तुलना में 25त्न की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। कंपनी की प्रबंधनाधीन परिसंपत्तियां (AUM) 38,725 करोड़ रुपये तक पहुंची, जो साल-दर-साल 9त्न की वृद्धि को प्रदर्शित करती है। नया व्यवसाय प्रीमियम (NBP) 1,245 करोड़ रुपये तक बढ़ा, और कुल प्रीमियम 5,711 करोड़ रुपये रहा, जो व्यवसाय की सतत प्रगति को रेखांकित करता है।

# गुरुवार को भगवान श्री हरी विष्णु की पूजा करने से इच्छित फल की होती है प्राप्ति

बृहस्पतिवार के दिन श्री हरी विष्णु की पूजा की जाती है। माना जाता है इस दिन श्रद्धापूर्वक श्री हरी का व्रत और पूजन करने से इच्छित फल की प्राप्ति होती है। इसके अलावा जल्द शादी करने की इच्छा रखे वालो के लिए भी ये व्रत बहतु लाभदायक होता है। अग्निपुराणानुसार अनुराधा नक्षत्र युक्त गुरुवार से प्रारंभ करके सात गुरुवार तक नियमित रूप से व्रत करने से बृहस्पति ग्रह की पीड़ा से मुक्ति मिलती है।

इसके अलावा घर में सुख शांति और श्री विष्णु भगवान् का आशीर्वाद भी मिलता है। लेकिन केवल पूजन करने और व्रत रखने से सम्पूर्ण फल नहीं मिलते। पूर्ण फल के लिये बृहस्पति देव की विधि और भाव से पूजा करना भी आवश्यक है। व्रती की सुविधा के लिये हम श्री बृहस्पति देव की पूजा और उद्यापन विधि क्रम से बता रहे है आशा है आप इससे लाभान्वित होंगे।

गुरुवार के दिन भगवान विष्णु जी एवं बृहस्पति देव दोनों की पूजा होती है जिससे घर में सुख समृद्धि बनी रहती है, कुवारी लडकियां इस व्रत को इसलिए करती हैं जिससे की उनके विवाह में आने वाली रुकावटें दूर हो जाएगी। ऐसा कहा जाता है की



अगर आप 1 वर्ष में गुरुवार का व्रत करते हैं तो आपके घर में कभी भी पैसे रुपयों की कमी नही होती और आपका पर्स कभी खली नही होता। आपको एक वर्ष में 16 गुरुवार व्रत करने चाहिए। 16 गुरुवार व्रत करने से आपको मनोवांछित फल मिलते हैं और व्रत पूरे करके 17वें गुरुवार को उद्यापन करना चाहिए।

पूष या पौष के महीने को छोड़कर जो कि दिसम्बर या जनवरी में आता है को छोड़कर आप इस व्रत को किसी भी माह के शुक्लपक्ष के प्रथम गुरुवार से शुरू कर सकते हैं। शुक्ल पक्ष बहुत ही शुभ समय होता है किसी भी नए कार्य को शुरू करने का। अग्नि पुराण के अनुसार गुरुवार का व्रत अनुराधा नक्षत्र युक्त गुरुवार से आरंभ करके लगातार सात या 16 गुरुवार करना चाहिए।

**व्रत करने की विधि**

इस व्रत की विधि के लिए आपको बहुत ही कम सामग्री चाहिए होगी जैसे की चने की दाल, गुड़, हल्दी, थोड़े से केले, एक उपला हवन करने के लिए और भगवान विष्णु की फोटो और अगर केले का पेड़ हो तो बहोत ही अच्छा है।

व्रत वाले दिन सुबह उठकर स्नान आदि कार्यो से निवृत्त होकर सबसे पहले आप भगवान के आगे बैठ जाइये, और भगवान को साफ करने के पश्चात चावल एवं पीले फूल लेकर 16 गुरुवार व्रत करने का संकल्प करिए।

एवं भगवान विष्णु जी को छोटा पीला वस्त्र अर्पण करिए और अगर केले के पेड़ के सामने पूजा कर रहें हैं तो भी छोटा पीला कपड़ा चढ़ाइए।

आज कल लोगों के घर छोटे होते हैं तो आम तौर पर उनके घरों में केले का पेड़ नहीं होता इसलिए आप अपने घर के मंदिर में ही व्रत की विधि कर सकते हैं।

एक लोटे में जल रख लीजिये उसमे थोड़ी हल्दी डालकर विष्णु भगवान जी या केले के पेड़ की जड़ को स्नान कराइए।

अब उसी लोटे में गुड़ एवं चने की दाल डाल के रख लीजिये और अगर आप केले के पेड़ की पूजा कर रहें हैं तो उसी पे चढ़ा दीजिये।

तिलक करिए भगवन का हल्दी या चन्दन से, पीला चावल जरुर चढ़ाएं, घी का दीपक जलाये, कथा पढ़िए।

कथा के बाद उपले पे हवन करिए, गाय के उपले को गर्म करके उसपे घी डालिए और जैसे ही अग्नि प्रज्वलित हो जाये उसमे हवन सामग्री के साथ गुड़ एवं चने की भी आहुति देनी होती है, 5, 7 या 11 ऊँ गुं गुरुवे नमः मन्त्र के साथ, हवन के बाद आरती कर लीजिये। और अंत में क्षमा प्रार्थना करिए, पूजा पूरी होने के बाद आपके लोटे में जो पानी है उसे अपने घर के आस पास के केले के पेड़ पे चढ़ा दीजिये।

इस बात का ध्यान अवश्य रखें कि इस दिन आप केले के पेड़ की पूजा करते हैं इसलिए गलती से भी केला न खाएं आप इसे केवल पूजा में चढ़ा सकते हैं एवं प्रसाद में बाट सकते हैं, अगर कोई गाय मिले तो उसे चने की दाल और गुड़ जरुर खिलाएं इससे बहोत पुण्य मिलता है।

पुरुष यह व्रत लगातार 16 गुरुवार कर सकते हैं परन्तु महिलाओं या लड़कियों को यह व्रत तभी करना चाहिए जब वो पूजा कर सकती हैं, मुश्किल दिनों में यह व्रत नही करना चाहिए।

भैरा बांकीपुर में विधायक के नेतृत्व में फौजियों की याद में महिलाओं ने निकाली सिंदूर यात्रा

# हिंद की सेना के हर फौजी की शहादत अविस्मरणीय देश सदैव रहेगा उनका ऋणी: कृष्णा गहलावत



अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**राई।** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत के नेतृत्व में भारतीय सेना को सलामी देते देते हुए सांयकाल के समय गांव भैंरा बांकीपुर में फौजियों की याद में सिंदूर यात्रा निकाली गई। नेतृत्वकर्ती विधायक कृष्णा गहलावत ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि हिंद की सेना के हर फौजी की शहादत अविस्मरणीय है। देश सदैव शहीदों का ऋ्रणी रहेगा।पूरा गांव सिंदूर यात्रा के रंग में रंग गया। चहुंओर देश के नायकों के लिए अपार श्रद्धा व सम्मान का सागर उमड़ता दिखाई दिया। हर कोई यात्रा में शामिल होकर देश के वीर शहीदों को नमन करने को उत्सुक नजर आये। महिलाओं द्वारा आयोजित विशेष सिंदूर यात्रा में महिलाओं में देशभक्ति का जज्बा उल्लेखनीय रहा।

हर आयु वर्ग की महिलाएं सिंदूर यात्रा में शामिल हुई, जिन्होंने सेना के फौजियों की सलामती के लिए आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी। हाथों में तिरंगा लेकर महिलाएं आगे बढ़ी तो पुरूष भी सिंदूर यात्रा को नमन करने लगे।सिंदूर यात्रा का नेतृत्व कर रही विधायक कृष्णा गहलावत ने शहीद हुए फौजियों को नमन करते हुए कहा कि हमारे शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंक को संरक्षण देने वाले मुल्क को अच्छा सबक सिखाया है। अब दोबारा उसका साहस नहीं होगा कि वह कोई आतंकी हमला करे। भारतीय सेना को हर हमले का जवाब देने की खुली छूट दी गई है। हमारी सेना विश्व की सर्वश्रेष्ठ सेना है, जिसका हर जवान देश के लिए मर-मिटने को तैयार रहता है। इस अवसर पर सुनीता लोहचब, अंजलि बजाज, सारिका कालड़ा, किरण, सरपंच कमलेश, अनीता चौहान, सुमन देवी, पूनम देवी, ललीता, रूबी, पुष्पा, अलका, करीना, जयराम सरपंच, मंडल अध्यक्ष इंद्र चौहान, योगेश जठेड़ी, छोटू, अमित दहिया, और अमित आदि शामिल रहे।

## हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष करेंगी अशोका यूनिवर्सिटी का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती रेनू भाटिया 15 मई को सोनीपत स्थित राजीव गांधी एजुकेशन सिटी में स्थित अशोका यूनिवर्सिटी का निरीक्षण करेंगी। यह निरीक्षण प्रातः 11 बजे निर्धारित है। निरीक्षण के दौरान वे विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगी तथा उन्हें आधुनिकता, सामाजिक मूल्यों और महिला सशक्तिकरण के प्रति सजग एवं जागरूक रहने का संदेश देंगी।इसके उपरांत महिला आयोग की अध्यक्ष दोपहर 3 बजे राई विश्रामगृह में प्रेस वार्ता को संबोधित करेंगी, जिसमें वे महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा तथा आयोग की गतिविधियों से संबंधित विषयों पर संवाद करेंगी।

## मुरथल व किशोर की मतदाता सूचियों का किया अंतिम प्रकाशन: जितेन्द्र कुमार

**सोनीपत।** जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग हरियाणा द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार मुरथल खण्ड की ग्राम पंचायत मुरथल व किशोरा की मतदाता सूचियों का विधानसभा अनुसार प्रकाशित मतदाता सूचियों के अनुसार मिलान करके 13 मई को हरियाणा पंचायती राज एक्ट 1994 के नियम 8(3)ए के तहत अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है।

## रुपए व मोबाईल फोन छीनने के तीन आरोपी गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। जिले के थाना सिविल लाइन सोनीपत की पुलिस टीम नें मारपीट कर रूपये व मोबाईल फोन छीनने की घटना में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया हैद्य गिरफ्तार आरोपी अमित पुत्र दीवान, दीपक उर्फ नान्हा पुत्र राजेन्द्र व राजकुमार उर्फ पॉपी पुत्र जयनारायण तीनों निवासी धानक बस्ती, सोनीपत के रहने वाले हैद्य

इस प्रकरण की विस्तृत जानकारी देते हुए बतलाया कि 13 मई को भुपेन्द्र पुत्र नन्हेलाल निवासी उत्तर प्रदेश हाल किरायेदार मुरथल सोनीपत ने थाना सिविल लाइन सोनीपत में शिकायत दी कि 12 मई को शाम तकरीबन 08.30 बजे मै सोनीपत शहर में अपने भाई से मिलने आया था मुरथल अडडा शहर सोनीपत के पास मै आटो के इन्तजार में था तो कुछ लड़के आकर मुझे बातो में उलझाने लगे और फिर बातो ही बातो में एकान्त गली में ले गए और मेरा मोबाईल और मेरी जेब मे रखे 550 रूपये छीन लिए और मै शोर मचाने लगा तो मेरे साथ मारपीट करने लगे जब मै भागने लगा तो मेरा रास्ता रोक कर मुझे थप्पड़ मारे और मेरा फोन व पैसे लेकर गलियों में भाग गए। इस घटना का भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत थाना सिविल लाइन सोनीपत में अभियोग दर्ज किया गया। थाना सिविल लाइन सोनीपत की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक शिवमुनि ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त तीन आरोपियों अमित पुत्र दीवान, दीपक उर्फ नान्हा पुत्र राजेन्द्र व राजकुमार उर्फ पॉपी पुत्र जयनारायण निवासी धानक बस्ती, सोनीपत को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से छीना गया मोबाईल फोन व 500 रूपये भी बरामद कर लिए गये हैद्य गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत जेल भेज दिया गया है।

## फ्यूचर जेनेराली ने 'हैल्थ अनलिमिटेड' लॉन्च किया एक स्वास्थ्य बीमा जो असीमित लाभ प्रदान करता है

लुधियाना। भारत के शहरों में रहने वाले बहुत से लोगों के लिए स्वास्थ्य बीमा कराना खुद को वित्तीय रूप से सुरक्षित करने का एक समाधान है, लेकिन अस्पताल में भर्ती व इलाज की बढ़ती लागत के मद्देजर यह सवाल उठता है कि हमारा स्वास्थ्य बीमा कवर पर्याप्त है या नहीं। यह बढ़ती चिंता इस पहलू पर प्रकाश डालती है कि हमें कॉम्प्रिहेंसिव हैल्थकेयर समाधानों की कितनी आवश्यकता है। फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस द्वारा किए गए ऐक्सक्लूसिव सर्वे - हैल्थ अनलिमिटेड में पता लगा है कि हर दस में से आठ से अधिक लोग तय नहीं कर पा रहे हैं कि उनका स्वास्थ्य बीमा कवर पर्याप्त है या नहीं। यह सर्वेक्षण हाल ही में 25 से अधिक उम्र के 800 लोगों पर किया गया जिन्होंने हैल्थ इंश्योरेंस ले रखा था और इसमें उन लोगों की वर्तमान स्वास्थ्य बीमा कवरेज की पर्याप्तता के बारे में बढ़ती चिंताओं का पता चला।

2021 में एशिया में सबसे ज्यादा मेडिकल इन्फ्लेशन भारत में था- लगभग 14 प्रतिशत। जबकि उस साल अन्य एशियाई देशों में यह आंकड़ा इस प्रकार था- चीनः 12 प्रतिशत, इंडोनेशियाः 10 प्रतिशत, वियतनामः 10 प्रतिशत और फिलीपींसः 9 प्रतिशत। हैल्थ अनलिमिटेड के लॉन्च पर फ्यूचर जेनेराली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ अनुप राऊ ने कहा, ''चिकित्सा उपचार की ब?ती लागत भारत में बहुत से लोगों के लिए चिंता का कारण है, और यह चिंता स्वास्थ्य बीमा कराने के बावजूद है। हम अपने ग्राहकों के लाइफटाइम पार्टनर के तौर पर यह प्रयास करते हैं।

## अगर फूलों के मार्ग पर चलेंगे तो महक प्राप्त होगी

गुरुमुख गाय की तरह होता है और मनमुख सांप की तरह। जैसे गाय को हम घास डालते हैं। कई बार घास मिल जाती है, कई दफा हरी घास नहीं भी मिलती है। सूखी घास उसको दे दी जाती है। तब भी गाय हमें दूध ही देती हे। देसरी तरफ सांप को कटोरे में डालकर हम दू भी दे दें, तब भी हम जानते हैं कि उसके पा तो विष है। वह तो दूध पी के भी डंक ही लगाता है, क्योंकि उसके पास जो है, वही उसने देना है।

गुरुमुख महापुरुषों को हमेशा दूसरों की सहायता करने वाला ही माना जाता है। वे दूसरे का बोझ बांटने वाले माने जाते हैं। उनके सहारे अनेकों-अनेकों का भी पार उतारा हो जाता है। जैसे कील बहुत तीखी होती है। उसको हम किसी लकड़ी में गाड़ देते हैं, तो वह सुराख कर देती है। नुकसान कर देती है। अगर उसको पानी में फेंका जाए तो वह पानी में डूब जाएगी और बच नहीं पाएगी। लेकिन उसी पानी में अगर एक लकड़ी का शहतीर तैर रहा हे, उसके उपर अगर उस कील को रख दिया जाता हे ता उस शहतीर के साहरे उस कील का पार उतारा भी हो जाता है। इसी प्रकार महात्माओं के सहारे से मनमुख भी तर जाते हैं। माया के इस अंधकार में आज इन्सान का पहचानना ही मुश्किल हो गया है कि भक्त कौन सा



सद्गुरू माता सुदीक्षा जी महाराज

है और शैतान कौन सा है? ज्ञानी कौन सा हे, अज्ञानी कौन सा है? लेकिन जब उसका कर्म या व्यवहार हमारी आंखों के सामने आता है, हमारे लिए उनके कर्म ही मार्गदर्शक हो जाते हैं। पहचान का साधन बन जाते हैं।

सन्तों महापुरुषों ने हमेशा इन्सान को सुमति प्रदान की है, ऐसा विवेक प्रदान किया है कि इन्सान सोच-समझ सके कि कांटों के रास्ते पर चलने से तो चुभन ही महसूस होगी दुख ही महसूस होगा और अगर फूलों के मार्ग पर चलेंगे तो महक प्राप्त होगी, आनन्द ही प्राप्त होगा। संसार कांटों को उठाकर बिखेर भी रहा है, जिससे कोई वहां से गुजरे तोउनको वे कांटे कष्ट दं। लेकिन महापुरुष सन्त कांटे बिखेरते नहीं, बल्कि कांटे समेटने का काम करते हैं। उनको यह विधि प्राप्त होती है, उनके पास एक ऐसा रहस्य होता है।

जिससे वे सबको सुख देते हैं। इस सच के साथ नाता जोड़ने से इसको हर पल, हर हाल में समर्पित होने से, ऐसाएक साधन ये गुरुमुख महापुरुष बता दिया करते हैं।

कि वही सबके लिए सुख का साधन बन जाता है। वरना ये संसार का पसारा, माया का पसारा तो कदम-कदम पर है, लेकिन इस निराकार परमात्मा क साथ नाता जोड़कर उसकी अहमियत महापुरुष खुद भी समझता है तथा औरों को भी समझाकर सुखी कर देता है। जैसे बिच्छु डंक मारना नहीं छोड़ता और सन्त उसे बचाने का परोपकार नहीं छोड़ते। इसी तरह गुरुमुख अपना परमार्थ का मार्ग नहीं छोड़ते, भल ही मनमुख उन्हें नुकसान पहुंचाने की कोशिश करते रहें।

महापुरुष कहते हैं कि हे इन्सान, पशु, पक्षी भी अपना कार्य नहीं छोड़ते, लेकिन तू ही अपने कार्य को छोड़ देता है, तू ही हमेशा भटका है। इसलिए किसी वेद, किसी शास्त्र, किसी ग्रन्थ, किसी महापुरुष की रचना में किसी परिन्दे को सम्बोधित करके नहीं कहा गया कि घोडे, तू घोड़ा बन जा, पशु तू पशू बन जा। नहीं। वे उन योनियों वाले होकर भी कार्य करते जा रहे हैं। जब भी कहा गया इन्सान को ही कहा गया है कि हे इन्सान! तू इन्सान बन जा। क्योंकि यह अपने मार्ग पर रहता ही नहीं। इसलिए कहना पड़ता है कि तू इन्सान बन जा।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 15 मई, 2025, सूर्योदयः 05:30 ए एम, सूर्यास्तः 07:05 पी एम, चन्द्रोदयः 09:47 पी एम, चन्द्रास्तः 06:58 ए एम, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः वैशाख, पूर्णिमान्त महीनाः ज्येष्ठ, वारः गुरुवार, पक्षः कृष्ण पक्ष, तिथिः तृतीया - 04:02 ए एम, मई 16 तक, नक्षत्रः ज्येष्ठा - 02:07 पी एम तक, योगः शिव - 07:02 ए एम तक, करणः वणिज - 03:18 पी एम तक, द्वितीय करणः विष्टि - 04:02 ए एम, मई 16 तक, सूर्य राशिः वृषभ, चन्द्र राशिः वृश्चिक - 02:07 पी एम तक, राहुकालः 01:59 पी एम से 03:41 पी एम, गुलिक कालः 08:54 ए एम से 10:36 ए एम, यमगण्डः 05:30 ए एम से 07:12 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:50 ए एम से 12:45 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:02 ए एम से 10:56 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:28 पी एम से 04:22 पी एम, वर्ज्यः 10:47 पी एम से 12:31 ए एम, मई 16

## भविष्य फल



**मेषः** आज किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होगी। उनके साथ कहीं बाहर घूमने का प्लान भी बना सकते है।

**वृषः** आज का दिन भाग-दौड़ वाला हो सकता है। आप अपने साथियों को फायदा पहुंचाने और उनको प्रभावित करने के अवसरों का पूर्ण लाभ उठा पाएंगे।

**मिथुनः** दोस्तों और भाइयों से सहयोग मिलेगा। अचानक कोई खास काम आपको करना पड़ सकता है। आज ऐसे ही काम शुरू करें जो जल्दी पूरे हो जाएं।

**कर्कः** काम के हिसाब से यह दिन आपके लिए अच्छा होगा। आप अपने कार्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सक्षम होंगे।

**सिंहः** आज परिवार वालों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताने का मौका मिलेगा। राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को समाज में अच्छी छवी बनाकर रखने की जरूरत हैं।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए मिश्रित परिणाम लेकर आया है। आप अपने कार्यस्थल पर नई कठिनाइयों का सामना कर सकते हैं।

**तुलाः** आपका ध्यान परिवार और पैसे पर होगा। हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करें।

**वृश्चिकः** आज आपके प्रेम संबंधों में एक नई शुरुआत होने के योग बन रहे हैं। आपका अनुभव आपको दूसरों से अलग बनाएगा।

**धनुः** आपको अपनी छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलेगा। आपकी क्रिएटिविटी की तारीफ हर जगह होगी।

**मकरः** आप अपना काम करते हुए आत्मविश्वास से भरे रहेंगे। नौकरीपेशा को कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**कुंभः** कोई खुशखबरी मिल सकती है। अधूरे और रुके हुए काम निपटाने के लिए दिन ठीक है। रोजमर्रा के कामकाज से फायदा हो सकता है।

**मीनः** आज व्यापार में आप लोगों को विशाल मुनाफा मिलने की संभावना है। हर समस्या का समाधान आपको साफ दिखने लगेगा।

जिला में लिंगानुपात में सुधार को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, कहा-

# भ्रूण लिंग जांच व भ्रूण हत्या करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। डीसी डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन भ्रूण हत्या रोकने के लिए सजग एवं सतर्क है। भ्रूण लिंग जांच व भ्रूण हत्या करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में लिंगानुपात सुधार के लिए सभी अधिकारी नैतिकता के आधार पर अपने दायित्व का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि भ्रूण हत्या जैसे जघन्य अपराध में शामिल होने वालों की सूचना प्रशासन तक पहुंचाए। डीसी ने कहा कि सोनीपत जिला के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में पूरी मॉनिटरिंग करें और लिंग जांच करने वालों पर नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि लिंगानुपात सुधार में प्रशासन का सहयोग करते हुए सार्थक कदम बढ़ाने वालों को प्रोत्साहित किया जाएगा।

उन्होंने जिला के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में जिन गांवों में बेटा-बेटी में लिंगानुपात अंतर अधिक है, जहां महिला एवं बाल विकास विभाग,



स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग की ओर से संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया जाए। साथ ही महिला एवं बाल विकास, शिक्षा विभाग व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी यह भी ध्यान रखें कि उक्त कम लिंगानुपात वाले गांवों में गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन करते हुए हर स्तर पर उनके स्वास्थ्य का आंकलन करें। डीसी ने ग्राम पंचायतों को कम लिंगानुपात में सुधार लाने के लिए अपनी जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की कुंडली व दिल्ली बॉर्डर के साथ लगते गांवों में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में लिंगानुपात काम होगा वहां जांच की जाएगी।

### अवैध खनन पर कड़ी निगरानी, वसूला जुर्माना: उपायुक्त

उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और इस दिशा में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि खनन एवं भू-विज्ञान विभाग, सोनीपत की टीम द्वारा 13 मई को विभिन्न स्थानों पर खनिज से भरे वाहनों की जांच की गई।इस दौरान एक अवैध खनिज परिवहन मामले में पकड़े गए वाहन, जोकि जेएमएस ट्रांसपोर्ट कंपनी (स्वामी विकास, निवासी सोनीपत) से संबंधित था, से 4 लाख 34 हजार रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई। जुर्माना अदा किए जाने के उपरांत ही वाहन को छोड़ा गया।उपायुक्त ने बताया कि यमुना नदी के आस-पास के क्षेत्रों में दिन-रात चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है ताकि अवैध खनन पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि अवैध खनिज गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में कानून के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## जिला के सबसे कम लिंगानुपात वाले गांवों में किए जाएंगे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित: प्रवीण कुमारी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

**सोनीपत।** महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला परियोजना अधिकारी प्रवीण कुमारी ने बताया कि जिला के जिन गांव का लिंगानुपात सबसे कम है उन गांवों में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत लिंगानुपात बढ़ाने को लेकर जागरूकता कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह जागरूकता कैंप 15 मई को गांव माजरी स्थित सामान्य चौपाल, 16 मई को गांव बुलंद गढ़ी स्थित प्राथमिक स्कूल, 19 मई को गांव ग्यासपुर स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र में, 20 मई को गांव किडौली स्थित एससी चौपाल तथा 21 मई को गांव आनंदपुर स्थित प्राथमिक स्कूल झरोठ में जागरूकता कैंप आयोजित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि इन जागरूकता कैंपों में संबंधित चिकित्सा अधिकारी, स्कूल प्राचार्य, सीडीपीओ, सुपरवाईजर, ग्राम सचिव, सरपंच, सभी पंच, एएनएम, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी वर्कर आदि संबंधित अधिकारी व कर्मचारी व गांव की गर्भवती महिलाओं तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा भाग लिया जाएगा और लोगों को लिंगानुपात बढ़ाने में सहयोग करने तथा लिंग जांच करने वालों की सूचना देने के प्रति जागरूक किया जाएगा।

## अधिकारी-कर्मचारी जनसेवा की भावना से करें कार्य: डा. मनोज कुमार

उपायुक्त ने किया गन्नौर लघु सचिवालय, तहसील कार्यालय का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार

गन्नौर। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बुधवार को गन्नौर स्थित एसडीएम एवं तहसील कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और वहां उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे जनसेवा की भावना से, पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ समयबद्ध व प्रभावी ढंग से मिले, इसके लिए सभी कर्मचारी



सजग और उत्तरदायी रहें।निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने कार्यालय परिसरों में पेयजल व साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी कार्यालयों में स्वच्छ, व्यवस्थित और नागरिकों के लिए अनुकूल वातावरण बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

डॉ. मनोज कुमार ने तहसील कार्यालय में रिकॉर्ड रख-रखाव को सुव्यवस्थित रखने व ऑनलाइन सेवाओं को समय पर और सक्रिय रूप से प्रदान करने की हिदायत दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यालय में पड़े अनुपयोगी सामान को कंडम घोषित कर नीलाम किया जाए, ताकि स्थान की उपलब्धता बढ़े और साफ-सफाई में सुविधा रहे। इसके साथ ही उन्होंने फायर सेफ्टी उपकरणों की नियमित जांच के निर्देश भी दिए।

उपायुक्त ने यह भी कहा कि यदि किसी नागरिक को कार्यालय संबंधी कोई समस्या या शिकायत हो तो वह संबंधित विभागाध्यक्ष को तत्काल अवगत कराए, ताकि शीघ्र समाधान किया जा सके।




## झज्जर में ऑटोमोबाइल संयंत्र लगाएगा जर्मनी का उद्योग समूह

# मुख्यमंत्री के साथ बैठक में पेश की उद्योग विस्तार पर रिपोर्ट

**विश्व के 80 देशों में है पोपे+ पोथोफ की शाखाएं**

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 14 मई।** जर्मनी के पोपे + पोटहॉफ़ जीएमबीएच के समूह सीईओ श्री मार्कस केरखॉफ के नेतृत्व में एक जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और उन्हें झज्जर जिले में अपने ऑटोमोबाइल घटक विनिर्माण संयंत्र की प्रगति से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में पोपे + पोथोफ के बिक्री प्रमुख श्री थॉर्स्टन एलर्सिएक के साथ-साथ इस संयुक्त उद्यम में भारतीय भागीदार लालबाबा इंजीनियरिंग लिमिटेड के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

बैठक के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और सरकार से सक्रिय समर्थन का उल्लेख करते हुए हरियाणा में अपने निवेश के विस्तार में गहरी रुचि व्यक्त की। पोपे + पोटहॉफ़ कंपनी, जिसकी उपस्थिति 70-80 देशों में है, हरियाणा में एक नई अनुसंधान एवं विकास सुविधा की स्थापना की संभावना भी तलाश रही है। साथ ही, वैश्विक और घरेलू दोनों आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए राज्य से कुशल मैनपावर को नियोजित करने के लिए एक संरचित प्रणाली बनाने की योजना भी बना रही है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार विश्व स्तरीय कौशल विकास पहलों के माध्यम से अपने युवाओं को सशक्त बना रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश द्वारा अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को वैश्विक उद्योग मानकों के साथ सक्रिय रूप से जो?ा जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कार्यबल नवीनतम तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक विशेषज्ञता से लैस हो। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल से आग्रह करते हुए कहा कि हरियाणा के प्रतिभाशाली युवाओं की अपार क्षमता को पहचान कर उन्हें सार्थक रोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में कार्य करें । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्योगों और शैक्षणिक संस्थानों, खासकर तकनीकी संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी बनाने का पूरा समर्थन कर रही है और एक ऐसी प्रणाली बनाने में मदद कर रही है जो युवाओं को स्थानीय और वैश्विक नौकरी की जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित करे।

बैठक में जानकारी दी गई कि पोपे + पोटहॉफ जीएमबीएच, जर्मनी और लालबाबा के बीच सहयोग भारत की विनिर्माण क्षमताओं को मजबूत करने, आयात प्रतिस्थापन को बढ़ावा देने और प्रधानमंत्री की मेक इन इंडिया पहल के तहत आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने में एक ऐतिहासिक कदम है।

झज्जर में नई संयुक्त उद्यम सुविधा टिकाऊ, भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण के लिए एक साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक है। शून्य-निर्वहन संयंत्र के रूप में संकल्पित, यह सुविधा भारत के पर्यावरणीय लक्ष्यों के अनुरूप अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का 40 प्रतिशत सौर ऊर्जा से प्राप्त करेगी। संयंत्र ईंधन इंजेक्शन और एयरबैग ट्यूब जैसे उच्च परिशुद्धता घटकों के उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेगा - ऐसे उत्पाद जो वर्तमान में पूरी तरह से आयात किए जाते हैं। इन महत्वपूर्ण घटकों का स्थानीय स्तर पर उत्पादन न केवल हमारी राष्टीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करेगा बल्कि कुशल रोजगार के अवसरों को ब?ने के साथ-साथ आयात पर निर्भरता को काफी कम करेगा।

बैठक में विदेश सहयोग विभाग में मुख्यमंत्री के सलाहकार श्री पवन कुमार चौधरी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।



**चंडीगढ़।** सेक्टर 20 श्री चैतन्य गाड़ियां मठ मंदिर मे व्यापार मंडल के प्रधान संजीव चढ़ा व धर्मपत्नी माथा टेक महाराज जी से लिया आशीर्वाद मार्केट के खजांची ने उनके आने पर फूलों से स्वागत किया। **फोटो : अजय चौधरी**

## आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में गर्मियों की छुट्टियों में बच्चों को सिखाया जाएगा नैतिक ज्ञान

अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 14 मई।** डीसी प्रीति ने कहा कि आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में गर्मियों की छुट्टियों के दौरान बच्चों को नैतिक ज्ञान सिखाया जाए। बच्चों को रहने का, पहनने का सलीका सिखाने के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दें। बच्चों के सर्वांगीण विकास को लेकर विभाग के अधिकारी एक प्लान तैयार करें। सभी आंगनवाड़ी प्ले स्कूल में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। सभी सुपरवाईजर तथा आंगनवाड़ी वर्कर पूरी शिद्दत के साथ कार्य करें और बच्चों की नींव को मजबूत करें। डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे आंगनवाड़ी प्ले स्कूल के संदर्भ में बैठक लेकर समीक्षा कर रही थी।




## न्यूज़ ब्रीफ

### रास लीला उत्सव का आयोजन



**सफीदों (अप्रस/दीवान)।** श्री गीता मंदिर सभा के तत्वावधान में नगर के गीता मंदिर में रास लीला उत्सव के तीसरे दिन कलाकारों के द्वारा माखन चोरी लीला का चित्रण किया गया। उत्सव में स्वामी मुक्तानंद भिक्षु महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। रास लीला का निर्देशन श्रीधाम वृंदावन से आए कुंजबिहारी शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मयूर नृत्य व महारास विशेष दर्शनीय रहा। कलाकारों ने बताया कि ब्रज गोपियां अपने घरों में माखन मिश्री इस आस में रखती थीं कि श्री कृष्ण अपने सखाओं के साथ उनके घर पर आकर माखन-मिश्री चोरी करके ले जाएंगे और इस बहाने उनके दर्शन हो जाएंगे। श्री कृष्ण सदैव भक्तों की पुकार सुनते है। जिनके यहां पर 9 लाख गाय हो, आखिर उन्हे चोरी करने की क्या आवश्यकता है। लेकिन गोपियों की दर्शनों की पुकार सुनकर कन्हैया उन्हे माखन-मिश्री चोरी करने के बहाने उन्हे दर्शन देने के लिए जाते थे। तब गोपियां उनको पकड़ लेती थी। गोपियों नंद बाबा के घर जाकर यशोदा जी को उलाहना देती थी। उलाहना सुनकर नंद बाबा व यशोदा मैय्या विचलित हो जाते। उसके बाद श्री कृष्ण जी के लिए गणेश जी का अनुष्ठान करवाया जाता था। भगवान गणेश जी नैवेद्य को स्वयं खा जाते थे और सखाओं में बांट देते थे। यशोदा जब श्री कृष्ण जी को मारने दौड़ती तो गणेश जी यशोदा मां का हाथ पकड़ लेते थे। रास लीला में बताया गया कि श्री कृष्ण में सारी सृष्टि समाई हुई है।

### नगर में निकाली तिरंगा यात्रा



सफीदों (अप्रस/दीवान)। प्रसिद्ध हरियाणवीं कलाकार पदमश्री महावीर गुड्डू ने बुधवार को नगर के तिरंगा यात्रा निकाली। नगर के मिनी सचिवालय से यात्रा का शुभारंभ डीएसपी गौरव शर्मा ने किया। इस मौके पर पालिका चेयरपर्सन प्रतिनिधि संजय बिट्टा, युवा मोर्चा भाजपा जिला उपाध्यक्ष सक्षम भाटिया विशेष रूप से मौजूद रहे। यह यात्रा मिनी सचिख्वालय से प्रारंभ होकर नगर के पालिका कांपलेक्स, प्रमुख चौंक-चौराहों, बाजारों व मौहल्लों से होकर गुजरी। सभी स्थानों पर पदमश्री महावीर गुड्डू का जोरदार अभिनंदन किया गया। अपने संबोधन में पदमश्री महावीर गुड्डू ने कहा कि आतंकवादियों ने पहलगाम में मासूम लोगों की हत्या कर दी। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी कम है। उस हमले के जवाब में भारत सरकार ने पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक करके आतंक के अड्डों को नेस्तनाबूद कर दिया। उसके बाद भी भारत के जवानों ने अपने पराक्रम और शौर्य का लोहा मनवाया।

# वीर सैनिकों के सम्मान में जगमगाए देश भर के रेलवे स्टेशन

अर्थ प्रकाश संवाददाता





**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और पराक्रम के सम्मान में देश भर के रेलवे स्टेशन जगमगा उठे। भारतीय रेल ने वीर सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए यह अनूठा आयोजन किया। इस मौके पर कश्मीर से कन्याकुमारी और गुजरात से असम तक के रेलवे स्टेशनों पर राष्ट्रभक्ति का अलग जोश देखने को मिला। इस दौरान तिरंगे की रोशनी में नहाए रेलवे परिसर देशभक्ति के गीतों से गूंज उठे। वहीं स्टेशनों पर लगी स्क्रीनों पर राष्ट्रभक्ति से जुड़े विजुअल्स ने यात्रियों को राष्ट प्रेम की भावनाओं से भर दिया।

इस ऑपरेशन की सफलता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय रेल ने देश के विभिन्न हिस्सों में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया, जिसने देशवासियों के मन मस्तिष्क में राष्ट्रप्रेम और सेना के प्रति सम्मान की भावना को और मजबूत किया। इसके अलावा भारतीय रेल ने तिरंगा यात्रा के साथ तमाम स्थानों पर नुक्कड़ नाटक के जरिए भी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को जनमानस तक पहुंचाया।

भारतीय रेल की इस पहल ने ना केवल सेना के रणबांकुरों का अभिनंदन किया, बल्कि आम जनता को भी ऑपरेशन सिंदूर की गौरव गाथा से जोड़ा। यह आयोजन दर्शाता है कि देश का प्रत्येक नागरिक अपने वीर सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद न्याय की अखंड प्रतिज्ञा को पूरा करने के लिए शुरू हुआ ऑपरेशन सिंदूर भारतीय सेना की वह गौरव गाथा है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)